आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* शहीद दिवस
* गुहराज निषाद जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 66 | उज्जैन, सोमवार 23 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

बेंत के 12 प्रहार से तिलमिलाए बच्चे ने की पुलिस को शिकायत

# सामवेद के शिक्षक पर बालकों के संरक्षण अधिनियम के तहत एफआईआर

## चिंतामन थाना पुलिस ने बच्चों से जानकारी लेकर घटना की पुष्टि की, छात्र को फरियादी बनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चिंतामन रोड स्थित महिर्षि सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में सामवेद के शिक्षक दत्तदास शेवडे ने यहां रहने वाले बच्चे के साथ बेंत से मारपीट की थी। छात्र को बेंत से बार-बार पीटने का वीडियो शनिवार को सामने आया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। मामले में चिंतामन पुलिस ने छात्र की शिकायत पर शिक्षक शेवडे के खिलाफ बीएनएस एवं किशोर न्याय (बालकों के देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

शनिवार को वायरल वीडियो 15 मार्च की रात 10 बजकर 07 मिनट का सामने आया था। इसमें करीब 51 सेकंड के इस वीडियो में शिक्षक ने नाबालिग छात्र पर बेंत से 12 प्रहार किए दिखाए गए थे। इस दौरान छात्र बुरी तरह से तिलमिला कर मचल रहा था। वीडियो में एक कार्यालय कक्ष में बच्चे को पीटते हुए दिखाया गया है।



### कर्नाटक का है शिक्षक

वीडियो में कमरे में मौजूद कुछ अन्य वयस्क बिना हस्तक्षेप किए घटना को देखते हुए दिखाई देते हैं। संस्थान से जुड़े सूत्रों ने वीडियो में दिख रहे शिक्षक की पहचान सामवेद शिक्षक दत्तदास शेवड़े के रूप में की थी। संस्थान से संबंधितों के अनुसार शिक्षक शेवडे कर्नाटक के निवासी हैं और संस्थान के सचिव भी। करीब 3 वर्ष पूर्व वर्ष 2022 में ही इनकी नियुक्ति यहां हुई है।

### लगातार दूसरे दिन भी सचिव का नो रिप्लाय

महिर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान में हुए इतने बड़े घटनाक्रम के बावजूद उसके सचिव वीरूपाक्ष जद्दीपाल मीडिया से चर्चा को तैयार नहीं हैं। शनिवार को उनसे मोबाइल संपर्क के प्रयास नोरिप्लाय के कारण सार्थक नहीं हो सके थे। रविवार को भी रिपोर्ट के दाखिल होने के बाद देर शाम तक प्रतिष्ठान के आवासीय विद्यालय को लेकर उनकी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आ सकी।

- **सोते से उठाकर पीटा-** प्रतिष्ठान के सूत्रों के अनुसार नाबालिग छात्र घटना के पहले ही सोने चला गया था। इसकी जानकारी शिक्षक को होने के उपरांत भी बच्चे को नींद से उठाकर कार्यालय कक्ष में बुलाया गया और सबके सामने ही बेंत से बेरहमी से पीटा गया।
- **पुलिस ने पूछताछ की और प्रकरण दर्ज किया-** चिंतामण पुलिस स्टेशन के प्रभारी हेमराज यादव ने कहा कि वायरल वीडियो के मामले में नाबालिग बच्चे की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित शिक्षक पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115,296 के साथ ही बालकों के संरक्षण का किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 (82) में प्रकरण दर्ज किया गया है। बकौल श्री यादव हमने विद्यालय परिसर में जाकर वहां अन्य बच्चों से भी घटना की पुष्टि की है। बच्चों को किसी भी प्रकार के भय मुक्ती का हवाला दिया है। पुलिस ने बच्चों को अपने नंबर भी उपलब्ध करवाए हैं।

### ये कहती है अधिनियम की धारा 75 (82)

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 बच्चों के प्रति क्रूरता के लिए सजा का प्रावधान करती है। यदि कोई व्यक्ति, जिस पर बच्चे की देखरेख की जिम्मेदारी है, बच्चे को प्रताड़ित करता है, छोड़ देता है या उपेक्षा करता है, तो उसे 3 साल तक की कैद, 1 लाख तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

### धारा 75 के मुख्य विवरण

- **अपराध का दायरा:** बच्चे के साथ शारीरिक/मानसिक प्रताड़ना, परित्याग (छोड़ देना), दुर्व्यवहार या जानबूझकर उपेक्षा करना, जिससे बच्चे को मानसिक या शारीरिक कष्ट हो।
- **दोषी व्यक्ति:** कोई भी व्यक्ति जो बच्चे का वास्तविक भारसाधक या नियंत्रक है (जैसे माता-पिता, अभिभावक, शिक्षक, या देखभाल संस्थान के कर्मचारी)।
- **दंड:** सामान्य स्थिति: 3 वर्ष तक का कारावास या 1 लाख का जुर्माना।
- **गंभीर स्थिति (विकलांगता/बीमारी):** यदि क्रूरता के कारण बच्चा शारीरिक रूप से अक्षम या मानसिक रूप से बीमार हो जाता है, तो सजा 10 साल तक की कठोर कैद और 5 लाख तक का जुर्माना हो सकती है।
- **विशेष परिस्थिति (संस्थान):** यदि अपराध किसी बाल देखभाल संस्था के कर्मचारी द्वारा किया जाता है, तो 5 वर्ष तक की कैद और 5 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। किसी बाल देखभाल संस्था के प्रभारी या उसमें कार्यरत कोई भी व्यक्ति, जो किसी बच्चे को अनुशासन सिखाने के उद्देश्य से शारीरिक दंड देता है, प्रथम अपराध के लिए दस हजार रुपये के जुर्माने का दंडनीय होगा और प्रत्येक पश्चात अपराध के लिए तीन महीने तक के कारावास या जुर्माने या दोनों का दंडनीय होगा।

पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक युवाओं को मिलेगी

# क्लेट की फ्री कोचिंग, सौ सीटें हर शहर में होंगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के होनहार युवाओं के लिए कानून के क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा मौका है। राज्य सरकार की 'सरदार पटेल कोचिंग एवं प्रशिक्षण योजना 2021 (संशोधित 2025)' के तहत अब छात्रों को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए होने वाली कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लेट) की तैयारी फ्री कराई जाएगी।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। इस पूरी परियोजना के लिए सरकार ने 17.25 करोड़ रुपये का बजट रखा है। विभाग ने कोचिंग संस्थाओं से टेंडर बुलाए हैं।

### इंदौर-भोपाल सहित 4 शहरों में खुलेंगे सेंटर



### 1 अप्रैल तक टेंडर जमा होंगे

1 अप्रैल तक टेंडर जमा होंगे। वहीं 10 अप्रैल को टेक्निकल बिड ओपन की जाएगी। संस्थानों का चयन क्यूसीबीएस (क्वालिटी कॉस्ट बेस्ड सिलेक्शन) पद्धति से होगा। यानी जिस संस्थान की पढ़ाई की क्वालिटी और ट्रैक रिकॉर्ड बेहतर होगा, उसे प्राथमिकता मिलेगी। सरकार ने प्रदेश के चार बड़े संभाग मुख्यालयों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर को कोचिंग सेंटर के लिए चुना है। हर सेंटर पर सौ-सौ सीटें होंगी। चारों शहरों में कुल 400 सीटें होंगी। इनमें से पिछड़ा वर्ग के लिए 352 और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए 48 सीटें आरक्षित होंगी।

## गुना में टीआई सहित 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

प्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों द्वारा एक कार को रोका गया। जब उस कार की तलाशी ली गई तो कार से 1 करोड़ रुपए मिले, लेकिन इसके बावजूद विधिवत कार्रवाई न की गई। आरोप है कि चेकिंग के दौरान मौजूद पुलिसकर्मियों ने 20 लाख रुपए लेकर मामले को रफा दफा कर लिया। वहीं, इस मामले में गुजरात में पदस्थ एक पुलिस अधिकारी का फोन गुना एसपी अंकित सोनी को पहुंचा तो ली गई राशि को वापस लौटा दिया गया।

## जनसेवा मित्रों को हटाना युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय : जीतू पटवारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की मोहन सरकार द्वारा जनसेवा मित्रों को हटाने के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह फैसला केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है। पटवारी के मुताबिक प्रदेश में करीब 9390 जनसेवा मित्र वर्षों से प्रशिक्षित होकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे थे। ये युवा सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे थे।

### सीएम यंग इंटर्न योजना पर सवाल

जीतू पटवारी ने कहा कि एक ओर सरकार रोजगार देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर अनुभवी युवाओं को हटाकर सीएम यंग इंटर्न जैसी अस्थायी योजनाएं लाना नीयत और नीति दोनों पर सवाल खड़े करता है।

**युवाओं के भरोसे पर असर-** पटवारी ने कहा कि इस तरह के फैसले युवाओं के विश्वास को तोड़ते हैं और उनके भविष्य को असुरक्षित बनाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवाओं को स्थिर रोजगार, सम्मान और सुरक्षा की जरूरत है, न कि अस्थायी योजनाएं और बार-बार की अनिश्चितता।

सिलेंडर संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन, एजेंसी पर नारेबाजी

# महिलाओं को बांटे लकड़ी के चूल्हे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भोपाल में सिलेंडर संकट को लेकर कांग्रेस का विरोध तेज हो गया है। गैस एजेंसी के बाहर प्रदर्शन कर महिलाओं को चूल्हे बांटकर सरकार पर निशाना साधा गया। मनोज शुक्ला ने महंगाई, ईंधन संकट और जनसमस्याओं को लेकर केंद्र सरकार को घेरा।

राजधानी भोपाल में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत को लेकर सियासत गरमा गई है। गैस एजेंसियों पर लंबी कतारों और लोगों की परेशानी को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नरेला विधानसभा क्षेत्र



में भारत गैस एजेंसी के बाहर हुए इस विरोध में महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे भेंट कर सरकार पर तंज कसा गया। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए सरकार के दावों को गलत बताया और कहा कि आम जनता को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

# ईरान ने इजराइल पर 4 मिसाइलें दागीं

## 300 लोग घायल, ट्रम्प ने होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

ईरान ने इजराइल पर रविवार सुबह से 4 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इन हमलों में 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजराइली विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार, घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

इससे पहले ईरान ने शनिवार रात भी इजराइल के डिमोना और अराद शहरों पर हमला किया था।



यहां इजराइल का बड़ा न्यूक्लियर प्लांट है।

ईरान की ओर से यह हमले ट्रम्प की धमकी के बाद बढ़े हैं। दरअसल, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए लिखा- अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। शुरूआत सबसे बड़े प्लांट से होगी। वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचों पर हमला करेगा।

## सोनम वांगचुक 6 महीने बाद लेह पहुंचे, हजारों लोगों ने स्वागत किया

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक रविवार को 6 महीने बाद लेह पहुंचे। केंद्र ने 14 मार्च को वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट हटाया था। इसके बाद उन्हें जोधपुर जेल से रिहा किया गया था। लेह में उनके लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वांगचुक के सैकड़ों समर्थक पहुंचे। वांगचुक ने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा- जिस मकसद के लिए हम काम कर रहे हैं, उसके लिए एक नया सूरज उगेगा। हम उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वांगचुक ने कहा कि 170 दिनों के बाद इन पहाड़ों में आकर और लोगों से मिलकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

## प्रदेश में ई-बाइक-कार होगी महंगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पिछले पांच साल के लिए लागू की गई इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 के तहत वित्तीय प्रोत्साहन में कमर्शियल ईवी को टैक्स में वर्ष 2027 तक छूट रहेगी, लेकिन ई-बाइक और ई-कारों पर मिलने वाली छूट 27 मार्च को खत्म हो जाएगी। एमपी में लागू ईवी पालिसी में इलेक्ट्रिक दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों पर वाहन कर व पंजीयन शुल्क में एक वर्ष के लिए 100 प्रतिशत छूट दी गई थी।

गैस-तेल और ऊर्जा की स्थिति पर चर्चा की

# प्रधानमंत्री मोदी की पश्चिम एशिया के हालात पर हाई लेवल बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग के कारण पश्चिम एशिया में बने संघर्ष के हालात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। इसमें पेट्रोलियम, कच्चा तेल, गैस, बिजली और फर्टिलाइजर्स की स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदेश मंत्री एस जयशंकर, सिविल एविएशन मिनिस्टर राममोहन नायडू, रेल और आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव समेत अन्य सीनियर लीडर मौजूद रहे। आज ही अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लेकर एक कार्गो शिप मेंगलुरु पोर्ट पर पहुंचा। रूस से भी एक जहाज क्रूड लेकर भारत आया। पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंच चुके हैं।




## देश विदेश

### ईरानी दूतावास के अधिकारियों को दिए आदेश, तत्काल छोड़ दो देश

**रियाद।** अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान द्वारा खाड़ी देशों में की गई कार्रवाइयों से क्षेत्रीय समीकरण बिगड़ गए हैं। सऊदी अरब ने कड़ा रुख अपनाते हुए ईरानी दूतावास के अधिकारियों को तत्काल देश छोड़ने का आदेश दिया है। विदेश मंत्रालय ने रविवार सुबह जारी निर्देश में कहा कि सभी ईरानी अधिकारी 24 घंटे के भीतर सऊदी अरब छोड़ दें। सऊदी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन किया है। एक जिम्मेदार पड़ोसी को दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए, लेकिन ईरान इस सिद्धांत का पालन करने में विफल रहा है। मंत्रालय ने यह भी आरोप लगाया कि तेहरान ने बीजिंग समझौते और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 का उल्लंघन किया है, जिससे इस्लामिक एकता पर भी खतरा पैदा हुआ है।

### प्रशासन का फैसला, भारी भीड़ के चलते वैष्णो देवी यात्रा पर रोक

**नई दिल्ली।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा को शनिवार शाम अस्थायी रूप से रोक दिया गया। प्रशासन ने यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लिया है। बताया जा रहा है कि दोपहर से ही यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही थी और शाम करीब 4 बजे स्थिति को नियंत्रित करने के लिए यात्रा को स्थगित करना पड़ा। हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान देशभर से लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए कटरा पहुंचते हैं, लेकिन इस बार भीड़ ने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की संख्या इतनी अधिक हो गई थी कि मार्ग पर भीड़ का दबाव बढ़ने लगा, जिससे हादसे की आशंका पैदा हो गई थी।

### लैक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन दिशा पाटनी बनीं शोस्टॉपर



**तमन्ना भाटिया और खुशी कपूर ने भी रैंप वॉक किया**

**मुंबई।** मुंबई में शनिवार को लैक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया, शनाया कपूर और खुशी कपूर ने अलग-अलग डिजाइनरों के लिए शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक किया। दिशा पाटनी ने ब्लैक आउटफिट के साथ स्टेटमेंट दुपट्टा और ब्लाउज कैरी किया। उन्होंने बालों को बन में स्टाइल किया, जिसमें कुछ लटें खुली रखीं। ज्वेलरी में डायमंड नेकलेस के साथ एमराल्ड पेंडेंट पहना। वहीं, खुशी कपूर ने भी तीसरे दिन रैंप वॉक किया। उन्होंने फ्लोरल एम्बेलिश्ड क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग लहंगा पहना और कलेक्शन के रंग, पैटर्न और डिटेलिंग की सराहना की। शो का समापन एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने किया। उन्होंने ऑल-व्हाइट लुक में क्रॉप्ड जैकेट, व्हाइट शर्ट और असिमेट्रिक स्कर्ट पहनकर रैंप वॉक किया। लैक्मे फैशन वीक भारत का एक प्रमुख फैशन इवेंट है, जिसे लैक्मे और राइज वर्ल्डवाइड मिलकर आयोजित करते हैं। अब यह फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में होता है। यह मंच भारतीय डिजाइनरों को अपने नए कलेक्शन दिखाने और ग्लोबल पहचान बनाने का मौका देता है। यह इवेंट साल में दो बार होता है। मार्च में समर-रिसॉर्ट या फॉल-विंटर कलेक्शन और अक्टूबर में विंटर-फेस्टिव कलेक्शन पेश किए जाते हैं। इसका आयोजन मुख्य रूप से मुंबई में होता है। 2026 का मार्च एडिशन 19 से 22 मार्च तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है।

### कतर में हेलीकॉप्टर हादसा छह लोगों की मौत, रेस्क्यू जारी

**दोहा।** कतर में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में एक व्यक्ति अभी भी लापता है। मंत्रालय ने बताया कि लापता व्यक्ति की तलाश के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया गया है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कतर के क्षेत्रीय जल में रविवार तड़के हेलीकॉप्टर दुर्घटना हुई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। इस बात की पुष्टि कतर के आंतरिक मंत्रालय की। मंत्रालय ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति अभी भी लापता है और उसकी तलाश जारी है। दुर्घटना के बाद बचाव और खोज अभियान तेज कर दिया है। आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि बचाव और खोज अभियान जारी है और अधिकारी अभी एक लापता व्यक्ति को ढूंढने में जुटे हैं।

### ट्रेन और बस की टक्कर में 12 लोगों की मौत, 20 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बड़ी दुर्घटना में रविवार सुबह कोमिला में पडुआ बाजार लेवल क्रॉसिंग पर एक मेल ट्रेन और बस की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। टक्कर इतनी भयानक थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। कोमिला सदर साउथ पुलिस स्टेशन के तहत ईपीजेड चौकी के सब-इंस्पेक्टर सैफुल इस्लाम ने बताया कि मरने वालों में सात पुरुष, तीन महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। बांग्लादेशी मीडिया द डेली स्टार ने बताया कि घटना कुमिला सदर दक्षिण उपजिला के पडुआर बाजार लेवल क्रॉसिंग पर हुई। पुलिस और स्थानीय गवाहों के अनुसार, ट्रेन मामून स्पेशल बस को जंगल्या-कचुआ क्षेत्र में लगभग आधा किमी उत्तर तक घसीटती हुई ले गई।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## ट्रैंडिंग

परीक्षाओं में फेल होने वालों की घटती संख्या चिंताजनक है

भविष्य में देश चलाएगा कौन..
कहाँ मिलेंगे विधायक, सांसद और पार्षद

## मधुमक्खी का हमला, 24 भेड़ों की मौत, गडरिया गंभीर

**उज्जैन।** शाजापुर जिले के तिलावद मैना पुलिस चौकी अंतर्गत सलकनखेडी में एक दर्दनाक घटना हुई है। यहां मधुमक्खियों के हमले में 24 भेड़ों की मौत हो गई एवं एक चरवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीहोर रेफर किया गया है। उसी हालत स्थिर है। पुलिस ने मृत भेडों का पोस्टमार्टम करवाकर मामला जांच में लिया है।

शाजापुर जिले के तिलावद मैना पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सलकनखेड़ी में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने भेड़ों पर हमला कर दिया। हमला इतना खतरनाक था कि 24 भेड़ों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हमले में राजस्थान निवासी चरवाहा हरतीगा राम देवासी गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे तुरंत सीहोर अस्पताल भेजा गया।उसके साथी नाथा जी को भी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि चरवाहा अपने साथ करीब 350 भेड़ों का झुंड लेकर पिछले 3 महीने से मध्य प्रदेश के इस हिस्से में आया हुआ है।घायल चरवाहा के साथ पिछल एक माह में यह दुसरा हादसा है। पूर्व में मिलावटी हल्दी खिलाने से उसकी 220 भेड़ों की मौत हो गई थी।

चरवाहा नाथा जी ने बताया कि ह्लहम लोग बहुत नुकसान में आ गए हैं। पहले 220 भेड़ मर गई। अब फिर 24 मर गई। उसने सरकार से मदद की मांग रखी। घटना की सूचना मिलते ही तिलावद पुलिस चौकी और पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे थे। घनश्याम बैरागी, चौकी प्रभारी पुलिस चौकी तिलावद मैना के अनुसार मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम कराया गया है । पूरे मामले की जांच की जा रही है। घायल गडरिया को सिहोर अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया था जहां उसकी स्थिति में सुधार है।

## 25 मार्च को संपूर्ण शहर में नहीं होगा जलप्रदाय जलप्रदाय

**उज्जैन।** उज्जैन में 25 मार्च को पूरे शहर में जल प्रदाय नहीं होगा। नगर निगम के अनुसार 24 मार्च को गंभीर नदी से आने वाली मुख्य राइजिंग मेन (गऊघाट लाइन) पर मेंटेनेंस, पीडब्ल्यूडी रोड चौड़ीकरण और नर्मदा लाइन जोड़ने का कार्य किया जाएगा। तकनीकी कारणों से शटडाउन जरूरी है, ताकि दबाव रहित पाइपलाइन में सुरक्षित सुधार और कनेक्शन हो सके। यह कार्य दो चरणों में होगा। इसका सीधा असर अगले दिन पानी सप्लाई पर पड़ेगा। निगम ने नागरिकों से पानी संग्रह कर सहयोग की अपील की है।

### एक के बाद एक विद्यालय में शिक्षक एवं छात्रों पर सवालिया निशान के मामले उठने लगे

# महिर्षि सांदिपनी प्रतिष्ठान पर भी अनेक मुद्दों पर उठे सवाल

## नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्तों से काम लेने एवं प्रतिनियुक्ति के नियमों की अवहेलना पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महिर्षि सांदीपनी वेद विद्या प्रतिष्ठान के अंतर्गत संचालित एक के बाद एक आवासीय विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्रों पर सवालिया निशान के मामले उठने लगे हैं। यही नहीं प्रतिष्ठान पर भी अनेक मुद्दों के सवाल उठ रहे हैं। इन सवालों को लेकर प्रतिष्ठान की चुप्पी इन्हें सुहढ रूप दे रही है। प्रतिष्ठान की नियुक्ति का मामला सवालों के घेरे में है तो सेवानिवृत्तों से काम लेने का मामला भी। यही नहीं प्रतिनियुक्ति के नियमों की अवहेलना पर भी सवाल उठ खडे हुए हैं।

सवालों से घिरे प्रतिष्ठान के मामलों की जानकारी ऐसा नहीं है कि राष्ट्रीय स्तर तक नहीं हो, इसे लेकर शिकायतें उपर तक हैं लेकिन उन पर कार्रवाई एवं स्पष्टता सामने नहीं है। इसके अलावा प्रतिष्ठान की और से भी उठ रहे प्रश्न चिन्हों को लेकर चुप्पी सवालों को मजबूती दे रही है। हाल ही में प्रतिष्ठान परिसर के आवासीय विद्यालय छात्र के साथ शिक्षक की मारपीट के मामले में भी वही स्थिति रही जो कि पूर्व वर्षों में एक अन्य आवासीय विद्यालय में रही है। जब इस आवासीय विद्यालय के छात्रों ने प्रतिष्ठान के समक्ष पहुंचकर प्रदर्शन किया था लेकिन पूरा मामला समय के साथ दब कर रह गया। बडनगर रोड स्थित विद्यालय में भी ऐसा मामला हुआ इसकी पुर्नरावृत्ति शनिवार को वायरल विडियो में सामने आई है।

### शिक्षकों की भर्ती पर सवाल कायम

प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय के शिक्षकों की भर्ती में गडबड को लेकर अब भी सवाल कायम है। दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2018 से चयन प्रक्रिया में भारी हेराफेरी कर वैदिक मौखिक परंपरा के योग्य विद्वानों को दरकिनार करते हुए बिना अनुभव वाले और दागी उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया । इस संबंध में वेद शिक्षक राधेश्याम पाठक ने केंद्र सरकार को सेक्शन 80 के तहत 2 जुलाई 2025 को लीगल नोटिस भेजा है। आरोप है कि दस्तावेजों में एक ही समय में कई स्थानों पर उपस्थिति और फर्जी अनुभव के मिले हैं। नवंबर 2021 में शुक्ल यजुर्वेद माध्यंदिन शाखा के शिक्षक नियुक्त हुए राकेश देवेंद्र शर्मा के आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार उन्होंने 2011 में 17 वर्ष की नाबालिग आयु में गुना मध्य प्रदेश के विद्यालय में नियुक्ति प्राप्त की। वे 2021 तक प्रतिष्ठान से अनुदान प्राप्त कर रहे थे। इसी अवधि में वे बदाऊं उत्तर प्रदेश से नियमित बीए और नई दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर से शिक्षा भी ले रहे थे। यानी एक व्यक्ति एक ही समय में तीन अलग-अलग राज्यों में हर रोज काम कर रहा था। 2015 से 2016 के बीच उन्होंने जयपुर से नियमित बीएड भी किया। ऋग्वेद शिक्षक सत्यम शुक्ला को 2018 में 24 वर्ष की आयु में बिना किसी अनुभव के नियुक्त किया गया, जबकि पद के लिए न्यूनतम 25 वर्ष की आयु और 10 वर्ष का अनुभव आवश्यक था। सत्यम के दस्तावेजों में एक ही समय में 700 किलोमीटर दूर गाजियाबाद और अयोध्या के दो आवासीय विद्यालयों से एक साथ पढ़ाई करना दर्ज है। वे प्रतिष्ठान से पूरा वेतन लेते हुए उत्तर प्रदेश के हरदोई स्थित प्रभातेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी का कार्य में रहे। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से डॉ. गोविंद गन्धे के मार्गदर्शन में बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए नियमित पीएचडी भी । भर्ती में कम उम्र और अनुभव छिपाने के मामले में सामवेद शिक्षक सौरभ नौटियाल को 2018 में मात्र 21 वर्ष की आयु में नियुक्त किया गया । दस्तावेजों में साढ़े चार वर्ष का अध्यापन अनुभव दर्शा दिया गया। वे दिल्ली से नियमित एमए और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से नियमित बीए कर रहे थे। सौरभ भी बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के विक्रम विश्वविद्यालय से प्रो. वंदना त्रिपाठी के मार्गदर्शन में नियमित पीएचडी अध्ययनरत बताए गए। वर्ष 2019 में शुक्ल यजुर्वेद शिक्षक के रूप में नियुक्त सौरभ बंडोपंत शास्त्री के पास भी 10 वर्ष का अध्यापन अनुभव नहीं था। पहले दो चयनित उम्मीदवारों के पद छोड़ने के बाद बिना नया साक्षात्कार लिए ही सचिव विरूपाक्ष जड्डीपाल ने नियमों का उल्लंघन कर उनकी नियुक्ति कर दी।

2022 में काण्व शाखा शिक्षक पद के लिए सार्वजनिक विज्ञापन जारी होने पर पंकज सराफ की नियुक्ति की गई। पंकज सराफ शिक्षक सौरभ बंडोपंत शास्त्री के भाई हैं। सौरभ स्वयं मंत्र स्मरण की सत्यापन परीक्षा के पैनल में शामिल थे। पंकज का नाम पात्र उम्मीदवारों की सूची में नहीं था और न ही उन्होंने सत्यापन प्रक्रिया में भाग लिया था, फिर भी सभी चयनित उम्मीदवारों को दरकिनार कर उन्हें नियुक्ति दे दी गई। आदर्श वेद विद्यालय छात्रावास के विवाद के बाद अगस्त 2025 में उन्होंने कार्य छोड़ दिया। इसी तरह 2022 में राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय पुरी में उमाकांत सामंत को बिना शॉर्टलिस्ट हुए नियुक्त किया गया। उमाकांत गाजियाबाद में सत्यम शुक्ला के शिक्षक रहे हैं और आश्चर्यजनक रूप से इस भर्ती के सत्यापन पैनल में स्वयं सत्यम शुक्ला शामिल थे।इस पूरे मामले में प्रतिष्ठान के अधिकारियों एवं जिम्मेदारों पर सवाल उठना लाजिमी है।राकेश शर्मा के पास परंपरागत वेद की कोई विशिष्ट योग्यता न होने के बावजूद सचिव ने उन्हें नियुक्त किया। राकेश शर्मा और सौरभ शास्त्री की नियुक्ति के समय सचिव ने डीओपीटी के दिशा-निदेर्शों के अनुसार योग्यता और अनुभव में छूट देने का कोई कारण लिखित में दर्ज नहीं किया। सचिव द्वारा समय-समय पर अनुबंध बढ़ाए गए तथा सौरभ शास्त्री का अनुबंध बिना साक्षात्कार के ही बढाया गया। दिसंबर 2019 में तो सौरभ शास्त्री को विद्यालय में शिक्षक होते हुए भी एक अन्य परीक्षा में उम्मीदवार के रूप में उपस्थित होने की अनुमति दे दी गई। अधिकारियों द्वारा किसी भी उम्मीदवार के दस्तावेजों की कोई जांच नहीं की गई। जीपीआरए नियमों की अनदेखी करते हुए सत्यम और सौरभ को उज्जैन परिसर में 10,620 रुपये प्रतिमाह के बजाय मात्र 500 रुपये के मामूली शुल्क पर टाइप थ्री आवास भी आवंटित किए गए।




### 5 साला नियम, सचिव को 8 साल हुए

प्रतिष्ठान के सूत्रों के अनुसार यहां सचिव का कार्यकाल 5 वर्ष का नियमानुसार रहा है। पूर्व में प्रतिष्ठान के 9 सचिवों में से एक भी 5 साल से अधिक नहीं रहे,जबकि उनमें से कई देश के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वत रहे हैं।वर्ष 2017-18 के दरमियान तिरूपति के राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान से प्रतिनियुक्ति पर सचिव पद पर वीरूपाक्ष जद्दीपाल को नियुक्त किया गया। 7-8 वर्ष से सचिव के पद पर वे हैं। सामने आ रहा है कि केंद्रीय नियमों के अनुसार कोई भी प्रतिनियुक्ति 7 वर्ष से अधिकतम है। उससे अधिक नहीं। अपुष्ट स्थिति में सचिव श्री वीरूपाक्ष इसके साथ ही 2 वर्ष प्रतिनियुक्ति पर विदेश में भी रहे हैं। इन सब सवालों को लेकर श्री वीरूपाक्ष से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार उनके मोबाईल नंबरों पर संपर्क करने पर हर बार नो रिप्लाय होता रहा।

### प्रतिष्ठान एवं विद्यालयों की जांच हो-पं.महेश पुजारी

छात्र के साथ शिक्षक के बेरहमी से मारपीट के मामले की अखिल भारतीय युवा ब्राम्हण समाज ने निंदा की है। इसके अगेवान पं. महेश पुजारी ने कहा कि वेद अध्ययन करने वाले ब्राम्हण बच्चों का प्रतिष्ठान के साथ ही इसके आवासीय विद्यालयों में शोषण और अत्याचार हो रहा है। उन्होंने प्रतिष्ठान के साथ ही आवासीय विद्यालयों की देश की संसदीय समिति से जांच की मांग रखते हुए कहा कि अधिकांश विद्यालयों में धर्माधिकारी,संतों के आसन एवं चप्पल उठवाने के मामले सामने आ रहे हैं। बटूकों से इस तरह के काम लेने पर तत्काल रोक लगना चाहिए। सरकार उनके रहने,खाने एवं अन्य सुविधाओं का पूरा खर्च देती है न कि किसी के कृपा से वे आवासीय विद्यालय में रह रहे हैं। ब्राम्हण बच्चों के शोषण एवं अत्याचार के मामलों में अब आवाज उठाई जाएगी। जितने गुरूकुल चल रहे हैं उसके साथ ही प्रतिष्ठान के कार्यकलापों की संसदीय समिति से जांच करवाई जाना अत्यावश्यक हो गया है। श्री पुजारी के अनुसार आवासीय विद्यालय में वेद पाठ करने वाले किसी भी बच्चे के साथ शोषण,बर्बरता होती है तो संबंधित बच्चा एवं उसके माता-पिता हमारे पास आएं हम उनके पक्ष में खडे हैं। युवा ब्राम्हण समाज उनके लिए सभी स्तर पर लडाई लडेगा उनकी मदद करेगा।

### 1987 में स्थापना,1993 में उज्जैन आया

प्रतिष्ठान से जुडे सूत्रों के अनुसार वेद के प्रचार प्रसार के लिए वर्ष 1987 में तत्कालीन केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री पीवी नरसिम्हाराव के कार्यकाल में इसकी स्थापना की गई थी। वर्ष 1993 में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तत्कालीन केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री अर्जुनसिंह इसे महिर्षि सांदिपनी की नगरी उज्जैन में लेकर आए। तत्कालीन समय में प्रारंभिक रूप से विकास प्राधिकरण के भवन से प्रतिष्ठान का संचालन किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश सरकार ने प्रतिष्ठान के लिए चिंतामन रोड पर 24 एकड जमीन निःशुल्क प्रदान की थी। इस जमीन पर वर्ष 2012 में भवन का निर्माण पूर्ण हुआ। जिस पर वर्तमान में प्रतिष्ठान का भवन एवं आवासीय विद्यालय भवन बनाकर संचालन हो रहा है।

### सेवानिवृत्तों से 12 साल से काम

इधर यह भी सामने आ रहा है कि प्रतिष्ठान में सेवा निवृत्तों से अधिकतम 2 वर्ष काम लेने का प्रावधान है। इसके विपरित प्रतिष्ठान में 3-4 कर्मचारियों से पिछले 10-12 वर्ष से काम लिया जा रहा है। खास तो यह है कि प्रतिष्ठान के मुख्य काम ही सेवानिवृत्तों के हवाले बताए जा रहे हैं।

## पूर्णिमाश्री सेवा संगठन का निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान संपन्न

### 25 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे समापन; अपने जन्मदिन पर लाभार्थियों के बीच रहेंगे मौजूद



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक 2 वर्षों के उपलक्ष्य में पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से उज्जैन जिले में निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान चलाया गया। इस श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को दक्षिण विधानसभा के ग्राम तालोद में 104वां और अंतिम शिविर संपन्न हुआ। अभियान का औपचारिक समापन 25 मार्च बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ इस अभियान में आयुष्मान योजना के अंतर्गत हृदय जांच हेतु अधिसूचित अशासकीय अस्पतालों के सहयोग से उज्जैन जिले में शिविर लगाए गए। श्रृंखला में कुल 104 शिविर आयोजित किए गए। इनमें विभिन्न अस्पतालों के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञों ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं, जिसमें जिले के हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उपचार व परामर्श का लाभ लिया। शिविरों के माध्यम से बाईपास सर्जरी, एंजियोप्लास्टी और एंजियोग्राफी के सफल ऑपरेशन भी निःशुल्क किए गए।

**लाभार्थियों के साथ जन्मदिन मनाएंगे मुख्यमंत्री:** सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि अभियान का औपचारिक समापन कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस 25 मार्च बुधवार को स्थानीय कालिदास अकादमी परिसर में सायं 5 बजे आयोजित किया जाएगा। इसमें स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिविरों के माध्यम से उपचारित एवं स्वस्थ हुए नागरिकों के मध्य उपस्थित रहेंगे। वे उनसे संवाद करेंगे और नवजीवन में प्रवेश करने पर उनका सम्मान भी करेंगे।

## लघुवेतन कर्मचारी संघ ने 15,सुत्रिय मांगो को लेकर ज्ञापन दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन मे दिनांक 18.03.2026.को मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे संघ के पदाधिकारियों द्वारा समस्त 54,विभागों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 15,सुत्रिय मांगो को लेकर जैसे अंशकालीन कर्मचारी, आउट सोर्स कर्मचारी, कार्यभारित कर्मचारियों को अर्जित अवकाशो का नगदीकरण, विनियमियत से स्थाई कर्मचारी करना ऐसी अन्य मांगो को लेकर माननीय यशस्वी भारत के कर्मचारी हितेषी श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री, एवं माननीय भारत सरकार की श्रीमती निर्मला सीतारमण जी वित्त मंत्री नई दिल्ली भारत सरकार के नाम उज्जैन कलेक्टर महोदय जी की अनुशंसा से श्री मोगरे जी भू अभिलेख अधीक्षक द्वारा ज्ञापन दिया गया।

इस शुभ अवसर पर उपस्थित हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष, मुकेश रायकवार जिला सचिव, दिनेश लावरे जिला उपाध्यक्ष, भैरुलाल मालवीय वरिष्ठ सलाहकार, सुनील खत्री जिला सहायक सचिव ,श्रीमती भारती झांजोट जिला उपाध्यक्ष,कैलाश मालवीय जिला उपाध्यक्ष,चंद्रशेखर निम्बालकर जिला वरिष्ठ सलाहकार, सत्यनारायण मालवीय जिला मंत्री अम्बाराम मालवीय जिला उपाध्यक्ष, मदनलाल चौहान जिला मंत्री,कमला बाई, देवकन्या बाई, आशा बाई,आदि यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

## देवास रोड स्थित तरणताल पर उमड़ी भीड़, पुलिस लगाई

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित तरणताल स्वीमिंग पूल में 7 दिन की निःशुल्क तैराकी सुविधा के चलते लोगों की भीड़ ने निगम के प्रबंधन को पहले दिन ही फेल कर दिया। शनिवार शाम व्यवस्था बड़ी चुनौती बन गई। शाम 5 बजे पूल खुलते ही इतनी भीड़ उमड़ी कि निगम के कर्मचारी भी हालात नहीं संभाल पाए।

स्थिति बिगड़ती देख निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाना पड़ा। करीब 3 पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए पहले स्वीमिंग पूल के प्रवेश मार्ग का शटर बंद करवाया, फिर लाइन लगवाकर लोगों को नियंत्रित किया। लाउड स्पीकर से लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों से धैर्य रखने की अपील की गई।

## मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ ने मनाया होली मिलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन मे 14.03.2026. को सयुंक्त तहसील नगरीय कार्यालय के सभा गृह मे मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे समस्त विभाग के कर्मचारियों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन भव्य रूप मे किया गया और एक दुसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी गई इसी तरतम्य मे 25,पदाधिकारियों की जिला कार्यकारिणी गठित करते हुये नियुक्ति पत्र दिये गये इस शुभ अवसर पर उपस्थित हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष, मोकम सिंह पटेल मुख्य अतिथि, मोतीलाल निर्मल संचालक कर्ता, देवेन्द्र व्यास अतिथि, चित्रेश वाघे अतिथि,भूपेन्द्र यादवअतिथि,प्रेमचंद नहार प्रदेश संगठन सचिव,सुरेश रायकवार जिला उपाध्यक्ष, कुन्दन गिरजे जिला उपाध्यक्ष, महेश सोनोने जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष, दशरथ सीहोते जिला सहायक सचिव, मुकेश रायकवार जिला सचिव, धर्मेन्द्र परमार जिला महामंत्री, सुनील खत्री जिला सहायक सचिव, भेरूलाल मालवीय, जिला वरिष्ठ सलाहकार, कैलाश मालवीय जिला उपाध्यक्ष, रवि सीहोते जिला अध्यक्ष, अम्बाराम मालवीय जिला उपाध्यक्ष, वरुण परमार जिला उपाध्यक्ष, अम्बाराम मालवीय जिला उपाध्यक्ष, आदि भारी संख्या मे कर्मचारियों की उपस्थिति रही यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी

### बाहर फैलती गंदगी—दौलतगंज क्षेत्र की हकीकत, खुले में पेशाब मजबूरी

# स्मार्ट सिटी के बीच कपड़े का पेशाबघर...बॉक्स में बंद सुविधा

## सड़क किनारे 'कपड़े की ओट'—मालीपुरा-दौलतगंज में बदहाल व्यवस्था, नालियों की सफाई ठप...






दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के दावों के बीच मालीपुरा-दौलतगंज क्षेत्र में बुनियादी सुविधा का अभाव साफ दिखाई दे रहा है। यहां सार्वजनिक पेशाबघर नहीं होने के कारण लोग मजबूरी में खुले में पेशाब कर रहे हैं। दौलतगंज सब्जी मंडी के पास तो लोगों ने कपड़ा बांधकर अस्थायी 'ओट' बना ली है, जिसके पीछे पेशाब किया जा रहा है।

### ताले में बंद पड़ा पेशाबघर बॉक्स

नगर निगम द्वारा दौलतगंज सब्जी मंडी क्षेत्र में एक अस्थायी पेशाबघर बॉक्स रखा गया है, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार उस पर शुरू से ही ताला लगा हुआ है। गेट बंद होने के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप, मौजूद सुविधा भी बेकार साबित हो रही है और लोग सड़क किनारे खुले में पेशाब करने को मजबूर हैं।

### गंदगी और दुर्गंध से बिगड़ती स्थिति

खुले में पेशाब के कारण क्षेत्र में लगातार गंदगी फैल रही है और दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल है। दौलतगंज के पास में सब्जी मंडी लगती है। खाद्य सामग्री खुले वातावरण में बिकती है

### आसपास की नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही

इससे मच्छरों का प्रजनन बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

**नीतियों और जमीनी हालात में अंतर:** स्मार्ट सिटी योजना के तहत आधुनिक शौचालय और स्वच्छता सुविधाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन मालीपुरा, दौलतगंज और एटलस चौराहा जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त पेशाबघर नहीं हैं

**जो हैं, वे बंद या अनुपयोगी हैं:** सफाई और रखरखाव की व्यवस्था कमजोर है यह स्थिति बताती है कि योजना का क्रियान्वयन अधूरा और असंतुलित है।

**स्थानीयों की मांग:** क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि बंद पड़े पेशाबघर को तुरंत चालू किया जाए, नालियों की नियमित सफाई कराई जाए और स्थायी सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि लोगों को खुले में पेशाब करने की मजबूरी खत्म हो सके।

## ओम शांति



हमारे ईश्वरीय परिवार इंदौर जोन के
**आदि रतन शंकर भाई (उज्जैन)**
जो कि शांतिवन में रहते थे उन्होंने आज सुबह 5:00 बजे शांतिवन में ही पुराना शरीर छोड़ अव्यक्त बाप दादा की गोद ली । इंदौर के बहुत पुराने कुमार थे । इंदौर जोन की सेवाओं के विस्तार में आपका बहुत योगदान रहा , जगह -जगह प्रदर्शनी लगाने मे और सेवाओं के विस्तार करने में।

पिछले 30 वर्षों से मधुबन के शांतिवन में ज्ञानामृत और अकाउंट विभाग में अपनी सेवाएं देते रहे। ऐसे निश्चय बुद्धि , सरल चित ,ईश्वरीय सेवा में समर्पित आत्मा को इंदौर जोन की वरिष्ठ दीदीयों ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, ब्रह्माकुमारी करुणा दीदी ब्रह्माकुमारी उषा दीदी और इंदौर जोन के समस्त भाई बहनों की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

**शोक संदेश:** अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता हैं कि स्वर्गीय श्री नंदकिशोर खलीफा के ज्येष्ठ पुत्र एवं अमृत पड़ियाल के बड़े भाई व कमल पड़ियाल, मुकेश (काका ), प्रिंस ,सोनू, राजा के ताऊ जी श्री शंकर भाई (त्रिमूर्ति मांटेसरी स्कूल ) का आसामयिक निधन हो गया हैं, जिनका उठावना दिनांक 23/03/2026 सोमवार को शाम 4 बजे महेश्वरी भवन गोला मंडी पर रखा गया है।

**शोकाकुलः अमृत पड़ियाल,कमल पड़ियाल एवं समस्त पड़ियाल परिवार, contact number: 9977757457**

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### उज्जैन का 138 साल पुराना कोठी पैलेस बनेगा म्यूजियम

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन अब एक और बड़ी पहचान की ओर बढ़ रही है। शहर का करीब 138 साल पुराना ऐतिहासिक कोठी पैलेस जल्द ही वीर भारत संग्रहालय के रूप में आकार लेने जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार करीब 20 करोड़ रुपए खर्च कर इस हेरिटेज इमारत का कायाकल्प कर रही है, जिसमें प्राचीन गौरव को सहेजते हुए आधुनिक संग्रहालय तैयार किया जाएगा। करीब पौने दो एकड़ में फैला यह भव्य कोठी पैलेस, जो कभी सिंधिया रियासत का अहम केंद्र रहा और लंबे समय तक कलेक्टर कार्यालय के रूप में इस्तेमाल होता रहा, अब इतिहास की नई कहानी कहेगा। नया कलेक्टर भवन बनने के बाद खाली पड़ी इस इमारत में अब तेजी से काम शुरू हो चुका है।

### दुष्कर्म करने वाले उज्जैन के दुष्कर्मी को 10 वर्ष कारावास

**इंदौर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी को विशेष न्यायालय ने 10 साल कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश अनीता सिंह ने यह फैसला सुनाया है। दुष्कर्मी का नाम लखन है। वह मूल रूप से उज्जैन का निवासी है। मामला फरवरी 2023 से मार्च 2023 के बीच का है। वर-वधु तलाशने वाली वेबसाइट के माध्यम से पीड़िता और आरोपित की पहचान हुई थी। आरोपित ने पीड़िता से इंदौर आकर मेलजोल बढ़ाया। उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब भी पीड़िता शादी की बात करती तो आरोपित बहाने बना देता। कुछ दिन बाद उसने पीड़िता का मोबाइल उठाना भी बंद कर दिया। परेशान होकर पीड़िता आरोपित के यहां उज्जैन पहुंची तो पता चला कि आरोपित किसी अन्य से शादी कर चुका है।

### अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं नहीं करने पर होगी कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज राजस्व अधिकारियों, नगर निगम के अधिकारियों, फील्ड बिल्डिंग ऑफिसर्स एवं बिल्डिंग इंस्पेक्टर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की बहुमंजिला व्यावसायिक और अन्य इमारतों में फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर सख्त निर्णय लिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल भी विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में तय किया गया कि जी+3 एवं उससे अधिक ऊंचाई वाली सभी कमर्शियल और अन्य बिल्डिंग्स को 15 दिन का समय दिया जाएगा, जिसमें उन्हें अपने फायर सेफ्टी प्लान एवं व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त करना होगा। इस अवधि के बाद यदि किसी भवन में आवश्यक फायर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मांगलिया में निमार्णाधीन रेलवे ओव्हरब्रिज का निरीक्षण किया

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा के मांगलिया में 45 करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन इंदौर-देवास रेलवे समपार ओव्हरब्रिज का निरीक्षण किया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री गुरमीत कौर भाटिया और रेलवे के अधिकारी साथ थे। मंत्री श्री सिलावट ने निमार्णाधीन रेलवे ओव्हरब्रिज के प्रगति कार्यों की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की और उसकी विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने रेलवे ओव्हरब्रिज की ड्राइंग और डिजाइन देखी और मौके पर ही रतलाम डीआरएम से दूरभाष पर बातचीत कर निमार्णाधीन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस रेलवे ब्रिज की लंबाई 790 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर है। मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेलवे ओव्हरब्रिज का निर्माण कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ करें।

### सम्राट विक्रमादित्य विवि में प्राध्यापकों और छात्रों ने ली पक्षी संरक्षण की शपथ

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में विश्व गौरैया दिवस पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गर्मी के मौसम में पक्षियों को दाना-पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने मिट्टी के सकोरे और कृत्रिम घोंसले वितरित किए। कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने पर्यावरण और पक्षियों के आपसी संबंधों पर बात रखते हुए कहा कि गौरैया लंबे समय तक घरेलू जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है, लेकिन बढ़ते शहरीकरण ने उसका आशियाना छीन लिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ जैव-विविधता को सहेजना भी उतना ही जरूरी है। कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र शर्मा ने गौरैया के सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकगीतों और कहानियों में रहने वाली गौरैया आज संकट में है। उनके अनुसार मोबाइल विकिरण और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से इसकी संख्या में भारी कमी आई है। उन्होंने कहा कि हर घर में कम से कम एक सकोरा और दाना-पानी का पात्र जरूर रखा जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राध्यापकों और छात्रों ने पक्षी संरक्षण की शपथ भी ली।

### नेता पुत्रों के साथ तालमेल की राजनीति

# इंदौर में कांग्रेस की 52 लोगों की नई कार्यकारिणी को लेकर मचा बवाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर कांग्रेस की 52 लोगों की कार्यकारिणी 2 दिन पहले घोषणा की गई । पहले लग रहा था कि जिम्मेदार लोगों को जगा दी जाएगी और पार्टी को जिंदा करने के लिए प्रयास किए जाएंगे खास तौर पर युवा नेताओं को मौका देने की बातें हो रही थी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के फार्मूले को लेकर तय किया गया था कि युवाओं को आगे लाया जाएगा इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भी जिम्मेदारी दी गई थी।

साथ ही जिले और शहर की कार्यकारिणी में भी जो अध्यक्ष बनाए गए वह युवाओं को देखते हुए बनाया गया। हाल ही में जो कांग्रेस की टीम बनाई गई है उसको लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। कार्यकर्ताओं में नाराजगी दिखाई दे रही है। छोटी कार्यकारिणी बनाई है



इंदौर शहर कांग्रेस कार्यकारिणी को लेकर विरोध शुरू हो गया है। अंदर ही अंदर माहौल बन रहा है और भोपाल तक शिकायत पहुंची है। इस बार महिला वर्ग को भी जगह नहीं दी गई है।

यह सोचकर देखा जा रहा था कि कोई ऐसे नेता दिखाई देंगे जो जमीनी होंगे। पुराने और समझौते वाले नेताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कई बड़े नेताओं के बेटों को भी इसमें जगह दी गई है, जिसके कारण जमीन के कार्य करता अब नाराज हो गए हैं। उन्होंने अंदर ही अंदर विरोध करना शुरू कर दिया है। साथ ही भोपाल दिल्ली तक शिकायत भेजी गई है। कार्यकताओं का कहना है कि अगले साल नगर निगम चुनाव है और उसके पहले जो रवैया अपनाया गया है वह ठीक नहीं है। कार्यकर्ताओं को खुश करने की वजह नाराज किया गया है। भाजपा ने महिलाओं को जिम्मेदारी देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# कॉलेजों में सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के आसार नहीं!

## नई शिक्षा नीति की मूल धारणा अबतक धरातल पर लागू नहीं हो पाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत सेमेस्टर सिस्टम को उच्च शिक्षा में अनिवार्य माना गया है, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

इंदौर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की बात करें तो महाविद्यालयों में सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के कोई जी आसार नजर नहीं आ रहे। जिसकी मूल धारणा जिसमें सेमेस्टर सिस्टम लागू किया जाना चाहिए वह हुआ ही नहीं। जानकारों के अनुसार मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में नई शिक्षा नीति को सबसे पहले लागू करने वाला संभवत पहला राज्य था।

अभी तक 70 प्रतिशत ही इसे लागू किया गया है। वजह, बुनियादी सुविधाएं और इंफास्ट्रक्कर का अभाव। उच्च शिक्षा विभाग ने श्रेय लेने के लिए आपाधापी में न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 लागू तो कर दी लेकिन उद्देश्य पूरा नहीं कर सकी। नई शिक्षा नीति सेमेस्टर सिस्टम में लागू करना थी, लेकिन उसे वार्षिक पर लागू किया। वहीं कुछ कॉलेजों को मल्टी डिसिप्लिनरी तो बना दिया गया लेकिन वहां प्रयोगशालाएं तक उपलब्ध नहीं है। नई शिक्षा नीति छात्रों को बहुसंख्यक विषयों में पढ़ने की सुविधा देती है लेकिन संभाग के अधिकांश महाविद्यालय संसाधनों के अभाव से जूझ रहे है।





### समय पर नहीं हो सकी परीक्षा

जानकारों के अनुसार वर्ष 2008 के आसपास सेमेस्टर लागू किया गया था, लेकिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी के प्रवेशित होने से सेमेस्टर सिस्टम की परीक्षा व आंतरिक मूल्यांकन समय सीमा पर पूरा नहीं हो सके। साथ ही तीन वर्षीय पाठ्यक्रम यूजी व दो वर्षीय पीजी के पाठ्यक्रम में चार वर्ष व तीन वर्ष लगने लगे। इतना ही नहीं सेमेस्टर सिस्टम होने के कारण साल में दो बार परीक्षा विश्वविद्यालय को आयोजित करना व इनका मूल्यांकन करवाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। कुल मिलाकर शैक्षणिक सत्र गड़बड़ा गए थे, जिसका विरोध जताया गया, अंतत सरकार ने 2016-17, 2017-18 से पुन वार्षिक प्रणाली को लागू किया।

### संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद एनईपी लागू करना चाहिए

एनपी में मल्टीपल च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट की सुविधा जो दी गई है वह तब तक नहीं मिल सकेगी जब तक मल्टीपल डिसिप्लिनरी महाविद्यालयों की स्थापना नहीं होगी या वर्तमान में संचालित महाविद्यालयों में अन्य संकायों खोले जाएंगे।

जानकारों के मुताबिक जब तक छात्रों की एबीसी आईडी, एक समान सिलेबस और सभी विश्वविद्यालय व महाविद्यालय एक प्लेटफॉर्म पर नहीं आ जाते तब तक नई शिक्षा नीति को पूरी तरह लागू कर पाना मुश्किल होगा। हालांकि, ऐसे संस्थान जहां पर 10 विषयों के वोकेशनल कोर्स संचालित है, वहां छात्रों को तीन या चार विषयों को छोडकर अन्य विषयों में च्वॉइस तो दे सकते हैं, लेकिन विषय शिक्षक भी तो उपलब्ध हो, अन्यथा वोकेशनल कोर्स के विकल्प का कोई मतलब नहीं। शासन को उच्च शिक्षा संस्थानों में संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद एनईपी लागू करना चाहिए।

## महाकाल मंदिर पहुंचे महाराष्ट्र के मंत्री महाजन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने आज ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में भोग आरती के दौरान दर्शन किए। इस दौरान वे बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। दर्शन के बाद मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया।

महाजन ने कहा कि जब भी वे महाकाल मंदिर आते हैं, उन्हें कुछ नया अनुभव होता है। उन्होंने बताया कि लंबे समय बाद यहां आने का अवसर मिला और बाबा महाकाल के दर्शन व आरती का सौभाग्य प्राप्त कर वे बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने मंदिर में लगातार बेहतर होती व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के लिए यहां उत्कृष्ट प्रबंधन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर मंदिर और पंढरपुर में भी इसी तरह की व्यवस्थाएं विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। महाजन ने जानकारी दी कि वर्ष 2027 में नासिक में 12 साल बाद कुंभ मेले का आयोजन होगा।

### हाईकोर्ट ने हटाई ट्रांसफर पर रोक


# स्टाम्प ड्यूटी घोटाले में वरिष्ठ पंजीयक नायडू को झटका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

13.32 करोड़ रुपए के स्टाम्प ड्यूटी घोटाले के मामले में तत्कालीन वरिष्ठ पंजीयक डॉ. अमरीश नायडू को बड़ा झटका लगा है। इंदौर हाईकोर्ट ने उनके रतलाम स्थानांतरण पर पूर्व में लगाई गई रोक को निरस्त कर दिया है। अब उनका ट्रांसफर प्रभावी हो गया है और उन्हें रतलाम जाना होगा।

मामले की सुनवाई के दौरान डॉ. नायडू की ओर से दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने पहले उनके स्थानांतरण पर रोक लगा दी थी। हालांकि ताजा आदेश में कोर्ट ने वह स्थगन आदेश हटा दिया है।

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ (एडह) ने इस मामले में तत्कालीन वरिष्ठ पंजीयक डॉ. अमरीश नायडू, सब रजिस्ट्रार संजय सिंह सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि डीएलएफ गार्डन सिटी कॉलोनी के प्लॉट की रजिस्ट्री में कॉलोनी का नाम हटाकर उसे मांगलिया गांव रोड दशार्ते हुए रजिस्टर्ड किया गया। इससे शासन को 13.32 करोड़ रुपए के स्टाम्प ड्यूटी का नुकसान हुआ। घोटाला सामने आने के बाद शासन ने डॉ. नायडू का इंदौर से रतलाम स्थानांतरण कर दिया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने प्रारंभिक तौर पर रोक लगा दी थी। अब कोर्ट ने उस रोक को हटा दिया है। स्टाम्प ड्यूटी घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू द्वारा जारी है।





### गीता नगर में महापौर निधि से बनेगा गार्डन- मेयर भार्गव

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 48 में करोड़ों रुपए के विकास काम होना है। रविवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक महेंद्र हार्डिया ने बाहर पत्थर चौराहा, सेंटपॉल स्कूल के पास 2 करोड़ 25 लाख की लागत से होने वाले विकास कामों का भूमिपूजन किया। महापौर बोले हमारी परिषद जब बनी तो हमने पहली बैठक में यह संकल्प लिया था की इन 5 सालों में हमको क्या काम करके दिखाना है, यह हमारा लक्ष्य नहीं है हमारा लक्ष्य है कि हमारे बच्चे और उनके बच्चे को आने वाले भविष्य में स्वच्छ एवं शुद्ध पानी मिले, उनके बच्चों को सड़क मिले, ड्रेनेज निस्तारण की सुविधा हो और भविष्य की दृष्टि से शहर कैसे चलेंगे इसकी आधारशिला हमने रखी है। उन्होंने कहा कि भविष्य के इंदौर को तैयार करने का काम किया जा रहा है, इंदौर के भविष्य के लिए मूलभूत काम किया जा रहे हैं।

# मंडी के कारोबारियों का ऑनलाइन मार्च एंडिंग शुरू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मंडी कारोबारियों का मार्च एंडिंग शुरू हो गया है। अब कारोबारी को लाल बहीखातों के पन्नों को पलटना नहीं पड़ता। शगुन बतौर दीपावली पर लक्ष्मी पूजा के लिए रोकड़ नामक पुस्तक ही खरीदी जाती है और इसकी पूजा कर इसे रख दिया जाता है। अब सभी प्रकार का व्यापार का काम ऑनलाइन होने से सारा हिसाब कंप्यूटर के मॉनिटर पर आ जाता है।

ऐसे में ऑनलाइन हिसाब-किताब गलती सुधार के लिए अब चार से पांच दिन का समय नहीं लगता है। इसे अपडेट करते समय उधार लेना और देना स्पष्ट हो जाता है। कारोबार की वर्षभर स्थिति क्या रही यह भी पता चल जाता है। व्यापार का लाभ-हानि भी मालूम हो जाता है। मंडी कारोबार ऑनलाइन हो जाने से व्यापारी को अब बार-बार मंडी के चक्कर नहीं लगना पड़ते है। ऑनलाइन भुगतान होने से बैंकों में भी चक्कर नहीं लगाने पड़ते है। हालांकि नगद लेने के लिए ही बैंक जाना होता है।

### निगम कमिश्नर ने दिया प्रेजेंटेशन

# राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय की टीम ने इंदौर मॉडल समझा

## वरिष्ठ अधिकारियों ने प्लांटों को भी देखा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का स्वच्छता मॉडल देखने के लिए राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली से 13 से ज्यादा लोगों का दल इंदौर आया। सिटी बस ऑफिस में नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल व निगम अधिकारियों की मौजूदगी में इंदौर नगर निगम द्वारा किए गए इनोवेशन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली और पूरे स्वच्छता मॉडल का प्रेजेंटेशन दिया। निगम कमिश्नर ने इंदौर की स्वच्छता यात्रा, जीरो वेस्ट सिटी का प्रयास, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, सीएनडी वेस्ट प्रोसेसिंग, बायो सीएनजी उत्पादन और जन भागीदारी से किए गए नवाचारों की पूरी जानकारी दी।

नई दिल्ली से आए अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन देखने के बाद आईसीसीसी, राजशाही जीटीएस ट्रेंचिंग ग्राउंड में बायो सीएनजी, सी एंड डी वेस्ट प्लांट सहित अन्य प्लाटों का दौरा किया। दल ने कहा कि इंदौर ने वाकई में स्वच्छता के क्षेत्र में एक मजबूत मिसाल काम की है। इंदौर का मॉडल बहुत ही प्रभावशाली है। निगम कमिश्नर ने बताया कि किस तरह से इंदौर स्वच्छता के साथ ही लोक परिवहन वाहनों के क्षेत्र में भी काम कर रहा है।



### थैला बैंक से लेकर नाला दंगल तक की जानकारी

शहर को ओडीएफ मुक्त बनाने की जानकारी देते हुए निगम कमिश्नर ने बताया कि पहले गीला-सुखा कचरा संग्रहित किया जाता है, अब हर दिन 6 बिन की तर्ज पर 6 प्रकार का कचरा संग्रिहत किया जा रहा है। थैला बैंक, बर्तन बैंक, डिस्पोजल फ्री क्षेत्र, जीरो वेस्ट इवेंट, जीरो वेस्ट शादी, नाला सफाई अभियान, नाला क्रिकेट, नाला मेडिकल चेकअप, नाला फुटबॉल, नाला दंगल व अन्य एक्टिविटी के बारे में भी बताया।



## न्यूज-कॉलम



### मुस्लिम समाज ने ईद-उल-फितर का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया

**देपालपुर।** शनिवार को नगर में मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-फितर का पर्व पूरे उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। पवित्र रमजान माह के 30 रोजों के समापन के बाद सुबह ईदगाह एवं मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई, जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे। नमाज के बाद लोगों ने देश एवं प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। इसके पश्चात मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर में जगह-जगह ईद की रौनक देखने को मिली, बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों में विभिन्न पकवान बनाए और एक-दूसरे के यहां जाकर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। कई स्थानों पर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल भी देखने को मिली, जहां सभी समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे,पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### महिलाओं ने धूमधाम से मनाया गण गौर पर्व, सुख-समृद्धि की कामना की



**देपालपुर।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणगौर पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। गणगौर माता की पूजा-अर्चना को लेकर महिलाओं और युवतियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्थानीय हनुमान मंदिर श्री 24 अवतार धाम में गणगौर माता की विशेष स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर माता की आराधना की और परिवार की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह पर्व पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने समूह में पारंपरिक गीत-भजन गाए और रीति-रिवाजों का पालन करते हुए माता को प्रसाद अर्पित किया।

### महेश्वर के गांवों में 1.25 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**मंडलेश्वर।** विधानसभा महेश्वर क्षेत्र के लोकप्रिय एवम विकास पुरुष राजकुमार मेव द्वारा क्षेत्र कई ग्रामो को विकास की सौगात दी।दो दिवस पूर्व भी क्षेत्र में 7.00 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। विधायक मेव द्वारा ग्राम पंचायत कवड़िया कुण्डिया को 32 लाख, ग्राम पंचायत कोदलिया खेड़ी मे 35 लाख से, ग्राम पंचायत बहेगाव 31 लाख से, ग्राम पंचायत बंडेरा मे 25 लाख की लागत से कुल 125 लाख की लागत के पुलिया निर्माण, रिटनिंग वाल, सीसी मार्ग निर्माण शान्तिधाम, नाली निर्माण कार्यों का भूमि पुजन लोकार्पण किया।विधायक मेव ने निर्माण एजेंसीयों को निर्देशित किया की कार्य समय पर निर्धारित मापदंड अनुसार गुणवत्ता पूर्ण हो, कार्यों के निर्माण में कोई लापरवाही नहीं बरती जाये। विधायक मेव ने अपने सम्बोधन में बताया की हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की डबल इंजिन सरकार में विकास कार्य काफी तेजी से ओर लगातार हो रहे हैं।माननीय ने बताया की शासन की योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को समय पर मिले इस हेतु पंचायतो एवम ब्लॉक स्तर पर संकल्प से समाधान योजना अंतर्गत शिविर लगाकर हितग्राहीयों को चिन्हित कर लाभान्वित किया गया।

### सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है -पं. शर्मा



**मनावर।** गुरु का दिया पैसा काम का नहीं मगर गुरु के द्वारा दी गई प्रेरणा को अगर सहज कर रखा जाए तो बेड़ा पार हो जाता है। उक्त उदगार ग्राम वायल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित प्रवीण शर्मा राधे भैया ने व्यासपीठ से व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म का आव्हान करते हुए ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। कथा वाचक पंडित प्रवीण शर्मा राधे भैया ने व्यासपीठ से उपस्थित श्रद्धालुओं से जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों को श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए।

### ईद उल-फितर धूमधाम से मनाया

**खंडवा/पंधाना।** नगर में शनिवार को ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया,नए नए परिधानों से सजेधजे बच्चे, बूढ़े,जवान सभी ईदगाह मैदान पहुंचे,जहां ईद की नमाज हाफिज उस्मान साहब ने सुबह 9 बजे अदा कराई, नमाज के बाद देश मेंअमन-चैन के लिए दुआएं की गई, तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## मंत्री श्री शाह ने क्षेत्र में किया चौमुखी विकास कार्य

# छनेरा में 5.32 करोड़ रुपए की सड़क कार्य का भूमि पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

खंडवा जिले की आदिवासी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने विकास कार्य के मामले में प्रदेश में एक रिकॉर्ड स्थापित किया है, क्षेत्र वासियों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर क्षेत्र में चौमूखी विकास किया है।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विगत 35 वर्षों से लगातार अजैय योद्धा के रूप में क्षेत्र की जनता विजय शाह को आशीर्वाद प्रदान कर रही है, इसी के चलते मंत्री विजय शाह द्वारा क्षेत्र का कायाकल्प किया गया हें। एक राजा के रूप में प्रजा की किस प्रकार सेवा की जा सकती है विधायक मंत्री विजय शाह के द्वारा करवाए गए कार्यों एवं क्षेत्र की जनता की सेवा के माध्यम से हम देख सकते हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मंत्री श्री शाह के सानिध्य में बड़े शहरों की तर्ज पर तीन दिवसीय आदिरंग जनजाति नृत्य संगीत एवं शिल्प कलाओं का कार्यक्रम छनेरा के स्टेडियम पर शानदार तरीके से आयोजित हो रहा है, बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी इसका आनंद ले रहे हैं।



कार्यक्रम के बीच ही नवरात्रि एवं गणगौर के पवित्र त्यौहार पर शनिवार को प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने छनेरा नगर में लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सड़क उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री शाह ने कहा कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से लगातार विजय श्री प्राप्त कर रहा हूं मेरा भी फर्ज है कि जिस प्रकार जनता मुझे सहयोग कर रही है, उसी के अनुरूप उनकी भावनाओं को देखते हुए सभी प्रकार की सुविधा उन्हें उपलब्ध करवाना ही मेरा उपदेश है।

## सहकार भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक उज्जैन में संपन्न

**बड़वानी।** सहकार भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक उज्जैन स्थित विक्रमादित्य भवन में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में निर्णय लिया गया कि विभाग स्तर पर अभ्यास वर्ग आयोजित किए जाएंगे, साथ ही विभिन्न प्रकोष्ठों के सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे ताकि संगठन की गतिविधियों को और सक्रिय बनाया जा सके। प्रदेश पदाधिकारियों का जिलों में नियमित प्रवास सुनिश्चित करने, चार जिलों में शेष रही जिला कार्यकारिणी का गठन शीघ्र पूर्ण करने तथा तहसील कार्यकारिणी गठन को गति देने पर भी सहमति बनी।बैठक में केंद्रीय पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष शेखर किबे, संभाग एवं विभाग प्रमुख, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला संगठन प्रमुख, जिला महिला प्रमुख, प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे और संगठन विस्तार एवं सहकारिता गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने पर चर्चा की। बैठक में निमाड़ संगठन प्रमुख राजेश राठौड़, बड़वानी जिला संगठन प्रमुख राजेंद्र चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती आशा कुमरावत, जिला महिला प्रमुख श्रीमती संगीता लोह एवं तहसील अध्यक्ष आर.आर. प्रिंस शामिल हुए।बैठक में सहकारिता के माध्यम से समाज के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को गति देने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा सहकारी समितियों के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए संगठन को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## मेक्रो विजन एकेडमी में 2026-27 सत्र के लिए

# हजारों विद्यार्थी हुए प्रवेश परीक्षा में शामिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

मेक्रो विजन एकेडमी में 2026-27 सत्र के लिए अंतिम प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से हजारों विद्यार्थी शामिल हुए। इस परीक्षा में कक्षा 1 से 11वीं तक के विभिन्न वर्गों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, गणित, विज्ञान और भाषा विषयों का परीक्षण किया गया। एकेडमी के चैयरमैन और अध्यक्ष श्री आनंद प्रकाश चौकसे ने सभी अभिभावकों का मार्गदर्शन किया और उन्हें एकेडमी की सुविधाओं और शिक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी दी। एकेडमी के छात्रों ने जे-मेन-2026 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने 99 से अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं।

एकेडमी में अत्याधुनिक तकनीक से लैस क्रोनोस्फीयर, जोश क्लब, पेटल्स होस्टल,



पैराडाइज होस्टल, उड़ान होस्टल, पेशन होस्टल और गर्ल्स के लिए डिवाइन होस्टल जैसी सुविधाएं हैं। चयनित विद्यार्थियों को एकेडमी के आवासीय और गैर आवासीय विद्यार्थियों को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ एकेडमिक शिक्षा का शानदार अवसर मिलेगा।

## सदभावना मंच का स्थापना दिवस 24 को

**खंडवा।** सद्भावना मंच का 21 वां स्थापना दिवस 24 मार्च मंगलवार को 11 बजे से इंदौर रोड स्थित सद्भावना हाल में मंच संस्थापक प्रमोद जैन की अध्यक्षता में आमंत्रित अतिथियों की मौजूदगी में मनाया जायेगा। इस मौके पर मंच द्वारा दिन भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि सर्वधर्म समभाव एवं नगर में व्याप्त जन समस्याओं को हल करने, गरीबजन की मदद के पवित्र उद्देश्य एवं प्रतिभावानों को सम्मान देना आदि उद्देश्यों लेकर समाजसेवी संस्था सद भावना मंच का गठन किया।

## मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले में किसानों को उन्नत कपास उत्पादन का दिया ज्ञान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले के ग्राम धमनगांव में आयोजित मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले में किसानों को उन्नत कपास उत्पादन की तकनीकों और आधुनिक पद्धतियों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक मधुबाबू ने लंबे रेशे वाली कपास की उन्नत किस्मों के बारे में बताया और उच्च घनत्व रोपण पद्धति को अपनाने पर बल दिया।

हैदराबाद से आभासी माध्यम से जुड़े कपास अनुसंधान के विशेषज्ञ डॉ. वाई.जी. प्रसाद ने किसानों को बीटी एवं नॉन-बीटी कपास किस्मों की विशेषताओं और उच्च घनत्व रोपण पद्धति के वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र सिंह ने कपास फसल में पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शासन किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और कपास जैसी नगदी फसल की वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, अरुण पाटिल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटील, जिला पंचायत में कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष किशोर पाटिल, उपसंचालक कृषि मनोहर सिंह देवके और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मेले में किसानों ने विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन कर उन्नत बीज, आधुनिक कृषि उपकरण और जैविक उत्पादों की जानकारी भी प्राप्त की।

# ईद की नमाज में मुल्क की सलामती की दुआ मांगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

सबसे बड़ा पर्व मुस्लिम समाज का जो पुरे माह रोजे इबादत और नमाजों का चला सभी ने इस पर्व मशगूल होकर इबादत की शुक्रवार शाम को ईद का चांद नजर आया और रमजान को अलविदा कहा गया शनिवार सुबह को ईद बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। ईद की नमाज सुबह नव बजे ईदगाह में आलीम हाजी हैदर बेग सहाब ने अदा कराई नमाज के बाद हाजी शाहिद बेग ने दुआ में मुल्क की सलामती अमन चेन और भाईचारा की दुआ मांगी ।

ईदगाह में दुआ के बाद सभी ने एक दुसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी । बड़ी संख्या मे लोग नमाज पढ़कर कब्रिस्तान पहुंचे और अपने मरहुमातो के कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़ी और उनकी मगफिरत की दुआए मांगी उसके पश्चात दीनभर सेवय्या और सीर



खुरमे की मिठास मे ईद की खुशियों का दौर चलता रहा । इस दौरान ईदगाह पर बच्चों ने भी ईद की खुशियों का जमकर लुत्फ उठाया ।

नगर की अन्य दो मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा हुई गोसिया मस्जिद बायपास रोड़ जहां आलीम सद्दाम खेरुल इस्लाम सहाब ने अदा कराई मदीना मस्जिद में शमीम आलीम सहाब ने अदा कराई। इस दौरान बड़ी संख्या मे पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग ईदगाह सहित मस्जिदों में नमाज तक तैनात रहा मुस्लिम समाज के वरिष्ठों मुस्लिम समाज सदर लखानी मेंव पुर्व मुस्लिम समाज सदर सलाम खान पठान, जनपद सदस्य प्रतिनिधि वकार खान गोल्डी, इकबाल खान मेंव, शराफत खान पठान, युनुस खान पत्रकार,अशरफ मंत्री सहाब आदि ने पुलिस प्रशासन एवं राजस्व अमले को ईद की मुबारकबाद देते हुए बेहतर व्यवस्था को लेकर उनका आभार माना ।।

## डॉ. रुद्राक्ष ए गीते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**खंडवा।** हिंदू नववर्ष नगर पन्धाना के लिए अत्यंत सुखद रहा, गुड़ी पड़वा के दिन अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण युवा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा हुई, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश बडोले जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा संगठन एड. श्री प्रबल भार्गव जी की अनुशंसा से नगर पन्धाना के डॉ रुद्राक्ष ए गीते को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नगर के युवाओं व वरिष्ठों ने इस अवसर शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए हर्ष व्यक्त किया।गुड़ी पड़वा के दिन ही डॉ रुद्राक्ष ए गीते ने राष्ट्रीय स्तर पर क्षारसूत्र सर्जरी के बारे में एक्सपर्ट स्पीकर के रूप में देश के विभिन्न चिकित्सकों को ज्ञान साझा किया ।

## अंतराष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**आलीराजपुर।** राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा अंतराष्ट्रीय खुशहाली दिवस 20 मार्च के अवसर पर आनंद के आयामविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भोपाल स्थित आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। शुभारंभ सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन आनंद विभाग के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में समाज में सकरात्मकता और सामुहिक खुशीयों का संदेश दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव को आलीराजपुर जिले की मास्टर ट्रेनर नीरजा चंदेल द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में राज्य आनंद संस्थान के समस्त जिले के मास्टर ट्रेनर आनंदक, यु.एच.वी. के कार्यक्रम को संचालित कर रहे प्राचार्य और संभाग कोऑर्डिनेटर एवं वालिन्टियर्स भी उपस्थित रहे। आलीराजपुर से मास्टर ट्रेनर अमित गहरवाल व नीरजा चंदेल ने सहभागिता की।

# 30 मार्च को भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

जियो और जीने दो का संदेश देने वाले अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव 30 मार्च को सकल जैन समाज द्वारा खंडवा नगर में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया की महावीर जयंती पर्व को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। भगवान आदिनाथ की जयंती से महावीर जयंती तक प्रतिदिन खंडवा के जैन मंदिरों धर्मशाला एवं अन्य स्थानों पर अलग-अलग मंडलों द्वारा भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम,पालना झुलाना, विनती का बुलावा कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित होकर भक्ति के साथ नृत्य कर रहे हैं और उत्साह से पर्व की तैयारी का आनंद ले रहे हैं। समाज के मीडिया प्रभारी सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि रात्रि में श्री चंद्र प्रभु जी मंदिर सेठी नगर में भगवान महावीर की जयंती के उपलक्ष्य सेठी नगर महिला मंडल द्वारा भक्ति गीत भजन संध्या का आयोजन हुआ। सचिव सुनील जैन ने बताया कि बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में बालक महावीर का आकर्षण पालना सजाया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कई गतिविधियां आयोजित की

**उज्जैन** । गत दिवस पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ भव्य स्तर पर हो चुका है। यह अभियान आगामी 30 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों में ग्रामीण अंचलों और नगरी निकायों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं । तराना विकासखंड की ग्राम पंचायत करेड़ी, सालनाखेड़ी, झिरनिया, कापडी, लिंबोदा, बलेड़ी, टुकराल, सामानेरा, खारपा, रायपुरा, बरगोदा, बघेरा, पानखेड़ी, नांदेड, कनार्दी और बरखेड़ा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता से जन सहयोग के माध्यम से देवालयों में स्थित जल स्त्रोतों की साफ सफाई की गई। स्थानीय तालाब अथवा जल स्त्रोतों का गहरीकरण किया गया। सार्वजनिक प्याऊ की स्थापना की गई। सार्वजनिक कुओं में से गाद निकालने का कार्य किया गया। ग्रामीण अंचलों में जल कलश यात्राएं भी निकाली गईं और जल जागरुकता के संबंध में संदेश दिया गया।

## सनावद पुलिस ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्यवाही

# नशीले पाउडर (ब्राउन शुगर) तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

सनावद पर अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी के मामले में शामिल कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने में सफलता हासिल की गई है थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में थाना सनावद की पुलिस टीम के द्वारा रात्रि गश्त के दौरान अनाज मंडी सनावद क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी ।

इसी दौरान पीरानपीर रोड अनाज मंडी के पास एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति तेज गति से आते दिखाई दिए । पुलिस द्वारा चेकिंग हेतु रोकने का प्रयास करने पर दोनों व्यक्ति मोटर साइकिल लेकर भागने लगे, जिससे संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया दोनों संदिग्ध व्यक्तियों से




उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम पवन पिता सदाशिव वर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 12 नया मछली बाजार बड़वाह तथा दूसरे ने अपना नाम मोईन शेख पिता युसूफ शेख उम्र 25 वर्ष निवासी मिर्जा मोहल्ला सनावद का होना बताया ।

पुलिस टीम के द्वारा मौजूद साक्षियों के समक्ष दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली गई जिसमें पवन एवं मोईन के पेंट की जेब से प्लास्टिक की थैली मिली जिसमे पाउडर भरा होना पाया गया जिसके संबंध में दोनों संदेहीयो से पूछने पर उन्होंने पाउडर को ब्राउन शुगर होना बताया पुलिस टीम के द्वारा पवन के पास मिली थैली का वजन करने पर 9 ग्राम 120 मिलीग्राम ब्राउन शुगर एवं मोईन के पास मिली थैली का वजन करने पर उसमे 3 ग्राम 530 मिलीग्राम ब्राउन शुगर होना पाई गई। जिसे पुलिस टीम के द्वारा नियमानुसार विधिवत जप्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 119/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया पुलिस टीम के द्वारा माननीय न्यायालय से आरोपी पवन का पुलिस रिमान्ड प्राप्त किया गया।

पुलिस रिमान्ड प्राप्त करने के उपरांत टीम के द्वारा आरोपी पवन से नशीले पाउडर ब्राउन शुगर को लाने के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई । पूछताछ में पवन ने उक्त ब्राउन शुगर को आमिन खान उर्फ महाराज से लाना बताया पवन से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम को रतलाम भेजा गया एवं रतलाम से आमिन पिता लियाकत खान उम्र ३० साल निवासी बरबड जिनिंग फैक्ट्री के सामने रतलाम को अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम के द्वारा आमिन खान उर्फ महाराज को भी माननीय न्यायालय पेश किया गया है जिसका भी पुलिस रिमान्ड प्राप्त कर कड़ी दर कड़ी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क एवं अन्य सप्लायर के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाएगी । जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

# खोजिए जिंदगी के हर पल में खुशियां



छोटी-छोटी समस्याएं तो आती रहती हैं इनसे परेशान न होकर उसमें ही खुशियां तलाश लेना चाहिए।

इंग्लैंड के प्रसिद्ध लेखक जॉन रस्किन एक समारोह में गए। उनके पास बैठी युवती के हाथ में एक सुंदर रूमाल था। उसे वह उपहार में मिला था। अचानक उस रूमाल पर कुछ गिर गया। उस पर गहरा धब्बा हो गया।

वह सुंदर युवती परेशान हो गई। पास में बैठे रस्किन ने उस लड़की से कहा कि कुछ देर के लिए अपना धब्बे वाला रूमाल मुझे दे दो। युवती ने अपना रूमाल दे दिया। रस्किन बड़े चित्रकार भी थे। वे रूमाल लेकर गए और उन्होंने थोड़ी देर बाद रूमाल लौटा दिया।

लड़की रूमाल देखकर बोली, यह मेरा रूमाल नहीं है। इस रूमाल पर तो धब्बा था। रस्किन ने कहा कि यह तुम्हारा ही रूमाल है जहां एक धब्बा था वहां उसी के सहारे मैनें एक सुंदर चित्र बना दिया है। जॉन रस्किन बोले, हम अपने व्यक्तित्व के धब्बों को भी इसी तरह सुंदरता में बदल सकते हैं। संक्षेप में- जिंदगी बहुत छोटी है। इसे खुशियों के साथ व्यतीत करना चाहिए। छोटी-छोटी समस्याएं तो आती रहती हैं इनसे परेशान न होकर उसमें ही खुशियां तलाश लेना चाहिए। यही बात जॉन रस्किन के प्रसंग से जाहिर होता है।

सम्पादकीय

## भारत पर युद्ध की आंच

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान से युद्ध छेड़कर पश्चिम एशिया में विनाश मचा दिया है और पूरी दुनिया में आर्थिक संकट पैदा कर दिया है। 22 दिन बीत जाने के बाद भी ईरान इजराइल और पड़ोसी फारस की खाड़ी के उन देशों पर मिसाइलें और ड्रोन दाग रहा है जहां अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने और खाड़ी देशों में तेल और गैस सुविधाओं पर जवाबी हमले करने से तेल और गैस की कीमतें बढ़ गई हैं जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था खतरे में पड़ गई है। युद्ध शुरू होने से पहले ही कई लोगों ने चेतावनी दी थी कि ईरान पर पूर्ण आक्रमण से क्षेत्रीय संकट उत्पन्न हो सकता है। ट्रम्प ने भी इतने लम्बे संघर्ष की कल्पना नहीं की थी लेकिन ईरान के लगातार मिसाइल हमलों ने ट्रम्प और नेतन्याहू के सामने बहुत बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। अब इस युद्ध की आंच भारत तक पहुंच चुकी है। घमासान के बीच भारत में भी प्रीमियम पैट्रोल और उद्योगों में प्रयोग किए जाने वाले डीजल के मूल्यों में बढ़ौतरी कर दी गई है। अभी सामान्य पैट्रोल और डीजल के दामों में कोई वृद्धि नहीं की गई। यदि तेल और गैस की सप्लाई लम्बे समय तक बाधित रही तो?इसका असर आम लोगों पर पड़ना तय है। उद्योग और व्यापार जगत पहले से ही दबाव में हैं।

भारत के लिए संकट केवल ऊर्जा का ही नहीं है। इसने सोने और हीरे से लेकर खाद और विमानन उद्योग तक कई सैक्टरों में संकट खड़ा कर दिया है। कुछ सैक्टरों पर इसका असर खासतौर पर ज्यादा है। भारत के लगभग 47.5 प्रतिशत हीरो के आयात, 63 प्रतिशत खाद, 50 फीसदी पॉलीमर और 48 प्रतिशत हाइड्रोकार्बन मिडिल ईस्ट से आता है। युद्ध संकट का असर आयात और निर्यात दोनों पर ही होगा। भारत मिडिल ईस्ट से सोना, हीरे और कीमती धातुओं जैसे कच्चे माल का आयात करता है। उन्हें देश के अन्दर ही प्रोसैस करता है। ऐसे में आयात में किसी भी तरह की रुकावट से निर्यात प्रभावित होगा। खाद का सैक्टर चिंता का मुख्य विषय बना हुआ है। मिडिल ईस्ट से आने वाली नाइट्रोजन-आधारित खाद पर अत्यधिक निर्भरता के कारण अगर सप्लाई में लंबे समय तक रुकावट रहती है तो ग्लोबल कीमतें बढ़ सकती हैं। सरकार को सब्सिडी बढ़ानी पड़ सकती है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान जैसा देखा गया था। इन खतरों के बावजूद विश्लेषकों का कहना है कि भारत की मैक्रोइकोनॉमिक स्थिति (समग्र आर्थिक स्थिति) अभी भी काफी मजबूत है।

आज शहीद दिवस पर विशेष

# क्या राष्ट्रप्रेम अब केवल एक प्रतीक भर रह गया है?

भारत हर वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाता है । यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा में अंकित वह क्षण है जब भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूम कर इतिहास को अमर कर दिया। लेकिन आज, जब देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष पार कर चुका है, एक असहज प्रश्न हमारे सामने खड़ा है कि क्या हम उस बलिदान की अग्नि को अपने भीतर जीवित रख पाए हैं, या वह केवल औपचारिक स्मरण तक सिमट गई है ? आधुनिक भारत की हाईटेक और डिजिटल होती पीढ़ी के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि आजादी कोई उपहार नहीं थी। यह उन अनगिनत क्रांतिकारियों की कीमत पर मिली, जिन्होंने अपने जीवन, अपने सपने और अपने परिवार तक को राष्ट्र के चरणों में समर्पित कर दिया।



अरविन्द रावल (दैनिक अवन्तिका)

भगत सिंह महज 23 वर्ष के थे, जब उन्होंने फांसी को गले लगाया। यह वही उम्र है, जब आज का युवा अपने करियर, सुविधाओं और निजी आकांक्षाओं के बारे में सोचता है। ऐसे में यह तुलना स्वयं में एक प्रश्न बन जाती है कि क्या हमारे समय का युवा उस युग के युवा के समान अर्थ रखता है? साइमन कमीशन के विरोध में लाला लाजपत राय पर हुए निर्मम लाठीचार्ज और उनकी मृत्यु ने भारतीय युवाओं के मन में क्रांति की ज्वाला भड़का दी। इसी ज्वाला का परिणाम था सांडर्स वध, जिसने ब्रिटिश साम्राज्य को यह संदेश दिया कि भारत का युवा अब अन्याय सहने को तैयार नहीं है। इसके बाद केंद्रीय असेंबली में बम फेंकने की घटना-जिसे भगत सिंह ने बहरों को सुनाने का प्रयास बताया था सिर्फ एक विस्फोट नहीं था, बल्कि विचारों का उद्घोष था। बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर उन्होंने गिरफ्तारी दी, ताकि उनका संदेश पूरे देश में गूंज सके।

जब अंग्रेजी हुकूमत ने इन युवाओं को फांसी की सजा सुनाई, तब पूरा देश उनके समर्थन में खड़ा हो गया। चंद्रशेखर आजाद ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, परंतु अल्फ्रेड



पार्क में लड़ते हुए उन्होंने भी अपने प्राण न्योछावर कर दिए। अंततः 23 मार्च 1931 की शाम, नियत तिथि से पहले ही, अंग्रेजों ने भयवश तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दे दी। यह केवल तीन व्यक्तियों की मृत्यु नहीं थी, बल्कि वह क्षण था जब एक राष्ट्र की चेतना और भी अधिक जागृत हो उठी। आज, दशकों बाद, स्थिति बदल चुकी है। राष्ट्रप्रेम अब कई बार प्रतीकों और अवसरों तक सीमित दिखाई देता है-सोशल मीडिया के स्टेटस, औपचारिक समारोह, और दो चार देशभक्ति गीतों तक। और अधिक चिंताजनक यह है कि समाज में एक विभाजनकारी मानसिकता पनप रही है- जहां समृद्ध वर्ग अपने बच्चों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक भविष्य चाहता है, जबकि सीमाओं की रक्षा का दायित्व मानो केवल सामान्य या मध्यम वर्ग पर छोड़ दिया गया है। यह सोच न केवल असंतुलित है, बल्कि राष्ट्र की एकता के लिए भी खतरा है।

राष्ट्रप्रेम कोई अवसर विशेष की भावना नहीं, बल्कि एक सतत चेतना है। यह जाति, धर्म, वर्ग और व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर राष्ट्र को सर्वोपरि मानने का दृष्टिकोण है। यदि आज की पीढ़ी इस मूल भावना से दूर होती गई, तो वह दिन दूर नहीं जब राष्ट्र का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। इसलिए, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे अमर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। शहीद दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है-यह देखने का कि क्या हम उस स्वतंत्रता के योग्य नागरिक बन पाए हैं, जिसके लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद दिवस हमें इतिहास को याद करने के साथ-साथ वर्तमान को परखने और भविष्य को दिशा देने का अवसर देता है। प्रश्न यह नहीं कि उन्होंने क्या किया-प्रश्न यह है कि हम क्या कर रहे हैं ?

## अमर बलिदानी

अमर वह देश पर हुए,
नाम आज भी है उनका
युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं,
वीर शहीद, अमर बलिदानी।
उनके प्राणों की आहूति,
हमारी आजादी की शान है
देश पर मर मिटे थे वह अभिलाषी,
वह वतन के रखवाले, अमर बलिदानी।
राजगुरु, सुखदेव व भगतसिंह अमर है,
भारत-माता की आन-बान और शान
उन्हें देश कभी भी नहीं भुला पाएगा,
वीर शहीद, अमर बलिदानी।
जिन्होंने लाला लाजपत जी
की शहादत देखी,
जालियाँवाला बाग का
नरसंहार देखा।
उनके मन में देश-प्रेम रहा,
वह आजादी के दीवाने,
वीर शहीद, अमर बलिदानी॥



हरिसिंह चौहान (दैनिक अवन्तिका)

## धुआं ही अब...

सुनो भई, यह जो ईरान के पार्श्व में स्थित हॉर्मुज का जलडमरूमध्य है, वह कोई भौगोलिक जलमार्ग नहीं, बल्कि भारतीय मीडिया के गिरगिटिया-तंत्र का एक ग्लोबल रिमोट कंट्रोल है। खुदा-न-खास्ता, वहां किसी जहाज ने रॉन्ग साइड पार्किंग कर दी, तो समझो हमारे न्यूज स्टूडियो में काष्ठ-लीला का महातांडव शुरू हो जाएगा। विशेषकर हमारे गिड़गिड़ चौधरी, जो अपनी खाल बदलने की गति से प्रकाश की चाल को भी मात दे चुके हैं, वे अपनी स्क्रीन पर डीएनए की जगह धुआं-धार, दावानल-दर्शन लेकर किसी शाकाहारी डायनासोर की तरह अवतरित होंगे। अभी कल तक जो चौधरी साहब एलपीजी के नीले बटन को स्वर्ग की चाबी बताकर राष्ट्र को सम्मोहित कर रहे थे, वे अचानक हाथ में एक घुणाक्षरित, दीमक-लदा लकड़ी का लट्ठा लेकर उसे डिजिटल इंडिया का नया एंटीना घोषित कर देंगे। इनका यह यू-टर्न देखकर डार्विन का विकासवाद भी उनके सामने पानी माँगने लगेगा। इनकी पत्रकारिता अभाव को भी आध्यात्मिक निर्वाण का द्वार सिद्ध कर सकती है।

जैसे ही खाड़ी से तेल के जहाजों का आवागमन अवरुद्ध होगा, रात नौ बजे गिड़गिड़ चौधरी अपनी मुखमुद्रा पर ऐसी ऐतिहासिक रुग्णता ओढ़ लेंगे जैसे उन्होंने कल ही पाषाण काल के आदिमानव के साथ बैठकर चकमक पत्थर घिसने का क्रैश-कोर्स पूरा किया हो। वे लकड़ी के एक झुलसे हुए, काले कुंदे को किसी नवजात शिशु की तरह चूमते हुए राष्ट्र से पूछेंगे- क्या आप जानते हैं कि गैस के चूल्हे की नीली लौ आपके भाग्य को भस्म कर रही है? क्या आप नहीं जानते कि लकड़ी के धुएं से जो आंखों में सावन-भादों की तरह अश्रुधारा प्रवाहित होती है, वह असल में कुदरत का दिया हुआ फ्री हाइड्रो-थैरेपी है? यह वह कालखंड होगा जब चौधरी साहब ग्राफिक्स के माध्यम से यह प्रमाणित करेंगे कि हमारे पूर्वज शतायु केवल इसलिए होते थे क्योंकि वे प्रातःकाल चूल्हे में सप्रेम फूंक मार-मारकर अपने फेफड़ों का पॉवर-लिफ्टिंग अभ्यास कर लेते थे। उनकी दलीलों में ऐसा रोमांचकारी कुतर्क होगा कि आपको लगेगा कि गैस सिलेंडर तो दरअसल विदेशी ताकतों का एक गोला था, जिसे हमारी प्राचीन फूंक-शक्ति को विनष्ट करने के लिए रसोई में प्लांट किया गया था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 मार्च 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:32 सूर्यास्त 18:35
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - पंचमी 18:38 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - कृतिका 20:49 उपरांत रोहिणी
योग - विष्कुंभ 12:22 उपरांत प्रीति
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृषभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 03 तारिख

**मेष-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृषभ-** कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे।

**मिथुन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**कर्क-** किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह-** शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**कन्या-** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल होंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी।

**तुला-** शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा।

**वृश्चिक-** लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी।

**धनु-** व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शुभ समय।

**मकर-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विवाद से क्लेश होगा।

**कुंभ-** दूसरों के उकसाने में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मीन-** व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। कोई बड़ी समस्या आ सकती है। धैर्य रखें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

व्यंग्य

## गौमाता के प्रति जागरूक होवे

सर्वप्रथम तो गौमाता की हत्या बंद होना चाहिए। मध्यप्रदेश में भी राज्य माता - स्वदेशी गौ माता का दर्जा दिया जाना चाहिए। माननीय मुख्यमंत्री जी डॉ मोहन यादव जी ने गोवंश हित में लगे रहकर जो पुनीत निर्णय लिए है`उनकी गोवंश सेवा के प्रति भक्ति वाकई प्रेरणादायक है।इससे जागृति अवश्य आएगी` गो भक्ति के सतत प्रयास से आने वाले समय में मध्यप्रदेश नंबर वन पर आएगा`माननीय डॉ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने प्रदेश की जनता से अपील की अगर आपके पास के हित पर्याप्त जगह है तो गाय अवश्य पाले देखा जाए तो हमारा पूरा जीवन गाय पर आधारित है।पशुओं के लिए चारे के संकट दिनों दिन गंभीर होता जा रहा है।पशुपालन,घी दूध महंगा होता जा रहा है।चारे के अभाव होने से पशुओं के लिए चारे का आहार का प्रतिशत काफी कम हुआ।चरवाह भूमि में बरसात में उगी घास से वे अपना उदर पोषण कर लेते मगर शेष मौसम उनके लिए दुखदायी होते है।पशुओं के लिए खेत मे कुछ भाग चारे जैसी फसल के लिए रखना आवश्यक है।विदेशो में भी अब गाय के स्पर्श को प्राथमिकता दी जाकर स्ट्रेस कम किये जाने का चलन हो चुका है।जिससे बीमारी ठीक होती है`गाय हमें सात्विक श्रद्धा प्रदान करती है`गौवंश की महिमा के बारे में ग्रंथों में उल्लेख है।धार्मिक आश्रमों, गौशालाओं में गोमाता के आहार एवं स्वास्थ्य की देखभाल हेतु शासन से पर्याप्त सुविधा मिलनी चाहिए ताकि सेवादारों पर आर्थिक भार न पड़े।क्योंकि वे गोमाता की सेवा तो करते ही है किंतु आर्थिक समस्या का भार से मुक्त होकर बिना चिंता के बेहतर सेवा दे सकें।गोवंश की रक्षा हेतु सभी को जागृत रहना होगा माननीय डॉ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने प्रदेश की जनता से अपील की अगर आपके पास के हित पर्याप्त जगह है तो गाय अवश्य पाले।





संजय वर्मा दैनिक अवन्तिका

## भगत सिंह भूले नहीं

भगत सिंह, सुखदेव क्यों, खो बैठे पहचान।
पूछ रही माँ भारती, तुम से हिंदुस्तान।।
भगत सिंह, आजाद ने, फूंका था शंख नाद।
आजादी जिनसे मिले, रखो हमेशा याद।।
बोलो सौरभ क्यों नहीं, हो भारत लाचार।
भगत सिंह कोई नहीं, बनने को तैयार।।
भगत सिंह, आजाद से, हो जन्मे जब वीर।
रक्षा करते देश की, डिगे न उनका धीर।।
मरते दम तक हम करे, एक यही फरियाद।
भगत सिंह भूले नहीं, याद रहे आजाद।।
मिट गया जो देश पर, करी जवानी वार।
देशभक्त उस भगत को, नमन करे संसार।।
भारत माता के हुआ, मन में आज मलाल।
पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से लाल।।
तड़प उठे धरती, गगन, रोए सारे देव।
जब फांसी पर थे चढ़े, भगत सिंह, सुखदेव।।
भगत सिंह, आजाद हो, या हो वीर अनाम।
करें समर्पित हम उन्हे, सौरभ प्रथम प्रणाम।।



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

# गले में खराश की समस्या से हैं परेशान तो आजमाए ये आसान उपाय

मौसम बदलते ही अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। कुछ लोगों को गले में जलन दर्द, खुजली, भारीपन और खराश का अनुभव होता है। लगभग सभी लोगों ने समय-समय पर गले में खराश को भी अनुभव किया होगा। गले में खराश, बुखार, एलर्जी, वायरल या जीवाणु संक्रमण के प्रारंभिक संकेत हो सकते हैं। गर्मी में जब ठंडी चीज, कोल्ड्रिंक, अचार आदि का सेवन किया जाएगा तो कई लोगों को गले में खराश की शिकायत होगी। अधिकतर मामलों में गले में खराश का घर पर ही आसानी से इलाज किया जा सकता है। अगर आपको भी गले में जलन या खराश की शिकायत होती है, तो आगे बताए तरीकों से गले की खराश या जलन को दूर कर सकते हैं।

### गले की खराश के सामान्य कारण

- फूड एलर्जी
- ड्रग एलर्जी
- बैक्टीरिअल या वारस इंफेक्शन
- डिहाइड्रेशन
- एसिड वाले फूड्स
- मेडिकेशन साइड इफेक्ट
- मौसम के मुताबिक गलत फूड का सेवन
- ठंडी चीजों का सेवन

**खट्टी चीजों का सेवन**

गले में खराश के साथ ही बहती या भरी हुई नाक, साइनस, आंख और त्वचा में खुजली, छींक आना, थकान, आंख में सूजन, लाल आंख, आंख में से पानी आना आदि लक्षण भी नजर आ सकते हैं। तो आइए अब गले में जलन या खराश से प्राकृतिक रूप से आराम दिलाने के उपाय भी जान लीजिए।

### नमक

गले में खराश से आराम दिलाने में नमक का पानी मदद कर सकता है। इसके लिए गुनगुना पानी लेकर उसमें आधा चम्मच नमक डालें। उसके बाद मुंह में 1 घूंट पानी लेकर 10 सेकेंड तक गार्गल करें। इसके बाद उस पानी को बाहर थूंक दें। इसके बाद फिर से इस प्रोसेस को दोहराएं। दिन में 3-4 बार ऐसा करेंगे, तो 1-2 दिन में काफी आराम मिल जाएगा।

### हनी

गले में खराश से राहत दिलाने में शहद काफी मदद कर सकती है। इसके लिए आपको कुछ नहीं करना है, बस सुबह-सुबह उठकर 1 चम्मच शहद खाना है। अगर शहद न खा पाएं तो 1 गिलास गर्म पानी में 1 चम्मच शहद मिलाकर पी सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें शहद प्राकृतिक होना चाहिए, उसमें कुछ मिलावट न हो।

### अदरक

अदरक की तासीर काफी गर्म होती है, इसलिए ध्यान से इसका सेवन करें। दरअसल, अदरक में जिंजरोल होता है, जिसमें शक्तिशाली औषधीय गुण होते हैं। आयुर्वेद में इसका प्रयोग सदियों पहले से होता आ रहा है। घरेलू नुस्खों में यह काफी काम आता है। गले की खराश दूर करने के लिए अदरक का एक टुकड़ा लेकर उसे कद्दूकस कर लें और 1 गिलास पानी में डालकर उबाल लें। लगभग 5 मिनट तक उबालने के बाद उस पानी को छान लें और फिर उसका सेवन करें। दिन में 2 बार इसका सेवन करें।

### हल्दी

हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है, जिस कारण से यह सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचा सकता है। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। गले की खराश में राहत के लिए एक पैन में 1 कप दूध डालें और उसमें 1 चम्मच हल्दी पाउडर डालें। ठंडा होने के बाद इसका सेवन करें। अधिक फायदे के लिए कच्ची हल्दी का भी प्रयोग कर सकते हैं।

धर्म-आस्था

# हरसिद्धि माता मंदिर: आज भी सिद्धि पाने के लिए प्रसिद्ध है ये स्थान

उज्जैन शहर में स्थित हरसिद्धि माता मंदिर भारत के 51 शक्तिपीठों में से एक है। यह मंदिर लगभग 2,000 वर्ष पुराना माना जाता है। यह मंदिर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के निकट स्थित है और उज्जैन के प्रमुख धार्मिक स्थलों में गिना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहाँ माता हरसिद्धि भक्तों की हर इच्छा पूर्ण करती हैं। प्राचीन शक्ति-परंपरा में हरसिद्धि माता का स्थान अत्यंत उच्च माना जाता है। हरसिद्धि माता को हरसिद्ध माता, हरसिद्धि शक्ति या अम्बिका के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर में शक्ति, भक्ति, तांत्रिक साधना और दिव्य सिद्धियों का अद्भुत संगम मिलता है।हरसिद्धि माता मंदिर का महत्व और पौराणिक मान्यताएं



मान्यता है कि जब भगवान शिव माता सती के शरीर को लेकर तांडव कर रहे थे, तब भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से उनके शरीर के अंगों को पृथ्वी पर गिराया। उज्जैन में माता सती की कोहनी गिरी थी, इसलिए यह स्थान शक्तिपीठ कहलाता है। हरसिद्धि माता को 'मांगल-चाण्डिकी' के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इनकी साधना से सभी प्रकार की दिव्य सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। राजा विक्रमादित्य देवी हरसिद्धि की नियमित आराधना करते थे और कहा जाता है कि उन्होंने देवी की कृपा से सभी सिद्धियां प्राप्त की थीं। लोककथाओं के अनुसार, देवी को प्रसन्न करने के लिए विक्रमादित्य ने देवी को हर 12 वर्ष में अपना सिर चढ़ाया था। ग्यारह बार उनका सिर लौट आया, पर 12वीं बार ऐसा नहीं हुआ। इसे उनके राजकाल के अंत का संकेत माना गया। हरसिद्धि मंदिर में आज भी साधक, शाक्त, तांत्रिक, अघोरी और नवदुर्गा उपासक साधना करने आते हैं। कथाओं में हरसिद्धि माता को भगवान कृष्ण की कुलदेवी भी बताया गया है। द्वारका में आज भी हरसिद्धि का मंदिर श्रद्धापूर्वक पूजा जाता है।

कहा जाता है कि उज्जैन की रक्षा के लिए कई देवियों का पहरा है, जिनमें से एक माता हरसिद्धि भी हैं। इस मंदिर में दो विशाल दीप स्तंभ (दीपमालाएँ) हैं, जिन पर नवरात्रि के समय हजारों दीप जलाए जाते हैं। गर्भगृह में माता हरसिद्धि की प्रतिमा स्थापित है, जो भक्तों को शक्ति और साहस प्रदान करती है। मंगलवार और शनिवार के दिन माता की विशेष पूजा का महत्व है। श्रद्धालु मानते हैं कि माता हरसिद्धि उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं और उन्हें संकटों से मुक्ति दिलाती हैं।

हरसिद्धि माता की कृपा के लाभमंदिर में पशु-बलि नहीं होती क्योंकि यहां की देवी को वैष्णव माना जाता है। इन्हें परमार वंश की कुलदेवी भी माना जाता है। भक्तों का मानना है कि हरसिद्धि माता की पूजा करने से मानसिक शांति मिलती है, भय और बाधा से मुक्ति मिलती है, तांत्रिक दोष शांत होता है, राहु-केतु से जुड़ी परेशानियों का निवारण होता है, कोर्ट-कचहरी या शत्रु संबंधी मामलों में विजय प्राप्त होता है, करियर और व्यापार में रुकावट दूर होती है, ग्रह बाधा का अंत होता है और कई तरह की सिद्धियाँ भी प्राप्त होती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,47,500, रवा- 1,47,400 चांदी- टंच- 2,27,000 पाट- 2,26,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# शुजालपुर में उल्लास और सौहार्द के साथ मनाई गई ईद उल फितर, दिनभर चला सिवइयों का दौर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

पवित्र रमजान माह की समाप्ति के बाद शनिवार को शहर में ईद उल फितर का पर्व पूरे हर्षोल्लास, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। शुक्रवार शाम चाँद दिखाई देने के बाद शनिवार सुबह शहर के ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समाजजनों ने विशेष नमाज अदा कर अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी।

ईद उल फितर त्यौहार के मौके पर शुजालपुर शाही इमाम के मार्गदर्शन में जामा मस्जिद से ईदगाह तक मस्लिम समाजजन जुलूस के रूप में पहुंचे। सुबह से ही शुजालपुर के ईदगाह और प्रमुख मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सिटी क्षेत्र के ईदगाह, भीमपुरा सहित अन्य मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज अदा की। वहीं मंडी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 21 स्थित मस्जिद में भी ईद की नमाज शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।



ईदगाह में मौलाना मुफ्ती इरशाद कासमी ने नमाज अदा कराई और अपने खुत्बे में समाज में भाईचारे, एकता और इंसानियत के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। वहीं मंडी जामा मस्जिद में मौलाना मुजाहिद ईशाअती द्वारा नमाज अदा कराई गई। नमाज के पश्चात सभी ने एक.दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी ईदगाह पहुंचे। कांग्रेस नेता रामवीर सिंह सिकरवार, गजेंद्र सिसोदिया, मंगल सिंह राठौड़, अचल सिंह मेवाड़ा, बल्ला सोनी, राजवीर सिंह सिकरवार एवं विक्रम सिंह बाढ़पुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुस्लिम समाजजनों को ईद की बधाई दी ।

पूरे शहर में ईद का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद दी और परंपरागत व्यंजन सिवैयाँ का स्वाद साझा किया। कई स्थानों पर सामाजिक मेल-मिलाप के कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जहां सभी समुदायों के लोगों ने सहभागिता निभाई। इसी प्रकार भीमपुरा मदरसा, इस्लामपुरा अकोदिया नाका व नूरपुरा , मंडी नूरानी जामा मस्जिद में ईद की विशेष नमाज अता की जाएगी। जामनेर, अरन्याकलां, अमलाय, अवंतिपुर बड़ोदिया क्षेत्र में भी ईद का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। घरों में नमाज के बाद सुबह से ही सिवैया, पापड, फेनी और लजीज पकवानों का दौर चला। ईद को लेकर प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा, मुस्लिम समाजजनों ने प्रशासनिक अमले को अच्छी व्यवस्था के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। पुलिस प्रशासन देर रात्रि से ही व्यवस्थाओं को लेकर एवं त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया जाए इसके लिए सजग था। पुलिस प्रशासन द्वारा सारी व्यवस्था का जायज रात्रि में ही ले लिया गया था, ईदगाह पर रात्रि से ही पुलिस बल को लगया गया। सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक को लेकर सुरक्षा के सारे इंतजाम किए गए।



## हिंदू समाज द्वारा ईद मिलन समारोह आयोजित

**कानड़ / शिवगढ़।** ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म का बेहद खास त्योहार माना जाता है. पूरे महीने रोजे रखने के बाद मुस्लिम समाज ने ईद पर्व मनायाा ईद के अवसर पर शिवगढ़ में हिंदू समाज द्वारा मुस्लिम समाज जनों का पुष्पमाला एवं सरोफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया। एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी ईद के पर्व पर नंदकिशोर शर्मा द्वारा कहा गया कि यह त्योहार खुशियां बांटने और आपसी भाईचारे को बढ़ाने का संदेश देता है ईद पर्व पर लाल सिंह मार साहब ने कहा समय के हिसाब से इंसान को ढ़लना ही पड़ता है सभी मिलजुल कर रहे आपस में ताल मेल बनाकर रखें इस अवसर पर उपस्थित सरपंच शंकरलाल पूर्व सरपंच लालसिंह कुम्भकार, मालवीय सचिव मनीष शर्मा गजराज सिंह, केशर सिंह, बद्रीलाल ,मुस्लिम समाज से, हाफिज शाजिद खान, मुमताज खां, वली मोहम्मद खां, करीम खां शाकिर खां सफी खान ने हिंदू समाज और मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 30वें दीक्षांत समारोह में चौहान सम्मानित



**तराना।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में हुए 30वें दीक्षांत समारोह में शोधार्थियों और विशेष उपाधि प्राप्त विद्यार्थी को सम्मानित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा विद्यार्थियों को उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसी क्रम में तराना के सिद्धार्थ सिंह चौहान पिता इंदर सिंह चौहान को बी एस सी ऑनर्स फोरेंसिक साइंस में विश्वविद्यालय में प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।सिद्धार्थ ने इस सफलता का श्रेय अपने विभागाध्यक्ष डॉ गणपत अहिरवार को दिया। सिद्धार्थ की इस उपलब्ध पर परिवारजन और मित्रगणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का सुसनेर में भव्य स्वागत



**सुसनेर।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अल्प प्रवास पर सुसनेर पहुंचे, जहां उनका स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकताओं द्वारा आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पर नगर में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी ने पुष्पमालाएं पहनाकर मंत्री विजयवर्गीय का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल महामंत्री कालुसिंह नाहरखेड़ा, लखन सेन, पार्षद प्रदीप सोनी, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, महेश शर्मा, कमल गर्ग सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। मंत्री विजयवर्गीय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय विकास को प्राथमिकता देते हुए नगरों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की और आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उनके संक्षिप्त प्रवास के दौरान कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने उनके साथ संवाद कर नगर के विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की।

## स्कूलों के करीब सवा तीन करोड़ बाकी, दो सत्रों से नहीं मिली राशि

**सारंगपुर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत जरूरतमंद बच्चों को निजी स्कूलों में पढाने की योजना लागू है, लेकिन सारंगपुर विकासखंड में इसका भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है। ब्लाक के लगभग 160 से अधिक निजी स्कूलों को शासन स्तर पर करीब सवा तीन करोड रुपए बकाया हैं। यह राशि उन बच्चों की पढाई के एवज में दी जानी है, जो कक्षा 1 से 8 तक आरटीई के तहत अध्ययनरत हैं। निजी स्कूल संचालकों के अनुसार, शासन ने दो शैक्षणिक सत्रों 2024-25 और 2025-26 का भुगतान अब तक नहीं किया है। प्रत्येक सत्र का बकाया लगभग करीब डेढ़ करोड रुपए है। भुगतान लंबित होने से कई निजी स्कूल संचालक आर्थिक दबाव में हैं। उनका कहना है कि स्कूल संचालन में फीस के अलावा कई अन्य खर्चे भी होते हैं, जिन्हें वहन करना कठिन हो रहा है। विकासखंड में हर साल आरटीई के तहत आवेदन लिए जाते हैं। इस योजना में निजी स्कूलों में सीमित सीटें उपलब्ध होती हैं। पहले यह संख्या कभी 1500 तो कभी 1800 सीटों के आसपास रही, जबकि इस वर्ष इसमें कमी आ रही है।


**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**

**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**

**0734-4041777, मोबा. 9977755777**


नवरात्र के चौथे दिन माता टेकरी पर उमड़ा सैलाब

## माता टेकरी पर भक्तों की भारी भीड़, दिनभर में 50 हजार लोगों के पहुंचने का अनुमान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में नवरात्र के चौथे दिन रविवार को माता टेकरी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय प्रशासन के अनुसार शाम तक करीब 50 हजार से अधिक भक्तों के दर्शन करने पहुंचने का अनुमान है। दूर-दराज के इलाकों से लोग परिवार सहित माता के दरबार में पहुंच रहे हैं।

नवरात्र शुरू होने के बाद से ही माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार शाम को भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे थे। हर दिन बढ़ती भीड़ से साफ है कि लोगों की आस्था और उत्साह दोनों चरम पर हैं। भक्त





विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं।

**तुलजा भवानी मंदिर को फूलों से सजाया**

नवरात्र के अवसर पर छोटी माता मां चामुंडा और बड़ी माता मां तुलजा भवानी के मंदिरों को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने टेकरी पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की है। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है।

हालांकि, पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। रोपवे से टेकरी जाने वाले लोगों को अपने वाहन भोपाल रोड और मक्सी रोड पर खड़े करने पड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में सप्तमी और अष्टमी पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिससे भीड़ और बढ़ सकती है।

## गणगौर पर्व का समापन, बाजार में निकले दूल्हा-दुल्हन बने आकर्षण का केन्द्र

**सुसनेर।** 16 दिवसीय गणगौर पर्व समापन पर शुक्रवार को नगर में गणगौर चल समारोह निकाला गया। माहेश्वरी और अग्रवाल सहित अन्य समाज की महिला मंडल की महिलाओं द्वारा शिशु मंदिर (बस स्टैंड) से शाम 6 बजे ढोल-ढमाके के साथ चल समारोह निकाला, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ सराफा बाजार पहुंचा। चलसमारोह में दूल्हा-दुल्हन आकर्षण का केन्द्र रहे। पहली बार गणगौर में महिलाओं में इस तरह का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान महिलाएं भगवान के भजनों पर नृत्य करते हुए चल रही थी। पहली बार आयोजन को नये रूप में किया गया। चल समारोह के पहुंचने पर दूल्हा-दुल्हन की शादी की रस्म अदा की गई। राजेन्द्र बजाज एवं परिवार की ओर भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इसके बाद गणगौर को पराम्परानुसार विदाई दी गई। चलसमारोह में दूल्हा- दुल्हन के रूप में बालिकाऐं शामिल हुई। जगह-जगह समाजसेवियों ने महिलाओं का स्वागत सम्मान किया।

## एचपीवी वैक्सीनेशन में लापरवाही पर कार्रवाई, जारी किए कारण बताओ नोटिस

**ब्यावरा-राजगढ़।** जिले में संचालित एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने समीक्षा बैठक में टीकाकरण कार्य की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न विकासखंडों में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की उपलब्धता एवं कार्य निष्पादन अपेक्षित स्तर से कम है। सोंगरपुर, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्रों में सीएचओ की औसत उपलब्धता लगभग 30 प्रतिशत रही, जो निर्धारित 52 प्रतिशत के औसत से काफी कम है। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिले के कुल 53 सीएचओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन का लक्ष्य 15,942 निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 8,478 हितग्राहियों को टीके लगाए जा चुके हैं।

## म.प्र. शिक्षक संघ ने हर्षोल्लास से मनाया गुड़ी पड़वा पर्व

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तनोडिया

नव वर्ष प्रतिपदा पर गुरुवार को स्थानीय प्राथमिक शाला नई बस्ती में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई द्वारा गुड़ी पड़वा पर्व मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण किया और गुड़, नीम, मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को शिक्षक कालू सिंह देवड़ा, सर्वेश घोंसले, तहसील अध्यक्ष गोपाल परमार, राजेश राव आदि ने संबोधित करते हुए हिंदू नववर्ष में सृष्टि के सृजन और विश्व में सनातन के महत्व को दशार्या और कहा कि सनातन संस्कृति की परंपरा सृष्टि के नवसृजन का प्रतीक है। इसी




दिन विक्रम संवत का प्रारंभमाना जाता है। नीम, गुड़, मिश्री का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है, इसी कारण चैत्र प्रतिपदा पर इसका प्रसाद वितरित किया जाता है। इस तरह का संदेश देते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामना दी गई। इस दौरान शिक्षक कालू सिंह देवड़ा, राकेश पाटीदार, भंवरसिंह राठौर, गोविंद भिलाला, अर्जुन पाटीदार, दीपक मंडवाल, चंदरलाल मालवीय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश चौधरी ने किया। अंत में अतिथियों का आभार तहसील अध्यक्ष गोपाल परमार ने माना।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ कायथा

शासकीय महाविद्यालय कायथा में महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पारंपरिक ज्ञान प्रणाली और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा प्रायोजित एवं शासकीय महाविद्यालय कायथा द्वारा आयोजित था जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में विज्ञान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। इस वर्ष की निर्धारित थीम वीमेन इन साइंस : केटेलाईजिंग विकसित भारत थी।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता डॉ. मनीष कुमार शर्मा (सहायक प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र, शासकीय माधव कला एवं विज्ञान महाविद्यालय) ने अपने व्याख्यान में विज्ञान के महत्त्व एवं उसकी आधुनिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात कायथा महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परम्परा के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार शाह ने प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला में विज्ञान एवं तकनीकी पक्षों का उद्घाटन किया तथा पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के महत्त्व को विस्तार से



समझाया। महाविद्यालय में ह्लपारंपरिक ज्ञान प्रणालियाँ एवं आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका संचालन सोनाली पाटीदार एवं चंचला जोशी द्वारा किया गया तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. शरद वर्मा एवं डॉ. कृष्णकांत शर्मा द्वारा किया गयो जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर मुख्य वक्ता डॉ. पी.एन. तिवारी, विभागाध्यक्ष, भूविज्ञान विभाग, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन ने रामायण में विज्ञान विषय पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए रामसेतु निर्माण के दौरान जिन पत्थरों का उपयोग किया गया था उसके पीछे के वैज्ञानिक कारण बताते हुए कहा कि तत्कालीन युग में सेतु निर्माण हेतु प्युमिका जैसे हल्के एवं छिद्रयुक्त पत्थरों का उपयोग किया गया जिनमें वायु के सूक्ष्म छिद्र होने के कारण उनका घनत्व कम होता है और वे पानी में तैर सकते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पृथ्वी विज्ञान के महत्त्व तथा प्रकृति और पर्यावरण के वैज्ञानिक अध्ययन के प्रति भी जागरूक कियो

द्वितीय वक्ता डॉ. हरीश व्यास, प्राचार्य, शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय ने वीमेन इन साइंस : केटेलाईजिंग विकसित भारत विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए इस बात पर विशेष बल दिया कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में शासन अपनी महती भूमिका निभा रहा है अतः महिलाओं को भी शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से प्रेरित करने की आवश्यकता है और वे स्वयं भी प्रेरित हो तथा आधुनिक विज्ञान की प्रगति के प्रति अद्यतन रहे आपने विज्ञान, तकनीकी, यांत्रिकी और गणित के क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं, छात्रवृत्तियों, मेंटरशिप प्रोग्राम और प्रेरणादायक रोल मॉडल्स की आवश्यकता पर भी जोर दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. व्यास ने इंटरनेशनल वुमन ब्रेकफास्ट के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### पोस्टर प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रानी सोनगरा तथा द्वितीय पुरस्कार खुशबू शर्मा को प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता में रानी सोनगरा एवं खुशबू शर्मा ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान तनु सिसोदिया एवं कुमकुम पाटीदार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान आगन्तुक अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार की सम्पूर्ण आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आभा तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुए। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रतिभा मरावी तथा सहझ्रसंयोजिका प्रो. खुशबू मालवीय एवं डॉ. रेखा चौहान थी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. कृष्णकांत शर्मा ने प्रस्तुत किया तथा प्रतिवेदन डॉ. रेखा चौहान द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




## तनोडिया में 76 मरीजो का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया

**तनोडिया।** स्थानीय मां लाल माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को टाटा केपिटल जिला अंधत्व निवारण समिति उज्जैन एवं शंकरा आई हास्पिटल इंदौर व जन अभियान परिषद के नेतृत्व में जगमोहन बोराना और उनकी टीम द्वारा 76 मरीजों का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 20 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। और 12 मरीज की आंख में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए शंकरा आई अस्पताल इंदौर भेजा गया। शिविर में मदन चौधरी, दिनेश तिवारी, मेहरबान सिंह चौधरी, दिलीप चौधरी, भवंरसिंह राठौड़,कमल यादव आदि यह जानकारी डॉ बाबु प्रजापत ने दी।

## 12 विधार्थियों का नवोदय में चयन

**तनोडिया।** नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा में स्थानीय नवोदय कोचिंग क्लासेस के चयनित विद्यार्थी



परीक्षा 2026 कक्षा 6 में एडमिशन हेतु सफल विद्यार्थी रितेश कुमार सूर्यवंशी पिता प्रकाश सूर्यवंशी (थड़ोदा),पुष्पलता मालवीय पिता राधेश्याम मालवीय तनोडिया,जयदीप बैरागी पिता मधुसूदन बैरागी (तनोड़िया),भूमिका चौधरी पिता राकेश चौधरी (तनोड़िया),चार्या पाटीदार पिता राकेश पाटीदार(तनोड़िया),त्रिशिका वसुनिया पिता गोविन्द वसुनिया ( तनोड़िया), रिदीका पंवार पिता गोविन्द सिंह पंवार ( दौड़खेडी), स्वाति पिता ईश्वरलाल (दौड़खेडी), वन्दना मालवीय पिता ईश्वर मालवीय (पिपलियां कला), मनोज मालवीय पिता कमल सिंह (भानेज मलवासा), नेतिक चौधरी पिता सुरेश चौधरी (झलारा उज्जैन) अर्पिता पिता दिलीप सिंह ( बडोदिया) ने भी भाग लिया था।जिसका परीक्षा परिणाम गत दिन घोषित किया गया। जिसमें से क्षैत्र के 12 विधार्थियों उर्तीण हुए। नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर सभी बच्चों के परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है।

## कल्याणमल बांठिया का निधन

**महिदपुर।** नगर के प्रमुख ठेकेदार एवं भवन निर्माण सामग्री विक्रेता, पूर्व न.पा. अध्यक्ष स्व. राजमल बांठिया के सुपुत्र कल्याणमल बांठिया का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आपने नगर में न.पा. मार्केट, शासकीय अस्पताल मार्केट, तेहसील के सामने मार्केट, सुबायत मार्केट, मार्केटिंग सोसायटी मार्केट निर्माण के साथ ही क्षेत्र में कई भवनों व सड़कों का निर्माण किया। आप एक अच्छे मिलनसार, मृदुभाषी व स्पष्ट वक्ता रहे है। आपकी अंतिम यात्रा रविवार शाम 5 बजे निवास से निकली। सत्या श्मशान में नगर के प्रमुख व्यक्तियों, समाज प्रमुखों व रिश्तेदारों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार गौरव खण्डेलवाल पिता श्री प्रमोदशंकर खण्डेलवाल, निवासी 16/3 मेट्रो टॉकिज के सामने शिवधाम परिसर उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे कमांक 169/3/5 रकबा 0.209 हे. ग्राम पंवासा मक्सीरोड उज्जैन पर स्थित है। इस भूमि के एक दिशा में रामप्यारीबाई पत्नि अशोक पाटीदार के स्वामित्व की बताई जाकर सरदार पटेल बिल्डकॉन भागीदारी कंपनी उज्जैन के नाम से रामप्यारीबाई, राजेश राठौर पिता श्री गौरीशंकर जी राठौर निवासी नानाखेडा उज्जैन द्वारा संयुक्त रूप से सरदार पटेल पार्क कालोनी पंवासा मक्सीरोड उज्जैन के नाम से एक कालोनी विकसित की जा रही है। उक्त कालोनी का कुछ भाग मेरे पक्षकार की भूमि पर अतिक्रमण करके किये जाने का प्रयास किया जा रहा है और इस कारण मेरे पक्षकार ने न्यायालय मे एक वाद प्रस्तुत किया है और न्यायालय पंचम व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन द्वारा प्रकरण ए-490/25 में दिनांक 23.1.2026 को अस्थाई निषेधाज्ञा (स्टे) प्रदान किया गया है। किन्तु इसके उपरांत भी उक्त लोग मेरे पक्षकार की भूमि पर कालोनी विकसित करना चाहते है। अतः कोई भी व्यक्ति इस संबंध मे किसी प्रकार का कोई क्रय विक्रय का व्यवहार माननीय न्यायालय के आदेश के पालन मे नहीं करे, अन्यथा ऐसा कोई व्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं रहेगा तथा न्यायालय के आदेश के अवमानना की श्रेणी मे आवेगा।

**पंखुरी समदानी हाईकोर्ट, एडवोकेट**
**स्थित-92, गाँदा चौकी, गुरू मंदिर के पास, फोन नंबर 0734-2551822 उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भवन क्रमांक 38 पश्चिम मुखी स्थित नीलगंगा यंत्र महल मार्ग कवेलू कारखाना उज्जैन वार्ड नंबर 46 भवन स्वर्गीय श्री जमनालाल पिता कन्हैयालाल जी नमादेव के स्वामित्व का रहा है जिसका एक वसीयत नामा पूर्व में स्वर्गीय जमनालाल जी के द्वारा दिनांक 21/10/2011 को संपादित किया गया था जो कि, स्वर्गीय जमनालाल जी के द्वारा अपनी संतानों के हित में किया गया था उक्त वसीयत एवं उसकी शर्तों की जानकारी समस्त वारीसानों को प्रारंभ से रही है। मेरे पक्षकार रामचंद्र नामदेव पिता स्वर्गीय श्री जमनालाल नामदेव को यह ज्ञात हुआ है कि, स्वर्गीय जमनालाल के पुत्र बाबूलाल नामदेव के द्वारा अन्य व्यक्तियों से उपरोक्त भवन एवं उसके भाग को वसीयत की शर्तों के विपरित जाकर विक्रय करने का अनुबंध संपादिन करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका की उक्त बाबूलाल नामदेव को कोई अधिकार नही है। इस कारण सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कोई भी व्यक्ति, संस्था बैंक आदि उक्त बाबूलाल नामदेव पिता स्वर्गीय श्री जमनालाल नामदेव से भवन कमांक 38 पश्चिम मुखी स्थित नीलगंगा यंत्रमहल मार्ग के संपूर्ण अथवा उपभाग के संबंध में विक्रय, अंतरण बाबत किसी भी तरह का कोई संव्यवहार, सौदा, अनुबंध आदि संपादित न करे अन्यथा उसकी संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधि क्रेता की रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 20/03/2026

**विवेक जोशी एडवोकेट**
**कार्यालय- 110 बैकुंठधाम कालोनी आपोजिट प्रवाह पेट्रोल पम्प मक्सी रोड उज्जैन, मोबा. 9425720116**

## खेत में फैले करंट के तारों से तेंदुए की मौत

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के चंदला के बंशिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कालिया बाबा स्थल के समीप एक निजी खेत के कुएं में मिले तेंदुआ की मौत हादसा नहीं बल्कि उसकी करंट लगने से पुष्टि हुई है। पन्ना टाईगर रिजर्व क्षेत्र के चिकित्सकों ने जब पोस्टमार्टम किया तो सामने आया कि खेत में फैले बिजली के करंट के तारों से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। ग्राम बंशिया में रहने वाले फूलचंद अग्निहोत्री के खेत पर स्थित बिना मुंडेर के कुएं में एक तेंदुए का शव जब शुक्रवार को मिला तो सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के डीएफओ ऋषि मिश्रा, एसडीओ स्वामी कार्तिकेय नायक, डिप्टी रेंजर नीलेश प्रजापति पन्ना टाईगर रिजर्व क्षेत्र के चिकित्सकों के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। तेंदुए के शव को कुएं से बाहर निकाल गया। लेकिन दिन ढल जाने की वजह से प्रोटोकॉल के अनुसार तेंदुआ का पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका। मौके पर पहुंचे डीएफओ ऋषि मिश्रा ने शनिवार की सुबह कार्यवाही के निर्देश दिए। खजुराहो डिप्टी रेंजर नीलेश प्रजापति की निगरानी में पूरी रात तेंदुआ का शव खेत पर ही रखा रहा। शनिवार की सुबह पन्ना रिजर्व टाइगर से डॉग स्क्रायड की टीम मौके पर पहुंची और सर्चिंग प्रारंभ की गई।

## सलम चमड़ा को लेकर प्रियंक कानूनगो का खुलासा

**भोपाल।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने गोमांस के मामले में आरोपी असलम चमड़ा को लेकर बड़ा खुलासा किया है। भोपाल में एक कार्यक्रम में कानूनगो ने मंच से कहा कि भोपाल पुलिस को छह माह पहले उन्होंने सूचना दी थी कि असलम चमड़ा ढाई सौ बांग्लादेशी रोहिंग्याओं को लेकर भोपाल में गोमांस का कारोबार कर रहा है। हमने उनके पते भी बताए थे, लेकिन भोपाल पुलिस ने यह जवाब दिया कि चमडा कसाईखाना नहीं चलाता। यह काम नगर निगम करता है। अब नगर निगम के अफसरों को गिरफ्तार करने कहता हूं तो नहीं कर रहे हैं। प्रियंक ने चौबीस घंटे पहले दिए गए अपने बयान को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी अपलोड किया है। उसमें वे कह रहे हैं कि असलम चमड़े वाला प्रकरण आपको पता है, अभी हुआ है। भोपाल के किसी व्यक्ति ने मुझे नहीं बताया। दिल्ली के एक युवा ने आकर मेरे घर पर मुझे यह बताया कि भाई साहब भोपाल में असलम चमड़ा नाम का एक आदमी है जो 250 बांग्लादेशी रोहिंग्याओं को लेकर भोपाल गया है और गाय काटने का धंधा कर रहा है।कानूनगो ने कहा कि 6 महीने पहले बताया था हमने, भोपाल पुलिस को नोटिस दिया था। हमने 6 महीने पहले बताया था कि असलम चमड़ा ढाई सौ बांग्लादेशियों को लेकर भोपाल में रह रहा है, घर के पते बताए थे। भोपाल पुलिस ने असलम चमड़ा का एक बयान लिया। बयान में असलम ने यह कहा कि कसाई खाना नहीं चलाता हूं, कसाई खाना तो नगर निगम चलाता है। इसके बाद भोपाल पुलिस ने हमको जवाब दे दिया कि असलम चमड़ा कसाई खाना नहीं चलाता है।

## 637 वोट से जीते कांग्रेस विधायक पर संकट

**रीवा।** रीवा के सेमरिया विधानसभा सीट से महज 637 वोटों से जीत हासिल करने वाले कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा की विधायकी पर संकट गहराता नजर आ रहा है। जबलपुर हाईकोर्ट ने उनकी जीत को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका को खारिज करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस विनय सराफ की एकल पीठ ने माना कि याचिका में उठाए गए आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर हैं और इनकी सुनवाई जरूरी है। इसके साथ ही मामले को ट्रायल के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। यह याचिका भाजपा प्रत्याशी कृष्णपति त्रिपाठी ने दायर की है। 2023 के विधानसभा चुनाव में अभय मिश्रा को 56,024 वोट मिले थे, जबकि त्रिपाठी को 55,387 वोट प्राप्त हुए थे। हार के बाद 16 जनवरी 2024 को हाईकोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी गई थी। याचिका में सबसे गंभीर आरोप नामांकन के दौरान दिए गए शपथ पत्र (फॉर्म-26) को लेकर है। आरोप है कि अभय मिश्रा ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाई और हलफनामे में लिखा याचिकाकर्ता ने आरटीआई के जरिए 9 मामलों का हवाला दिया है। कोर्ट ने कहा कि यदि यह आरोप सिद्ध होते हैं, तो इसे भ्रष्ट आचरण माना जा सकता है।

## कांग्रेस में अलग राह पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह

**भोपाल।** एमपी में विधानसभा चुनाव में पौने तीन साल बाकी हैं। लेकिन, कांग्रेस में पावर की रेस तेज है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कई नेताओं को मंत्री, उपमुख्यमंत्री बनाने की बात कह चुके हैं। तो कई मंचों से आदिवासी सीएम बनाने की मांग भी उठ चुकी है। अब पूर्व नेता प्रतिपक्ष और सीधी जिले की चुरहट सीट से सात बार के कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल प्रदेश भर में दौरे पर निकले हैं। अजय सिंह ने पिछले महीने चार दिनों तक चंबल का दौरा किया। अब वे बुन्देलखंड के दौरा करके पुराने कांग्रेसियों से मिल रहे हैं। अजय सिंह के पिता अर्जुन सिंह मप्र के मुख्यमंत्री और केन्द्र सरकार में मंत्री के साथ ही राज्यपाल भी रहे हैं। अजय सिंह भी मप्र सरकार में मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। अब वे अपने विंध्य क्षेत्र के अलावा दूसरे क्षेत्रों में सक्रियता बड़ा रहे हैं। दौरों में अजय सिंह के बयान साफ बता रहे हैं कि वे अपनी जगह खुद बना रहे हैं। और चुनाव के पहले विंध्य क्षेत्र तक सीमित न रहकर पूरे प्रदेश में अपनी टीम बनाने में जुटे हैं। 7 बार का विधायक, मेरे पास कोई काम नहीं-16 मार्च को बुन्देलखंड के दौरे पर निकले अजय सिंह ने ओरछा में रामराजा सरकार के दर्शन किए। इसके बाद वे निवाडी पहुंचे। यहां मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा-मैं फुर्सत में हूंज सात बार का विधायक हूं, ज्यादा काम धाम है। नहीं तो सोचा यही करूं।अजय सिंह ने निवाड़ी में कहा कि जो कांग्रेसी घर में बैठे है उन्हें जोड़ने के लिए मैं यह यात्रा कर रहा हूं।

### गुना में वर्दी पर हवाला का दाग, रक्षक ही बने भक्षक, एसपी की भूमिका पर गंभीर सवाल!

# हवालाकांड में मुख्यमंत्री ने गुना एसपी अंकित सोनी को भी हटाया

## थाना प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मी डीआईजी के आदेश पर रात में ही हो चुके हैं सस्पेंड



**गुना।** लोकतंत्र के प्रहरी कहे जाने वाले पुलिस महकमे ने गुना में जिस 'हवाला कांड' को अंजाम दिया है, वह केवल एक आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि संवैधानिक मर्यादाओं का 'संस्थागत चीरहरण' है। धरनावदा थाने के 4 पुलिसकर्मियों का निलंबन तो केवल एक 'सतही कार्रवाई' है। असली प्रश्न उस 'सत्ता और रसूख के शीर्ष' पर खड़ा है, जिसके संरक्षण में यह करोड़ों का काला खेल खेला गया।

दरअसल हवालाकांड की खबर जैसे ही वायरल हुई तो पुलिस महकमे में हडकंप मच गया। रातों रात डीआईजी अमित सांघी ने जांच पड़ताल की तो 4 पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं एसपी की संलिप्तता को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना जिले में तलाशी में मिली नकद राशि के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक की भूमिका को यथोचित न मानते हुए तत्काल प्रभाव से जिला पुलिस अधीक्षक, गुना अंकित सोनी को हटाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री यादव ने यह जानकारी एक्स हैंडल पर देते हुए स्पष्ट किया है कि प्रशासनिक शिथिलता, लापरवाही अथवा अनियमितता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने एक करोड़ रुपये की अवैध हवाला राशि पकड़ी, लेकिन उसे विधि सम्मत जब्त करने के बजाय 20 लाख में 'सैटलमेंट' कर दिया गया। यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता की मूल आत्मा और लोक सेवक की शपथ का खुला उल्लंघन है। डीआईजी अमित सांघी द्वारा आधी रात तक की गई पूछताछ ने इस 'खाकी सिंडिकेट' की चूलें हिला दी हैं। अब शहर में यह चर्चा का विषय है कि बिना पुलिस अधीक्षक की मौन सहमति या निर्देश के, अधीनस्थ कर्मचारियों में इतनी दुस्साहिक हिम्मत नहीं हो सकती कि वे करोड़ों की राशि का बंदरबांट कर सकें। जिले भर में एसपी की कार्यशैली गंभीर संदेह के घेरे में होने से जिले का मुखिया ही इस भ्रष्टाचार के 'पिरामिड' का आधार बन गया है? संवैधानिक सवाल ये था कि क्या प्रशासन केवल छोटी 'मछलियों' को बलि का बकरा बनाकर बड़े 'मगरमच्छों' को अभयदान देगा? किंतु इस बार मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से ऐसा नही हो पाया और अंत में उन्होंने एसपी को हटाने के निर्देश दिए। सवाल ये भी है कि यदि रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो आम जनमानस में विधि के शासन (रूल ऑफ लॉ) पर विश्वास कैसे टिकेगा? इसी को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने सिवनी हवाला कांड की तरह ही गुना हवाला कांड में कार्यवाही की है।

**चार पुलिसकर्मियों पर पहले ही गिरी गाज-** इससे पूर्व, शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ग्वालियर रेंज के डीआईजी अमित सांघी ने रूठियाई चौकी और धरनावदा थाने पहुंचकर मामले की गहन पड़ताल की थी। जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। सस्पेंड होने वालों में धरनावदा थाना प्रभारी एसआई प्रभात कटारे, रूठियाई चौकी प्रभारी एएसआई साजिद हुसैन, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार और आरक्षक सुंदर रमन शामिल हैं। डीआईजी ने माना कि 19 मार्च को वाहन चेकिंग के दौरान विधिसम्मत कार्रवाई नहीं की गई और पुलिसकर्मियों का आचरण संदेहास्पद रहा।यह पूरा घटनाक्रम नेशनल हाईवे-46 पर गुजरात पासिंग स्कॉर्पियों को रोकने से शुरू हुआ था। वाहन से करीब 1 करोड़ रुपये बरामद हुए थे, जिसे नियमानुसार जब्त करने के बजाय पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर 20 लाख रुपये लेकर रफा-दफा कर दिया। चर्चा यह भी है कि गुजरात के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद यह राशि वापस (रिफंड) की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और उस व्यापारी की भी तलाश की जा रही है जिससे यह 'सेटलमेंट' किया गया था।

# खेत में भड़की आग, तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक



दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

गर्मी की सुगबुगाहट और फसल कटाई के समय के बीच आगजनी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। रविवार दोपहर जिले के लालघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिल्लौद में एक गेहूं के खेत में अचानक भीषण आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया, जिससे किसान की महीनों की गाढ़ी कमाई और वहां खड़ी एक बाइक पल भर में जलकर राख हो गई।

गनीमत रही कि दमकल और पुलिस की मुस्तैदी से आग को और फैलने से रोक लिया गया। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच ग्राम दिल्लौद में यह हादसा हुआ। इस भीषण आगजनी में किसान धीरज सिंह की लगभग तीन बीघा में खड़ी गेहूं की पकी हुई फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को कुछ समझने या बचाव करने का मौका ही नहीं मिला। इसी दौरान खेत में मौजूद दिल्लौद नागटेकरी निवासी आयुष सिंह की मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आ गई और पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई।

**डायल 112 और दमकल ने पाया काबू-** खेत से उठती ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम के आरक्षक लाखन सिंह और पायलट कमलेश बड़कनिया बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल दमकल विभाग फायर ब्रिगेड को सूचित किया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया, जिससे आसपास के अन्य खेतों की फसलें राख होने से बच गईं। **शॉर्ट सर्किट की आशंका-**आग लगने का स्पष्ट कारण अभी जांच का विषय है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी और ग्रामीणों के अनुसार, खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन में हुए फॉल्ट (शॉर्ट सर्किट) से निकली चिंगारी को इस आगजनी की मुख्य वजह माना जा रहा है। इस घटना से पीड़ित किसान को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है।

## औदीच्य ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने निकाला भव्य जुलूस, भक्ति और उल्लास से सराबोर हुआ शहर

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

अखंड सौभाग्य और लोक आस्था के महापर्व गणगौर पर शहर में हर तरफ उत्सव और उल्लास का माहौल है। इसी कड़ी में, औदीच्य ब्राह्मण समाज की महिला शाखा ने अपनी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए एक भव्य गणगौर जुलूस निकाला। पारंपरिक परिधानों में सजी मातृशक्ति, मंगल गीतों की गूंज और उल्लास के बीच निकले इस चल समारोह ने पूरे शहर का माहौल भक्तिमय कर दिया। महिला शाखा अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में यह जुलूस वजीपुरा स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर से रविवार को धूमधाम के साथ प्रारंभ हुआ। शहर के प्रमुख धान मंडी, किला रोड, चौक बाजार और नई सड़क से होता हुआ जुलूस औदीच्य धर्मशाला परिसर पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया और अंत में धर्मशाला परिसर में विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ इसका समापन हुआ। इस चल समारोह में सजीव झांकियों और आकर्षक स्वरूपों ने सभी का मन मोह लिया। जुलूस में पूजा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा शर्मा ने राधा रानी का मनमोहक स्वरूप धारण किया था। इनके साथ ही खुशी शर्मा और यशवी ठाकुर दूल्हा-दुल्हन के वेश में सजी हुई थीं, जो जुलूस में विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में महिला शाखा अध्यक्ष के साथ मालती त्रिवेदी, अर्चना त्रिवेदी, संतोष शर्मा, विमला ठाकुर, गीता ठाकुर, सुनीता आचार्य, रमा त्रिवेदी सहित कई महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। जुलूस में समाज का मार्गदर्शन तिलोत्तमा शर्मा, सुधा द्विवेदी, राजमणि त्रिवेदी और संध्या त्रिवेदी ने किया।

## होटल में कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक स्थानीय होटल में काम करने वाले कर्मचारी का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। रात को सामान्य रूप से खाना खाकर सोया कर्मचारी जब अगली सुबह मृत पाया गया, तो सहकर्मियों के होश उड़ गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धारिया होटल की बताई जा रही है। मृतक की शिनाख्त 40 वर्षीय सीताराम सीता पर्वत के रूप में हुई है, जो इसी होटल में बतौर कर्मचारी काम करता था। होटल के अन्य कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को सीताराम बिल्कुल सामान्य था। वह अपना काम खत्म करने और खाना खाने के बाद रात को सोने चला गया था। रविवार सुबह जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आया, तो उसके सहकर्मी उसे जगाने के लिए कमरे में पहुंचे। वहां उन्होंने सीताराम को बेसुध पाया और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

# मधुमक्खियों के हमले में 24 भेड़ों की मौत, राजस्थान का चरवाहा घायल, पहले भी गंवा चुका है 220 भेड़े



दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

रोजी-रोटी की तलाश में सैकड़ों किलोमीटर दूर राजस्थान से मध्य प्रदेश आए एक प्रवासी चरवाहे पर कुदरत का ऐसा कहर टूटा कि कुछ ही पलों में उसकी 24 भेड़ों की दर्दनाक मौत हो गई। जिले के तिलावत पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलकनखेड़ी में हुए मधुमक्खियों के इस भीषण हमले ने न सिर्फ बेजुबानों की जान ली, बल्कि उन्हें बचाने के प्रयास में चरवाहा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पहले से ही भारी नुकसान का दंश झेल रहे इस चरवाहे के लिए यह घटना किसी बड़े और भयानक सदमे से कम नहीं है। चरवाहे हड़तीगा राम पिता रूपजी ने बताया कि वह राजस्थान के जालोर जिले की आहोर तहसील स्थित ग्राम कांबा का निवासी है। अपने साथियों के साथ करीब 350 भेड़ों के झुंड को लेकर चराई के लिए मध्य प्रदेश के शुजालपुर इलाके में आया हुआ था। रविवार को अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक चरवाहा बुरी तरह घायल हो गया, जिसे शुजालपुर में प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत में सीहोर रेफर कर दिया गया है। घटना में उसका एक अन्य साथी भी घायल बताया जा रहा है।

### पुलिस और पशुपालन विभाग ने किया मुआयना

हादसे की सूचना मिलते ही तिलावत पुलिस चौकी की टीम और पशु चिकित्सा विभाग का दल फौरन मौके पर पहुंचा। तिलावत चौकी प्रभारी घनश्याम बैरागी ने बताया कि सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए घटनास्थल का मुआयना किया गया और मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम कराकर आगे की आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

### चरवाहों में खौफ और आर्थिक संकट

इस अचानक हुए हमले से इलाके में डेरा डाले अन्य प्रवासी चरवाहों के समूह में भी दहशत का माहौल है। पीड़ित चरवाहे के परिजनों और साथियों ने बताया कि यह उनके लिए दूसरी बड़ी त्रासदी है। किसी अज्ञात कारण से वे पहले ही अपनी 220 भेड़ों को खो चुके हैं। अब 24 और भेड़ों की मौत ने उनकी कमर तोड़ कर रख दी है और उन्हें भारी आर्थिक संकट में धकेल दिया है।

## हादसे ने छीनी इंदौर के बांसुरी वादक वैभव की धुन; बीमा कंपनी को 85 लाख देने के आदेश



**इंदौर।** मशहूर बांसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया भी इंदौर के जिस उभरते कलाकार के मुरीद थे, अब उसकी जिंदगी बिस्तर पर कट रही है। ट्रक की टक्कर से उसके सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उसने अपना मानसिक संतुलन खो दिया। शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोटों के कारण वह पिछले आठ साल से बिस्तर पर है और पूरी तरह परिवार पर निर्भर हो चुका है। हालत इतनी गंभीर है कि वह अब किसी को पहचान भी नहीं पाता। कभी बांसुरी बजाने में माहिर यह छात्र अब अपनी ही दुनिया में खो गया है। इस मामले में कोर्ट ने ट्रक की बीमा कंपनी को 59 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है, जो ब्याज सहित करीब 85 लाख रुपए बनता है। यह हादसा 8 जुलाई 2018 को हुआ था। इंदौर के पंचवटी नगर निवासी 18 वर्षीय वैभव त्रिवेदी बाइक से देपालपुर से इंदौर आ रहा था। तभी रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसके सिर, हाथ-पैर, पीठ-पेट और कमर सहित कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह डेढ़ महीने तक इलाजरत रहा। इलाज के दौरान उसके सिर के ऑपरेशन हुए। साथ ही बाएं पैर का ऑपरेशन कर रॉड डाली गई। साथ ही जबडे का भी ऑपरेशन हुआ, लेकिन वह बिस्तर पर ही है। ऐसी हालत में वह सिर्फ देख ही सकता है, जबकि परिवार के इक्का-दुक्का लोगों को छोड़कर किसी को नहीं पहचान पाता। डॉक्टरों का कहना है कि उसकी ऐसी स्थिति अब स्थायी ही रहेगी। वैभव एनिमेशन का कोर्स करने के साथ ट्यूशन प?ाता था जिससे उसे 10 हजार रुपए मिलते थे। हादसे के बाद पीड़ित छात्र के पिता सुरेंद्र त्रिवेदी ने 7 मार्च 2019 को जिला कोर्ट में मुआवजे के लिए केस दायर किया। उन्होंने करीब 79 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की। इस केस में ट्रक ड्राइवर योगेश वर्मा (निवासी बजरंग नगर, इंदौर), ट्रक मालिक मेहमूद खान (निवासी चंदन नगर) और नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को पक्षकार बनाया गया। मामले में बीमा कंपनी की ओर से यह दलील दी गई कि ट्रक ड्राइवर के पास वैध और प्रभावी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, इसलिए कंपनी इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं है। दुर्घटना में घायल छात्र वैभव को तीन बार अलग-अलग दौर में सुयश हॉस्पिटल में एडमिट किया जबकि इसके बाद सरकारी एमवाय हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। बताया गया कि उसकी स्थिति इतनी खराब थी कि भोजन देने के लिए पेट में नली डालने का ऑपरेशन भी किया गया। बताया गया कि वैभव को औथी बार एमवाय हॉस्पिटल से 16 अक्टूबर 2018 को एडमिट कर 19 अक्टूबर 2018 को डिस्चार्ज किया गया। उसके बाद से वह दूसरों पर आश्रित है।

## बाउंसर ने गन दी...साधु ने कैमरामैन को मार दी गोली

**रीवा।** रीवा में कलश यात्रा के दौरान शूटिंग कर रहे कैमरामैन को गोली लगने का वीडियो सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि वीडियो में गोली चलाने वाले साधु माधवेंद्र भदौरिया और उसके साथियों का चेहरा साफ नजर आ रहा है, लेकिन घटना के चार दिन बाद भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करना तो दूर, बल्कि अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की है। मामला समान थाना क्षेत्र के गुलाब नगर का है। यहां 19 मार्च को चैत्र नवरात्र पर कलश यात्रा निकाली जा रही थी। इसमें काला चश्मा, सफेद पगडी और भगवा कपडे पहने एक शख्स शामिल हुआ। उसके साथ सफारी शूट पहने हुए चार गनमैन भी थे। वीडियो में दिख रहा है कि यात्रा के दौरान एक गनमैन साधु को एक गन लोड कर देता है और साधु उसे हवा में फायर करता है। बताया जा रहा है कि इस दौरान साधु ने कई फायर किए। इनमें से एक फायर वीडियो शूट कर रहे पवन सिंह नाम के शख्स के पैर में लगा। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने कैमरा और कार्ड जब्त कर लिया है। बागेश्वर महाराज बोले- सनातन के लिए बोलोगे तो मारे जाओगे

## मथुरा में फरसा बाबा की हत्या पर भड़के

**खजुराहो।** मथुरा में फरसा वाले बाबा उर्फ साधु चंद्रशेखर सिंह (45) की मौत पर बागेश्वर महाराज ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने फरसा वाले बाबा की हत्या में शामिल दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। बागेश्वर महाराज इन दिनों माता रानी की साधना में लीन हैं। शनिवार शाम भक्तों को दर्शन देते समय उन्होंने इस घटना का जिक्र किया। कहा- मुझे फरसा बाबा की हत्या की सूचना मिली थी। महाराज ने फरसा बाबा को एक समर्पित गोरक्षक बताया। उन्होंने कहा कि फरसा बाबा गो तस्करी रोकने के लिए सीधे तौर पर लड़ते थे। उन्होंने सरकार से इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों को फांसी की सजा देने की अपील की। बागेश्वर महाराज ने कहा- बहुत बुरा किया है और इस प्रकार से यदि सनातनियों पर उंगलियां उठेंगी तो कोई हिंदुत्व के लिए ल?ने के लिए आगे नहीं आएगा। इस देश में सबसे बड़ा अपराध होने लगा है कि यदि आप हिंदू के लिए, हिंदुत्व के लिए, सनातन के लिए बोलोगे तो मारे जाओगे। बागेश्वर महाराज ने कहा- हम भी लगातार उस समस्या से जूझ रहे हैं। हमें और हमारे परिवार को लगातार मारने की धमकियां दी जाती हैं। षड्यंत्र किए जाते हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि जो लोग हिंदुत्व और सनातन के लिए जी रहे हैं, उनका समर्थन किया जाना चाहिए।

## मंत्री यहीं के फिर भी बिजली-पानी की सुविधा नहीं

**सीहोर।** सीहोर के इछावर में ग्राम लोहा पठार पहुंचे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने रविवार को जीतू पटवारी ने मध्यप्रदेश सरकार को घेरा। पटवारी ने लोगों के साथ बैठकर सीएम को संबोधित करते हुए एक वीडियो जारी किया। इसमें वह कह रहे हैं कि आईटी-एआई के जमाने में गांव में फोन के कनेक्शन तक नहीं आते। पटवारी ने कहा आप दिन में किसानों को लाइट देने का वादा करते हैं। उसके बाद भी रात में घरों में लाइट नहीं आ रही है। 25 साल से आपकी सरकार है और हालत बिजली-पानी तक पानी नहीं है। यह जगह भोपाल से 20-25 किमी दूर ही है। यहां से मंत्री हैं फिर भी इस तरह की हालत है। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना, जहां उन्हें बिजली, पानी और मोबाइल नेटवर्क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी से अवगत कराया गया। इस दौरान पटवारी के साथ इछावर के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती भी मौजूद थे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर काफी देर तक चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली और पानी की गंभीर कमी है। पानी के लिए लगाई गई टंकियां भी हटा ली गई हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। इसके अलावा, डिजिटल युग में भी गांव में मोबाइल टावर नहीं है, जिसके कारण ग्रामीण मोबाइल संचार से वंचित हैं। जीतू पटवारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इन अव्यवस्थाओं को लेकर आवाज उठाएंगे और संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करेंगे।

न्यूज-कॉलम

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत, साथी गंभीर



**मंदसौर।** जिले के नई आबादी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजखेड़ी फंटे पर शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशुतोष चौहान पिता प्रकाश चौहान और हिमांशु गुर्जर शनिवार रात अपने किसी परिचित का जन्मदिन मनाकर सीतामऊ की ओर से मंदसौर लौट रहे थे। इसी दौरान बाजखेड़ी फंटे पर डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आशुतोष की घटनास्थल पर ही सांसें थम गईं। वहीं हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भीलवाड़ा रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में घायल बाइक चालक की मृत्यु

**मन्दसौर।** जिले के गांधीसागर नं. तीन व आठ के बीच एक सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर आरोपी मोटरसाइकिल क्र. एमपी 42 एमटी 4552 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 मार्च की रात करीब 10.30 बजे हुई इस दुर्घटना की रिपोर्ट फरियादी भंवर सिंह पिता ईश्वरसिंह राजपूत उम्र 39 वर्ष निवासी सेमलिया काजी थाना अफजलपुर ने की है कि घटना दिनांक को आरोपी मोटर साइकिल के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर दिग्विजय सिंह पिता मोतीसिंह उम्र 42 वर्ष निवासी सेमलिया काजी की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी इस हादसे में दिग्विजय सिंह नीचे गिर गया व उसके सिर व मुंह पर गंभीर चोंटे आने पर उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

## नवोदय विद्यालय परीक्षा में दो बच्चों का चयन

**नीमच।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढोलपुरा से प्रधानाध्यापक सिद्धू लाल पुरोहित द्वारा लगातार शैक्षिक नवाचार संदीपनी पुरस्कार एवं नवोदय परीक्षा के लिए स्पेशल प्रत्येक रविवार को क्लास लगाने के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप नवोदय विद्यालय के लिए कक्षा पांचवी से दो बालकों का चयन हुआ है भैया राहुल भील और कंवरलाल भील दोनों ने मेरिट लिस्ट में आकर के एडमिशन हेतु चयनित हुए हैं विद्यालय में पिछले तीन वर्षों से स्थापित सांदीपनि पुरस्कार के अंतर्गत जो बच्चे कक्षा पांचवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम आते है, एवं नवोदय परीक्षा में चयनित होते हैं उन छात्रों को विद्यालय प्रधानाध्यापक सिद्धू लाल पुरोहित द्वारा स्थापित सांदीपनि पुरस्कार के अंतर्गत एक हजार नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किए जाते हैं।

## जलगंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक आज

**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत जनसहयोग एवं जन भागीदारी से और विभिन्न विभागों की समेकित पहल से नवीन जल संग्रहण संरचना निर्माण, पुरानी संरचनाओं का जीर्णोद्धार, मरम्मत जल संबंधित प्रचलित कर्यो की पूर्णता, राजस्?व रिकार्ड में जल संग्रहण संरचनाओं व नहरों को अंकित करने, मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण की तैयारी आदि कार्य किए जा रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की कार्य योजना तैयार करने के संबंध में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आज 23 मार्च 2026 को दोपहर 12.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

**नाबालिग युवक को खेत पर लगा करंट, हुई मौत**

**रतलाम।** सैलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयापाड़ा में एक 15 वर्षीय नाबालिग युवक करंट की चपेट में आ गया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

# विधायक सामुदायिक भवन है आमजन की संपत्ति : मंत्री काश्यप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम




विधायक सामुदायिक भवन आमजन की संपत्ति है, नागरिकों के मांगलिक व अन्य कार्यक्रम अपने ही क्षेत्र में संपादित हो इस हेतु विधायक सामुदायिक का निर्माण किया जा रहा है ताकि नागरिकों को सुविधा हो।

उक्त उदगार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य काश्यप ने वार्ड क्रमांक ७ स्थित जनता नगर नयागांव में विधायक एवं निगम निधि से 51 लाख की लागत से विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होने इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल व निगम परिषद की प्रशंसा करते हुए कहा कि निगम परिशद ने अपने कार्यकाल में 300 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कर इतिहास रचा है, विकास का यह क्रम रूकेगा नहीं।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ नागरिकों ने हमें चुनकर भेजा है यही आशा व विश्वास हमें विकास कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है। इस क्षेत्र की वर्षो पुरानी मांग आज पुरी होने जा रही है विधायक सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण होने पर नागरिक अपने छोटे-मोटे मांगलिक व अन्य कार्यक्रम पूर्ण कर सकेंगे।

उन्होने कहा कि नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने शहर को साफ-स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण योगदान दें, स्वच्छता निरंतर चलने वाला कार्य है इसे अपनी आदत में शामिल करें। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर के चंहूमुखी विकास के लिये निगम परिषद कटिबद्ध है, नगर का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां विकास कार्य नहीं हो रहे है, शहर की दशा-दिशा दिन प्रतिदिन बदलती जा रही है व रतलाम नगर से महानगर की ओर बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देवश्री पुरोहित ने इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण की जानकारी से अवगत कराते हुए क्षेत्र को सामुदायिक भवन की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया।

प्रारंभ में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, नन्दकिशोर पवांर, श्रीमती अनिता कटारिया, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देवश्री पुरोहित, महापौर परिषद सदस्य धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, पार्षद श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती अनिता वसावा, पार्षद प्रतिनिधि हेमराज वसावा के अलावा धर्मेन्द्र देवड़ा, करण वशिष्ठ, चेतन टांक, प्रदीप राव सहित क्षेत्रिय नागरिकों ने विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। भूमि पूजन पश्चात आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पहार व पुष्प गुच्छ से किया गया।



## ग्राम देशवालिया में बिजासन देवी मन्दिर पर रामनवमी धूमधाम से मनेगी

**जावरा ।** रामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम देशवालिया में मां बिजासन देवी की विशेष पूजा अर्चना कर अंलसें परिवार समाजजन एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धूमधाम से मनाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर मदनलाल गांगले मां बिजासन देवी सेवा समिति अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र अंलसे देशवालिया एवं ललित पांडे ने बताया कि देशवालिया में रामनवमी के अवसर पर समस्त परिवारजन व समाजजन एक साथ एकत्रित होकर मां बिजासन देवी की विशेष पूजा अर्चना करेंगे ।उल्लेखनीय है की मां बिजासन देवी मूर्ति की गत वर्ष ही प्राण प्रतिष्ठा हुई है ।उक्त आयोजन के लिए व्यापक रूप से तैयारीया की जा रही है। उक्त आयोजन के लिए ग्रामीण जनों में काफी उत्साह बना हुआ है। समिति अध्यक्ष डॉ अंलासे ने उक्त आयोजन में आमजन से उपस्थित रहकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# निजी अस्पताल की लापरवाही पर उपभोक्ता आयोग ने डॉ. एवं अस्पताल पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

जिला उपभोक्ता विवाद प्रति तोषण आयोग रतलाम ने एक फैसले में चिकित्सा में लापरवाही को मानते हुए निजी अस्पताल एवं डॉक्टर पर 10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाने का आदेश दिया। वर्तमान में निजी अस्पताल जावरा से बंद हो गया। अधिवक्ता मनीष त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम पंचेवा (पिपलोदा )निवासी यशोदा बाई 35 पेट दर्द के इलाज के लिए भीमा खेड़ी चौराहा स्थित पाटीदार मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पहुंची थी। यहां डॉक्टर पूजा देवड़ा ने महिला मरीज के पेट में गांठ बताकर जल्द ऑपरेशन करने की सलाह दी ।मरीज को यह भी कहा कि यदि ऑपरेशन शीघ्र नहीं कराया गया तो गांठ फट सकती है। और कैंसर का खतरा भी हो सकता है । 19 नवंबर 2022 को ऑपरेशन कर गांठ निकाल दी गई। 23 नवंबर को महिला को अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। लेकिन महिला के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ पेट में दर्द यथावत बना रहा ।मरीज का ऑपरेशन के दौरान पर्याप्त जांच किए बिना एवं बिना सहमति के बच्चेदानी निकाल दी गई। इसमें गंभीर लापरवाही एवं अधिकारों का उल्लंघन है ।

पीड़िता ने उक्त गंभीर लापरवाही की शिकायत प्रशासन एवं पुलिस से की थी इस पर प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई करते हुए पूर्व में 50 हजार का जुमार्ना लगाया गया था। लेकिन पीड़ित महिला ने पूर्व हुई जांच से संतुष्ट न होकर अपने अधिवक्ता त्रिवेदी के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया ।आयोग ने सुनवाई के बाद डॉक्टर पूजा देवड़ा व पाटीदार अस्पताल के संचालक को दोषी पाया ।आयोग ने 10 लाख रुपए का हजार्ना अदा करने का आदेश दिया ।परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से भुगतान तक 6प्र तिशत वार्षिक ब्याज देने के निर्देश भी दिए। उक्त राशि 60 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। इसके अलावा मेडिकल काउंसिल द्वारा भी डॉक्टर को दोषी मानते हुए तीन माह के लिए डॉक्टर का पंजीयन निलंबित करने की अनुशंसा की गई है।

## बलवंत भाटी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री बने

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार के तहत



रतलाम के सक्रिय और अनुभवी नेता बलवंत भाटी को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। बलवंत भाटी लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे भाजपा के दो बार जिला उपाध्यक्ष तथा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही वे रतलाम के महापौर पद एवं जिला अध्यक्ष के प्रबल दावेदारों में भी शामिल रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव, समर्पण और कार्य शैली को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा को प्रदेश स्तर पर और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नियुक्ति के पश्चात बलवंत भाटी ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

## सिविल जज परीक्षा में चयनित गुप्ता ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र



**मंदसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय द्वारा ग्राम भूनिया खेड़ी में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन बौद्धिक चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुजरात सिविल जज परीक्षा में 11वां स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री झील गुप्ता रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास ही किसी भी बड़ी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी बाधा आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर करण आर्य, सौम्या जैन, चंचल शर्मा, हेमलता चौहान और प्रवीण चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी प्रार्थना जोशी ने किया।

# गेंहू पर किसानों को 40 रुपये बोनस जले पर नमक छिड़कना है-सिसौदिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों को बोनस के रुपये 40 रुपये दिए जाने से आक्रोशित किसानों के साथ कांग्रेसनेताओ ने रविवार को क्षेत्र में कई गेंहू के खेतो में जाकर किसानों से चर्चा की व किसानों को पुष्पमाला पहनाकर उनका सम्मान भी किया।

इस मौके पर किसान कन्हैयालाल ररोतिया ने बताया कि मेने 4 बीघा में गेंहू बोए है मंडी में गेंहू 1800 से 2200 रुपये ही बिक रहे है वही मजदूर गेंहू काटाई जे 4000 से 4500 सो रुपये बीघा की काटाई के ले रहे है महंगा खाद,बीज कीटनाशक मेहनत के बाद भी लागत मूल्य नही मिल पारहा है किसान कर्ज में डूबता जारहा है घर परिवार चलाना,बच्चों की पढ़ाई,लिखाई सामाजिक कार्यो को करने के लिए उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है।

किसान विष्णु ररोतिया ने कहा कि क्षेत्र में विगत माह तेज बारिश व ओला वृष्टि से कई गांवों में अफीम,गेंहू,चने की व अन्य फसले पूरी तरह चौपट होगई प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश जी देवड़ा ने स्वयं फसल नुकासानी को देखा था उसके बाद भी आज तक किसानों के खाते में किसी प्रकार का कोई मुआवजा नही आया।

प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा की सरकार किसान विरोधी होकर पूंजीपतियों की सरकार है।

# पुलिस ने दुकान में चोरी किया मश्रुका व बाईक जब्त कर आरोपी को पकड़ा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे चोरी के अपराधों में आरोपियों की धरपकड हेतु अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्री नवलसिंह सिसौदिया व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमचकेंट टीम द्वारा थाना नीमचकेंट के अपराध में आरोपी साहिल को गिरफतार कर चोरी किया मश्रुका व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

**घटना का विवरण** - 11 मार्च को फरियादी मोहम्मद रफीक पिता कमरूद्दीन कुरैशी निवासी राजीव नगर नीमच ने थाना नीमचकेंट उपस्थित होकर रिपोर्ट किया की मैं राजिव नगर, नीमच में रहता हूँ तथा माहाराणा बंगला, जारोली काम्पलेक्स, नीमच में मेरी एल्युमीनियम सेक्शन की आर. के. ट्रेडर्स के नाम से दुकान चलाता हूँ। जहाँ पर मेरा एल्युमीनियम सेक्शन से संबंधित सारा सामन भी रखा रहता है 9 मार्च को शाम 5 बजे के लगभग मैं अपनी उक्त दुकान को बंद कर व दुकान की शटर के दोनो तरफ ताला लगा कर रोजा होने से घर पर चला गया था। बाद 10 मार्च को सुबह मैं अपनी दुकान पर आया तो देखा कि दुकान की शटर का एक तरफ का ताला टूटा हूआ था। टूटे हूए ताले की तरफ से शटर को उचा कर खोल रखा था।

मैने दुसरी तरफ का शटर खोल कर दुकान के अंदर जाकर देखा तो दुकान मे रखा एल्युमिनियम सेक्शन प्रत्येक की लम्बाई 15 फिट, कुल 15 बन्डल जिनका कुल वजन ७५० कि.ग्रा. था वह वहाँ पर नहीं मिले तथा एक हिटाची कम्पनी का हेन्डकटर, तथा एल्युमिनियम से संबंधी सामग्री व मेरे दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी नहीं था।

## एनएसएस शिविर में ग्रामीणों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

**मंदसौर।** उद्यानिकी महाविद्यालय द्वारा ग्राम मोहम्मदपुरा (मैनपुरिया) में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वास्थ्य और कृषि जागरूकता पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। रेड रिबन क्लब के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की एड्स नियंत्रण समिति के सदस्य डॉ. राजेश रजक ने ग्रामीणों और स्वयंसेवकों को एचआईवी/एड्स के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बीमारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने रैली और पोस्टर निर्माण के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। शिविर के शाम के सत्र में किसान संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी.एस. चुण्डावत और सहायक प्राध्यापक डॉ. रोशन गलानी ने किसानों को खेती की वर्तमान समस्याओं के समाधान बताए। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप तुरुकमाने के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## विधायक ने क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास को नई गति दी

**नीमच।** क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास को एक नई गति देते हुए विधायक दिलीपसिंह परिहार के प्रयासों से स्वामी विवेकानंद कॉलेज, नीमच को 2.83 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हुई है। इस राशि से कॉलेज परिसर में दो आधुनिक सेमिनार हॉल, दो प्रयोगशालाएं एवं दो स्टाफ कक्षों का निर्माण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विधायक परिहार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा की मांग पर विधायक परिहार ने विधानसभा सत्र के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री से यह आग्रह भी किया कि कॉलेज में बी.एड, एम.सीए एवं एम.बीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम जल्द प्रारंभ किए जाए।

# विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण कार्यक्रम संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिला रतलाम के वार्ड क्रमांक 36 में विश्व जल दिवस के अवसर पर बावड़ी पूजन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद, ब्लॉक रतलाम के मार्गदर्शन में चयनित नवांकुर संस्था फकत नारी शिक्षण समिति द्वारा गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति, वार्ड 36 के माध्यम से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन कालिका माता मंदिर स्थित लक्ष्मी नारायण बावड़ी पर जल गंगा अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर बावड़ी का विधिवत पूजन कर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं ब्लॉक समन्वयक शैलेंद्र सिंह सोलंकी ने जल गंगा अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को जल बचाने एवं उसके सतत उपयोग हेतु शपथ भी दिलाई इस अवसर पर नवांकुर संस्था के सचिव योगेश जाट, समिति अध्यक्ष नरेंद्र श्रेष्ठ, सदस्य जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र श्रेष्ठ, प्रकाश ग्वालियर एवं हरीश चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## शहीद दिवस पर दशपुर जागृति संगठन प्रज्जवलित करेगा तीन मशालें

**मंदसौर।** देश की आजादी के महानायक शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस के अवसर पर 23 मार्च को दशपुर जागृति संगठन द्वारा स्थानीय गांधी चौराहे पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संगठन के मीडिया प्रभारी जयंत भावसार ने बताया कि सोमवार प्रातः 10.30 बजे तीन मशालें प्रज्वलित कर क्रांतिकारियों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस दौरान भगत सिंह के अंतिम पत्र का वाचन होगा और भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की शपथ ली जाएगी। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा और संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम ने बताया कि वे लंबे समय से क्रांति चौराहे का नाम इन शहीदों के नाम पर रखने की मांग कर रहे हैं। कार्यक्रम में कमल कोठारी, विनोद मेहता, बालू सिंह सिसोदिया, आर.सी. पांडे और अरुण गौड़ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# मंदसौर में 'आज की शाम-झूलेलाल के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



श्री झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री झूलेलाल धाम मंदिर प्रांगण स्थित सिंधु महल में शनिवार शाम को आज की शाम-झूलेलाल के नाम संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। जन्मोत्सव के दूसरे दिन आयोजित इस कार्यक्रम में सिंधी समाज की स्थानीय प्रतिभाओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समाजजन को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिंधु महल के उपाध्यक्ष नंदू आडवानी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को अपनी प्राचीन सनातन सिंधी संस्कृति और मातृभाषा से जोड़ना था। नन्हे कलाकारों ने भगवान झूलेलाल की महिमा के भजनों और संत कंवर राम के स्वरूप में सजकर मनमोहक नृत्य पेश किए, जिसकी वरिष्ठ जनों ने भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया।

सांस्कृतिक संध्या में मोनाल चंदानी, लक्षीत कोठारी, खुशी भरवानी, खनक भरवानी, फेरी कोठारी, निमांश, मयंक, गीवी दांवानी, लवेश, जाग्रव, दिविक, स्नेहा, जीविका, मानसी कोठारी, सागर सोनी, सहज अदवानी, शिवांश, मेहर, गिरीश जेसवानी, हदिक खत्री, सनेही दासवानी, प्रिया पमनानी, कृष्णा, यश कोटक, कृति मखीजा, रियांश राईसिंघानी, गुरुशी गुनानी, गरिमा वसंत, सहित कुल 40 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योगेश गोविन्दयानी म्यूजिकल पार्टी की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। सभी प्रतिभागी बच्चों को सिंधु महल परिवार द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान सिंधु महल के वासुदेव खेमानी, नंदू आडवानी, पुरुषोत्तम शिवानी, ताराचंद जैसवानी, गिरीश भगतानी, काऊ जजवानी, वासुदेव सेवानी, दयाराम जैसवानी, रमेश लवाणी और ब्रजलाल नैनवानी ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। आयोजन संचालन मंजू कोठारी, पार्षद भावना पमनानी, ज्योति ककनानी और लता लालवानी के सानिध्य में एंकर माला कोठारी, जीशा, हर्षा, लविना, रोमा, विशाखा, भूमि, निशा चंदवानी ने किया। अंत में आभार पूज्य सिंधी जनरल पंचायत अध्यक्ष वासुदेव सेवानी व कोषाध्यक्ष गिरीश भगतानी ने व्यक्त किया।

## माली समाज के युवक ने रास्ते में मिला गुम मोबाइल को लौटाया



पिपलिया मंडी। स्थानीय फूलमाली समाज के निवासी शेखर महावर ने रास्ते में मिले एक गुम महंगे मोबाइल को उसके मालिक को लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। इस कार्य के लिए उनकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। हुआ यह कि शनिवार को अपरान्ह शेखर महावर बाइक पर सवार होकर नीमच जिले में स्थित रातड़िया भेरू बावजी दर्शन करने गए थे, वहां से वापस लौटते समय हमेरिया गांव के नजदीक बीच सड़क पर उन्हें एक मोबाइल पड़ा दिखाई दिया। जिसे उठाकर उन्होंने अपने पास रख लिया। पिपलियमण्डी पहुंचकर शेखर महावर ने राह में मोबाइल मिलने की बात नमो ग्रुप के कमल देवड़ा को बताई। इस बीच जिसका मोबाइल गुम हुआ था, उन्होंने अन्य मोबाइल से उस पर कॉल किया तो शेखर महावर ने कॉल रिसीव कर उनसे खोए हुए मोबाइल के बारे में जरूरी जानकारी पता की और पिपलियमण्डी आकर उक्त मोबाइल ले जाने को कहा। इसके बाद रविवार को प्रातः 9 बजे हमेरिया ग्राम के रहने वाले रामप्रसाद नामक व्यक्ति पिपलियमण्डी पहुंचे। जहां टीलाखेड़ा स्थित बालाजी मंदिर के सामने नमो ग्रुप के सदस्यों की मौजूदगी में उक्त मोबाइल उनके सुपुर्द कर दिया गया।

# ईद पर मुस्लिम समाज ने अदा की नमाज, गले मिलकर दी मुबारकबाद






दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़

ईद-उल-फितर के मौके पर शनिवार को शिव पहाड़ी स्थित ईदगाह पर मुस्लिम समाज ने मिलकर ईद की नमाज अदा की। सभी लोगों ने नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। स्थानीय लोगों ने बातचीत में बताया कि एक महीने के रोजे रखने के बाद ईद का दिन आता है, इसलिए इसका इंतजार हर किसी को रहता है। ये दिन अल्लाह की तरफ से एक खास इनाम होता है। पूरे महीने सब्र, इबादत और खुदा की बंदगी करने के बाद ये खुशी का दिन नसीब होता है। यही वजह है कि लोग इसे बहुत प्यार और इज्जत के साथ मनाते हैं।

ईद पर नगर में कई जगह ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें पुराना बस स्टैंड स्थित रविदास मंदि के पास नगर सुरक्षा समिति के द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंडी अध्यक्ष राजमल सोनी द्वारा मुस्लिम समाज जनों को सरोफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनकर ईद की बधाई दी इस अवसर पर राणा रणजीत सिंह ,गौरीशंकर सूर्यवंशी,कैलाश मालवीय,प्रवीण सोनी,बाबू लाल सूर्यवंशी, मदन मारु आदि उपस्थित थे। नगर परिषद की तरफ से नगर परिषद चौराहे पर मुस्लिम समाजजनो का पुष्पमाला एवं सरोफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी,पार्षद ओमप्रकाश पालीवाल,कन्हैयालाल परमार, पार्षद विजयलक्ष्मी माली,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल, सरपंच अवतार सिंह गुर्जर,विकास शर्मा हरगनखेड़ी, कन्हैया लाल आदि द्वारा तथा भाजपा नेता कैलाश नारायण परिहार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सिद्धनाथ चौधरी द्वारा भी मुस्लिम समाज जनों का स्वागत किया गया, आर्य कंपलेक्स पर पार्षद दरबार सिंह आर्य , जिला पंचायत सदस्य लोकेंद्र सिंह, द्वारा मुस्लिम समाज जनों का पुष्पमाला एवं सरोफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया।मुस्लिम भाइयों ने हिंदू भाइयों को एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर भी हिंदू, मुस्लिम एकता की मिशाल देखने को मिली जहा मुस्लिम समाज जनों ने हिंदू भाइयों को ईद की बधाई दी।

### मक्सी

ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर मक्सी स्थित ईदगाह पहुँच कर मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर और कांग्रेस परिवार के साथीगण मौजूद रहे। इस मौके पर सभी के जीवन में अमन, चैन और सुख-समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### बिछड़ौद

मुकद्दस महीना रमजान गुजरने के बाद शनिवार को शहर में प्रेम, भाईचारा का पर्व ईद-उल-फितर हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार वार की रात चांद दिखने के बाद से ही ईद को लेकर मुबारकबाद देने का दौर शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह 9 बजे मुफ्ती हासिम मजाहिरी ने नमाज पढ़ाई वहीं सैकड़ों समाजजन ने एक साथ ईद की नमाज ईदगाह में अदा की गई। अमन-चैन व सब के लिए खुशियां एवं देश की तरक्की की दुआ मांगी गई। नगर सहित आस पास के गाँवों के मुस्लिम समाजनो ने भी ईद की नमाज ईदगाह मे अदा की। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर और मुसाफा कर के मुबारकबाद दी वहीं एक - दुसरे के घर जाकर फैनी और सिवाईया खाई। इस मौके पर घटिया का प्रशासनिक बल मौजुद रहो जानकारी जसीम रंगरेज ने दी।



### ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पवित्र रमजान माह के बाद आज ईद उल फितर का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुठालिया बायपास स्थित ईदगाह स्थल पर इस्लाम के जानकारों द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई सभी समाजजनों ने देश में अमन चैन की दुआएं की नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, यह सिलसिला पूरे उत्साह के साथ दिनभर नजर आया, ईद आपस में भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्यौहार है ईद का त्यौहार हमें सहनशील और चरित्रवान रहकर मानवता के लिए कार्य करने का संदेश देता है।

### सुसनेर

मुस्लिम समुदाय के पवित्र पर्व ईद के अवसर पर नगर के ईदगाह में सुबह से ही उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज शहर काजी नवाब साहब द्वारा अदा करवाई गई। नमाज के बाद ईदगाह परिसर में एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हुआ। जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश प्रसारित हुआ। इस अवसर पर अशोक कंठाली परिवार एवं नगर प्परिषद की ओर से समाजजनों का स्वागत कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाई देते हुए आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्षद प्रदीप सोनी, राकेश कानूडिया, राणा चितरंजन सिंह, बाबूलाल बंसिया, अर्जुन सिंह गोपालपुरा, कालूसिंह नाहरखेड़ा, चतुर्भुज भूतड़ा सहित भाजपा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से एसडीएम किरण वरवड़े, तहसीलदार रामेश्वर दागी, सीएमओ ओ.पी. नागर एवं थाना प्रभारी अक्षय सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने सभी को ईद की शुभकामनाएं दीं। ईद के इस पावन अवसर पर पूरे नगर में हर्ष और उल्लास का वातावरण बना रहा तथा लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा कीं।

### तनोडिया

पवित्र रमजान माह की इबादतों और रोजों की मुकम्मल अदायगी के बाद शनिवार को नगर में ईद उल फितर का त्योहार अत्यंत अकीदत, जोश और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही नगर में त्योहार की रौनक देखते ही बन रही थी। बच्चे नए कपड़ों में खुश नजर आए तो बुजुर्गों और युवाओं में भी खास उत्साह दिखाई दिया। सुबह 8.30 बजे स्थानीय जामा मस्जिद मस्जिद चौक पर मुस्लिम समाजजन बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। यहां से आलीम रियाज उद्दीन की अगुवाई में एक अनुशासित और गरिमामय जुलूस आगर रोड पर स्थित ईदगाह के लिए रवाना हुआ। रास्ते में जगह-जगह समाज के लोगों एवं हिन्दू भाईयों द्वारा गुलपोशी कर तथा फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। पूरा वातावरण ईद मुबारक की शुभकामनाओं और आपसी प्रेम से सराबोर दिखाई दिया। ईदगाह पहुंचने के पश्चात आलीम रियाज उद्दीन ने अपने प्रभावशाली बयान में कहा कि ईद-उल-फितर केवल खुशी का त्योहार नहीं, बल्कि यह आत्मशुद्धि, संयम, त्याग और जरूरतमंदों की सहायता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने वतन के प्रति सच्ची निष्ठा और ईमानदारी रखते हुए उसकी तरक्की, खुशहाली और शांति के लिए हमेशा दुआ करनी चाहिए। वहीं उन्होंने समाजजनों को याद दिलाया कि ईद से पहले सदका और जकात अदा करना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि समाज का कोई भी गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति ईद की खुशियों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि असली ईद वही है, जब हर घर में मुस्कान हो और हर दिल में सुकून हो। वहीं काजी ने रमजान माह और ईद के अवसर पर नगर में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए पुलिस प्रशासन, ग्राम पंचायत एवं विद्युत विभाग का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और समाज के सहयोग से ही ऐसे पावन पर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न होते हैं। इस अवसर पर सदर आरीफ मुल्तानी ने समाज के समक्ष वर्षभर की गतिविधियों, सामाजिक कार्यों एवं आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज की एकता और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया।

### खाचरोद

नगर में प्रातः 8 बजे मुस्लिम समाज का चल समारोह ईद की नमाज के लिए ईदगाह की ओर बैंडवाजे के साथ निकला। चल समारोह में मुस्लिम समाज के काजीजी जीप पर सवार होकर नगर से निकले। चल समारोह का स्वागत पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष गोविद भरावा एवं पार्षदगणों द्वारा किया गया।ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी गई। बच्चों ने घर घर जाकर मीठी ईद पर सेवइयां खाई।



## ब्राह्मण समाज ने महर्षि गौतम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

**ब्यावरा।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज राजगढ़ जिले के ब्यावरा में अपने आराध्य महर्षि गौतम का जन्मोत्सव गौतम जयंती बड़े धूमधाम से मनाया श्रीमती रश्मि जोशी को पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर एवं केशव शर्मा को नगर सभा अध्यक्ष बनने पर समाजन ने बधाई दी गौतम जयंती पर गौतम आश्रम में विश्व कल्याण शांति के लिए हवन पूजन किया विशाल शोभायात्रा में बड़ी संख्या में पुरूष एवं मातृशक्ति उत्साह उमंग से शामिल हुए मेधावी बच्चों का सम्मान ट्रस्ट अध्यक्ष अखिलेश जोशी, श्याम सुंदर शर्मा, रतन लाल शर्मा, केशव शर्मा,आशीष उपाध्याय, नरेंद्र शर्मा, गिरीश शर्मा, रितेश उपाध्याय, स्वप्निल उपाध्याय, दीपेंद्र तिवारी, ललित शर्मा द्वारा किया गया जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि जोशी वरिष्ठ समाजसेवी मातृशक्ति श्रीमती अनीता उपाध्याय एवं प्रो. इंदिरा सांकवा हेमलता शर्मा, मोनिका शर्मा का स्वागत नगर अध्यक्ष सरिता शर्मा एवं महिला मंडल ने किया आयोजन का मुख्य आकर्षण नगर उपाध्यक्ष किरण उपाध्याय द्वारा निर्देशित नौ दैवियों के रूप में मातृशक्तियों की प्रस्तुति थी प्रातः युवाओं द्वारा वाहन रैली भी निकाली गई जिला अध्यक्ष रश्मि जोशी ने सभी सहयोगी समर्पित समाजजन को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी।

## अनुदेश, पर्यवेक्षक, संविदा शिक्षक वर्ग-3 के सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी गठित की



**ब्यावरा।** जनपद पंचायत राजगढ़ परिसर मे स्थित शिवालय मंदिर में 17 वर्षों से प्रयासरत अनुदेश, पर्यवेक्षक, गुरुजी से नवनियुक्त संविदा शिक्षक वर्ग-3 के 73 सदस्यों ने बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी गठित कर सर्वसहमति से नियुक्त पदाधिकारी को मनोनीत किया उक्त मीटिंग में सभी के समक्ष आनंद करपे के अनुमोदन उपरांत अध्यक्ष पद पर सतीश कुमार सक्सेन ,उपाध्याय अनिल कुमार व्यास, उपाध्यक्ष रामचरण चौहान, कोषाध्यक्ष बद्रीलाल मेरोठा, सचिव जसवंत सिंह चौहान, सहसचिव कमल सिंह परमार , मीडिया प्रभारी कांता प्रसाद कारपेंटर एवं कार्यकारिणी सदस्य भगवान सिंह चौहान, सत्यनारायण पुष्पद, रामलाल गुर्जर, हरिओम पिपलोटिया, मनोज कुसुम, दयाल सिंह यादव, विष्णु , जगदीश दांगी, मदन सिंह चौहान, ओम प्रकाश सौंधिया , किशोर कुमार नागर आदि का गठन किया। नवगठित पदाधिकारियो का गोविन्द कुमार वर्मा, रामबाबू वैष्णव, रामलाल गुर्जर, बालू सिंह सेन, राजेंद्र कुसुम, भगवान सिंह चौहान, लक्ष्मी नारायण दांगी, भंवर सिंह हाड़ा, प्रेम सिंह तोमर, रामचरण दांगी, चंदरसिंह चौहान, मदनसिंह चौहान, तरवरसिंह मंडलोई, आदि ने स्वागत व आभार व्यक्त किया।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गणगौर पर्व

## महिलाओं ने घर-घर व मंदिरों में की पूजा-अर्चना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

नगर सहित आसपास के क्षेत्र में परंपरागत आस्था और उल्लास के साथ गणगौर पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने घरों तथा मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से गणगौर माता की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा अखंड सौभाग्य की कामना की।



गणगौर पर्व हिंदू संस्कृति का एक महत्वपूर्ण उत्सव माना जाता है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। इस पर्व में माता पार्वती (गौरी) और भगवान शिव की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता गौरी ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था, इसलिए महिलाएं इस दिन माता गौरी की पूजा कर अपने दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करती हैं। अविवाहित युवतियां भी अच्छे वर की कामना के साथ श्रद्धा भाव से गणगौर माता का पूजन करती हैं।

नगर में प्रातःकाल से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने समूह बनाकर घर-घर जाकर तथा मंदिरों में पहुंचकर गणगौर माता की पूजा की। कई स्थानों पर महिलाओं ने लोकगीत गाते हुए पूजा-अर्चना की, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

महिलाओं ने गणगौर माता को श्रृंगार सामग्री, फूल-माला, फल और प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान कई स्थानों पर सामूहिक पूजा भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। गणगौर पर्व के अवसर पर नगर में श्रद्धा, परंपरा और सांस्कृतिक उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला। इस आयोजन ने भारतीय संस्कृति में नारी आस्था और पारिवारिक मूल्यों की झलक प्रस्तुत की।

## ट्रैक्टर- बाइक की भिड़ंत में दो युवक गंभीर घायल

**सुसनेर।** जीरापुर रोड स्थित भेरू महाराज मंदिर के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में हाफीज समीर मेवाती (31 वर्ष) निवासी बांसखेड़ा एवं आरिफ खान पिता हमीद खान (34 वर्ष) निवासी गैलान गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सड़क से उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और निजी वाहनों की सहायता से तत्काल सिविल अस्पताल सुसनेर पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीलम जैन द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई थी जिसके चलते उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल आगर रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अक्षय बेस पुलिस जवान के साथ मौके पर पहुचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर कर दिया है।



## महिला मंडल ने फूलपाती निकाली, गणगौर पर्व पर उमड़ा उत्साह

**सुसनेर।** महिला मंडल द्वारा शुक्रवार को गणगौर पर्व के अवसर पर भव्य फूलपाती शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नवनी बस स्टैंड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से ढोल-ढमाकों के साथ हुआ। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पांच पुलिया, पुराना बस स्टैंड, हाथी दरवाजा एवं स्टेट बैंक चौराहा से होकर सराफा बाजार पहुंची जहां विधि-विधान के साथ समापन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर गणगौर माता की पूजा-अर्चना की और भक्ति गीतों पर झूमते हुए यात्रा को आकर्षक बनाया। गणगौर पर्व महिलाओं द्वारा पति की लंबी आयु एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। शीतला सप्तमी से प्रारंभ होने वाला यह पर्व नवरात्रि की तीज तक चलता है। सदियों पुरानी इस परंपरा को आज भी समाज की महिलाएं पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ निभा रही हैं, जिसमें नई पीढ़ी भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। आज महिलाए व्रत रखकर पूजा करेंगी।

## शर्मा देवनारायण गौशाला के व्यवस्थापक मनोनीत



**कानड़।** अखिल भारतीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय महासचिव एवं समाज सेवी,भाजपा कार्यकर्ता मनीष शर्मा को नगर की श्री देवनारायण गौशाला के अध्यक्ष कन्हैयालाल परमार द्वारा देवनारायण गौशाला का व्यवस्थापक मनोनीत किया गया। गौशाला के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा उनसे निस्वार्थ भाव से गौ सेवा का कार्य करने की अपेक्षा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

## पंचवेली ट्रेन में चढ़ते समय युवक फिसला, पैर कटने से गंभीर घायल

**शुजालपुर।** शहर के रेलवे स्टेशन पर एक गंभीर हादसा हो गया। पंचवेली यात्री ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक युवक का पैर फि सल गया, जिससे उसका दायां पैर घुटने के नीचे से कटकर अलग हो गया। घटना के बाद स्टेशन परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान पांढूर्णा निवासी श्रीधर पिता रामकिशन के रूप में हुई है। वह अपने कुछ साथियों के साथ बैतूल की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन में चढ़ते समय संतुलन बिगड़ने से वह गिर पड़ा और हादसे का शिकार हो गया।

## विश्व शांति एवं जनकल्याण हेतु चंबल से महाकाल तक पदयात्रा

### ब्यावरा में नौवा पड़ाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

विश्व शांति एवं जनकल्याण के पावन उद्देश्य से महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 अनिरुद्धवन महाराज के सानिध्य में धूमेश्वर धाम से लेकर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग उज्जैन तक विशाल पदयात्रा की जा रही जिसका नौवां पड़ाव ब्यावरा रहा है। यह यात्रा मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में भितरवार के पास सिंध और पार्वती नदी के संगम पर स्थित एक प्राचीन सिद्धपीठ है। डबरा से लगभग 27 किमी दूर स्थित यह मंदिर, अपनी स्वयंभू शिवलिंग नदी से निकली पिंडी और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, जिसे मान्यता अनुसार ओरछा के राजा वीर सिंह ने एक ही रात में बनवाया था। ये भितरवार के पास स्थित धूमेश्वर धाम से प्रारंभ हुई है और प्रतिदिन श्रद्धालुओं के उत्साह के साथ आगे बढ़ रही है।



शुक्रवार रात पदयात्रा का नवां पड़ाव मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा में स्थित मानस हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रात्रि विश्राम किया।

इस दौरान दंदरौआ सरकार के मुख्य महंत महामंडलेश्वर संत रामदास महाराज का आगमन हुआ। उन्होंने पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को झाड़ा लगाकर आशीर्वाद दिया तथा रामधुन के माध्यम से उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। उनके प्रवचन के दौरान संतों की महिमा, परोपकार एवं जीवन के चक्र को समझाने वाले उपदेशों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। महंत संत रामदास महाराज ने पर्वत, नदी, धरती, वृक्ष एवं संतों को प्रकृति का वह स्वरूप बताया जो सदैव परहित के लिए कार्यरत रहता है। उन्होंने कहा कि संत वही है जो स्वयं चलकर समाज कल्याण का कार्य करे और जनमानस को सही मार्ग दिखाए। यह पदयात्रा भी उसी परंपरा का जीवंत उदाहरण है,जो विश्व शांति, जनकल्याण और सनातन धर्म के ध्वज को ऊँचा रखने के उद्देश्य से निकाली गई है। दंदरौआ धाम मध्य प्रदेश के भिंड जिले मेहगांव में स्थित एक प्रसिद्ध और चमत्कारिक हनुमान मंदिर है, जिसे 'डॉक्टर हनुमान' धाम के रूप में जाना जाता है। यहाँ हनुमान जी की गोपी वेश धारी प्रतिमा है। मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से पूजा और नारियल चढ़ाने से असाध्य शारीरिक व मानसिक रोग दूर होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती।

### 25 मार्च का उज्जैन पहुँचेगी यात्रा

कार्यक्रम के दौरान मंडलेश्वर अनिरुद्धवन महाराज ने बताया कि पदयात्रा 25 मार्च को पवित्र स्थल उज्जैन पहुंचेगी, जहाँ महाकाल के दर्शन के साथ इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होकर आनंदमयी अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। हर कदम पर भगवान का स्मरण होने से मानसिक शांति मिलती है और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह यात्रा अत्यंत लाभकारी है। शनिवार सुबह पदयात्री ब्यावरा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुई उज्जैन की ओर प्रस्थान किया।



भारत के नीति निर्माता उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सड़कें, हवाई अड्डे, बंदरगाह और लॉजिस्टिक कॉरिडोर जैसे बुनियादी ढांचों में निवेश तेजी से हो रहा है। एक कुशल परिवहन नेटवर्क आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा और घरेलू अर्थव्यवस्था के विस्तार में मदद करेगा।

# आर्थिक गति बनी रही तो 2047 तक समृद्ध राष्ट्र बन सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत को दुनिया एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देख रही है। 2047 में अपनी आजादी के 100 साल पूरा करने पर देश एक समृद्ध राष्ट्र बन सकता है। यह दावा वाशिंगटन एक्सामिनर की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो दशक में भारत ने मजबूत आर्थिक वृद्धि दर्ज की है।

2003 से अब तक भारतीय अर्थव्यवस्था ने औसतन 7 फीसदी से अधिक वार्षिक वृद्धि दर हासिल की है। अगर यह आर्थिक गति अगले 20 साल तक बनी रहती है तो भारत उच्च-आय श्रेणी को पार कर सकता है। 2025 की कीमतों पर प्रति व्यक्ति जीडीपी 15,000 डॉलर के पार निकल सकती है। लगातार इस स्तर पर वृद्धि करने से भारत मध्य-आय के जाल यानी मध्य आय वर्ग से बाहर निकलने में सफल हो सकता है। ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाएं इस जाल में उलझकर रह गई हैं।



## भारत की वृद्धि के प्रमुख कारण

भारत की आर्थिक संभावनाओं को कई सकारात्मक बातों से समर्थन मिल रहा है। इसमें सरकार की प्रगतिशील नीतियां, जनसांख्यिकीय ताकत और बढ़ता हुआ तकनीकी आधार है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है। इसकी औसत आयु लगभग 28 साल है। यह अमेरिका और चीन के मुकाबले काफी कम है। आने वाले दशक में बड़ी संख्या में युवा श्रम बाजार में प्रवेश करेंगे। इससे उत्पादकता में वृद्धि होगी और उपभोक्ता मांग बढ़ेगी। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति घरेलू बाजार को मजबूत करेगी और भारत को निर्यात पर कम निर्भर रहना पड़ेगा।

## बुनियादी ढांचे में निवेश

भारत के नीति निमार्ता उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सड़कें, हवाई अड्डे, बंदरगाह और लॉजिस्टिक कॉरिडोर जैसे बुनियादी ढांचों में निवेश तेजी से हो रहा है। एक कुशल परिवहन नेटवर्क आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा और घरेलू अर्थव्यवस्था के विस्तार में मदद करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव भी भारत के पक्ष में जा रहा है। अमेरिकी कंपनियां चीन से अपना कारोबार बाहर निकाल रही हैं। एपल जैसी बड़ी कंपनियां भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हैं। इससे पूंजी और तकनीक के साथ विशेषज्ञता भारत में आ रही है। ये उत्पादकता और नवाचार को बढ़ा सकती है।

## भारत की डिजिटल ताकत

भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा भी इसकी वृद्धि में अहम भूमिका निभा रहा है। नागरिक पहचान प्रणालियां, मोबाइल भुगतान और ऑनलाइन सार्वजनिक सेवाएं लाखों लोगों को अर्थव्यवस्था से जोड़ने में मदद कर रही हैं। यह डिजिटल दक्षता को बढ़ा रहा है। कर राजस्व में सुधार हो रहा है और छोटे व्यवसायों को फंडिंग मजबूत हो रही है।

## स्टार्टअप इकोसिस्टम से बड़े बदलाव

भारत का बढ़ता स्टार्टअप इकोसिस्टम एक बड़ी ताकत है। ये नई टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नए प्रयोगों को बढ़ावा दे रही है। ये विकास भारत को उच्च मूल्य वाली चीजों की ओर ले जा रहे हैं।

# 23 मार्च से शुरू होगा खनिज नीलामी का 7वां चरण, 19 ब्लॉक पर लगेगी बोली



पूरी दुनिया अब क्लीन एनर्जी और एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही है। वैश्विक सप्लाई चेन में हो रही उथल-पुथल को देखते हुए भारत ने अपनी कमर कस ली है।सरकार अब तक खनिजों की नीलामी के छह सफल दौर पूरे कर चुकी है। इन चरणों में अब तक कुल 46 क्रिटिकल खनिज ब्लॉक बेचे जा चुके हैं।

**नई दिल्ली।** भारत अपनी खनिज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। केंद्र सरकार 23 मार्च को देश के खनिजों की नीलामी का सातवां चरण लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बार कुल 19 खनिज ब्लॉक्स की बोली लगाई जाएगी। यह सभी ब्लॉक्स अलग-अलग राज्यों में फैले हुए हैं। भारत सरकार ने बोली लगाने वाली कंपनियों को न्यौता दे दिया है।

## 46 ब्लॉक्स का सफल दांव

खनन मंत्रालय के अनुसार, सरकार अब तक खनिजों की नीलामी के छह सफल दौर पूरे कर चुकी है। इन चरणों में अब तक कुल 46 क्रिटिकल खनिज ब्लॉक बेचे जा चुके हैं। इसी बढ़ती रफ्तार को बरकरार रखते हुए सातवें चरण में 19 ब्लॉक्स को माइनिंग लीज पर देने की तैयारी की जा रही है।

## नीलामी की कमान दिग्गजों के हाथ

नीलामी के दौरान, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मौजूद रहेंगे। मंत्रालय का मानना है कि इन खनिजों की उपलब्धता भारत को न केवल तकनीक के क्षेत्र में आगे ले जाएगी,बल्कि रणनीतिक क्षेत्रों में भी देश को मजबूत करेगी।

## क्यों खास है यह नीलामी?

बता दें कि पूरी दुनिया अब क्लीन एनर्जी और एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही है। वैश्विक सप्लाई चेन में हो रही उथल-पुथल को देखते हुए भारत ने अपनी कमर कस ली है। इस नीलामी का मुख्य उद्देश्य लिथियम, ग्रेफाइट, दुर्लभ पृथ्वी तत्व, टंगस्टन, वैनेडियम और टाइटेनियम जैसे खनिजों के लिए आयात पर निर्भरता कम करना है। ये वही खनिज हैं जो स्मार्टफोन की बैटरी से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक में 'बैकबोन' का काम करते हैं।

# चार महीने में भारत शुरू करेगा घरेलू कार्बन ट्रेडिंग: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** भारत अगले चार महीनों में घरेलू कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग शुरू करेगा। यह घोषणा शनिवार, 21 मार्च को केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने की। यह कदम देश के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और जलवायु संबंधी कार्यों के लिए आर्थिक ढांचा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

भारत बिजली शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान मंत्री ने कहा कि अगले चार महीने में देश में कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में भाग लेने के लिए सभी संबंधित पक्षों को पहले पंजीकरण कराना होगा। कार्बन बाजार उत्सर्जन को संतुलित करने का एक तंत्र होगा। जिन कंपनियों के पास कार्बन प्रमाणपत्र होंगे वो उन्हें बेच सकेंगे। जिनके पास नहीं होंगे वो खरीद सकेंगे, ताकि वे अपने दायित्वों को पूरा कर सकें।



2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को देखते हुए जलवायु परिवर्तन पर तत्काल कदम उठाना आवश्यक है। भारत ने पेरिस समझौते के तहत 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है।

## 490 संस्थाओं के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लक्ष्य तय

मनोहरलाल ने कहा, 2026 से 490 संस्थाओं के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लक्ष्य तय किए गए हैं। उन्हें अपने कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। इस कार्बन बाजार से उन्हें लचीलापन और आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा। पहले से चल रही पैट योजना के जरिए लगभग 11 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है और ऊर्जा दक्षता में सुधार हुआ है। इसके अलावा देश में 20 करोड़ स्मार्ट मीटर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो पूरी दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा।




पीएसएल अब पश्चिम एशिया संकट के कारण बिना दर्शकों के केवल लाहौर और कराची में खेली जाएगा। वहीं, आईपीएल में जाने वाले खिलाड़ियों पर पीसीबी ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# न दर्शक, न सितारे: पीसीबी की हालत खराब, कैसे कराएं पीएसएल? आईपीएल की चमक से फीका पड़ा रंग

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को लेकर बड़ा फैसला लिया है। पश्चिम एशिया संकट के कारण बने मौजूदा हालातों को देखते हुए इस बार पूरा टूनार्मेंट खाली स्टेडियमों यानी बिना दर्शकों के खेला जाएगा। इसके साथ ही लीग को अब सिर्फ दो शहरों में कराया जाएगा। इनमें लाहौर और कराची शामिल हैं।



## सिर्फ दो शहरों में मैच, दर्शकों की एंट्री पर रोक

पीसीबी प्रुमख मोहसिन ने बताया कि यह फैसला पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और तेल आपूर्ति प्रभावित होने के कारण लिया गया है। खास तौर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बाधा के चलते पाकिस्तान में ईंधन संकट गहराया है।

- सभी मैच अब सिर्फ लाहौर और कराची में होंगे।
- पहले तय छह शहरों की बजाय दो शहरों तक सीमित।
- ओपनिंग सेरेमनी रद्द।
- स्टेडियम पूरी तरह खाली रहेंगे।
- पहले खरीदे गए टिकटों का रिफंड दिया जाएगा।

सरकार ने लोगों से यात्रा सीमित करने की अपील की है, स्कूल बंद हैं और वर्क फ्रॉम होम लागू है। ऐसे में पीसीबी ने भीड़ जुटाने से बचने का निर्णय लिया। हालांकि, पीसीबी ने यह भी कहा कि अगर हालात सुधरते हैं, तो टूनार्मेंट के अंतिम चरण में दर्शकों को अनुमति दी जा सकती है।

## फ्रेंचाइजी को मुआवजा, अन्य शहरों को आश्वासन

दर्शकों के न आने से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पीसीबी फ्रेंचाइजी टीमों को मुआवजा देगा। वहीं, पहले से टिकट खरीदने वाले फैंस को पैसा लौटाया जाएगा। पेशावर जैसे शहरों को इस बार मैच नहीं मिल पाएंगे, लेकिन पीसीबी ने वादा किया है कि अगले साल ज्यादा शहरों को मौका दिया जाएगा।

## आईपीएल जाने वाले खिलाड़ियों पर पीसीबी का कड़ा रुख

दूसरा बड़ा मुद्दा उन खिलाड़ियों का है जिन्होंने पीएसएल छोड़कर भारत की प्रतिष्ठित टी20 लीग आईपीएल में खेलने का फैसला किया। ब्लेसिंग मुजरबानी और दासुन शनाका जैसे खिलाड़ियों ने आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद पीएसल से नाम वापस ले लिया है, जबकि गुडाकेश मोटी, जैक-फ्रेजर मैकगर्क, ओटनील बार्टमैन और स्पेंसर जॉनसन भी टूनार्मेंट से बाहर हो चुके हैं।

पीसीबी ने चेतावनी दी है कि ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ कॉन्ट्रैक्ट नियमों के तहत कार्रवाई होगी। पिछले साल कॉर्बिन बॉश को इसी वजह से एक साल के लिए बैन किया गया था। इस बार भी वैसी ही सख्ती की जाएगी। पीसीबी का कहना है कि आईपीएल से टकराव कोई समस्या नहीं है, क्योंकि पीएसएल में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के अच्छे खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। यह टूनार्मेंट 26 मार्च से शुरू होकर तीन मई 2026 तक खेला जाएगा।

# क्या बांग्लादेश के साथ हो सकती है भारत की सीरीज?

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर 2026 में होने वाला आयरलैंड दौरा स्थगित कर दिया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, बोर्ड इस अवधि के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम की मेजबानी करने की योजना बना रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी के मुताबिक, जब भारत के साथ होने वाली सीरीज को 2025 से शिफ्ट कर सितंबर 2026 में किया गया था, उसी समय क्रिकेट आयरलैंड से नई तारीख देने का अनुरोध किया गया था। तब आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2026 में दौरे को आगे बढ़ाने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद दोनों बोर्ड आपसी सहमति से सीरीज को टालने पर सहमत हुए।

बांग्लादेश का आयरलैंड दौरा 2027 में किसी समय आयोजित किया जा सकता है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय क्रिकेट टीम तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए 28 अगस्त 2026 को बांग्लादेश पहुंच सकती है। वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को, जबकि टी20 मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को खेले जा सकते हैं।

# 2026-27 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का कार्यक्रम जारी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को 2026-27 के लिए कार्यक्रम जारी किया है। आठ महीनों की लंबी अवधि के दौरान 14 वेन्यू पर 27 मैच खेले जाएंगे। इसकी शुरूआत अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मुकाबलों से होगी और इसका समापन अगले साल मार्च में एमएसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक 150वीं वर्षगांठ टेस्ट मैच के साथ होगा।



**जनवरी में खेली जाएगी प्रतिष्ठित 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी':** 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी' के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज, जिसे कई ऑस्ट्रेलियाई दिग्गजों के लिए आखिरी बड़ी चुनौती माना जा रहा है, जनवरी के मध्य या अंत में शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम की पुष्टि नहीं की है। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख खिलाड़ी जैसे पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन अब तक भारत में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाए हैं, इसलिए यह दौरा उनके लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

**चार महीनों में ऑस्ट्रेलियाई टीम खेलेगी 10 टेस्ट:** भले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का कैलेंडर पुरुष और महिला टीमों के लिए सात महीनों तक फैला हुआ है, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के लिए यह कार्यक्रम बेहद चुनौतीपूर्ण है। पुरुष टीम को दिसंबर की शुरूआत से लेकर मार्च के मध्य तक सिर्फ 14 हफ्तों में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं, जो अब तक का सबसे कठिन और थकाऊ कार्यक्रम माना जा रहा है। अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ घर से बाहर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद, ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम अक्टूबर में साउथ अफ्रीका में तीन मैचों की बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज खेलेगी।

**भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम:** इसके बाद, ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए पांच मैच खेलेगी। जनवरी से मार्च 2027 तक चलने वाली यह सीरीज, मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में उनका आखिरी असाइनमेंट होगा, जिसमें पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम के लिए बहुत कुछ दांव पर होगा।

**महिला टीमों का कार्यक्रम:** इस बीच, ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम अक्तूबर में अपने ग्रीष्मकालीन सत्र की शुरूआत करेगी। ये टीम 9 से 22 अक्तूबर तक ऑस्ट्रेलियाई धरती पर बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय सीरीज की मेजबानी करेगी। इस सीरीज के सभी वनडे मैच ब्रिस्बेन में डे-नाइट फॉर्मेट में खेले जाएंगे, जबकि तीन टी20 मैच नॉर्थ सिडनी ओवल में फ्लडलाइट्स में आयोजित होंगे। ये वनडे मैच महिला वनडे चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे, जिससे महिला वनडे विश्व कप 2029 के लिए क्वालिफिकेशन और सीडिंग का निर्धारण होगा।

इसके बाद, सोफी मोलिनेक्स की अगुवाई वाली टीम अगले साल फरवरी में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जहां दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। वहीं, फर्न्स 21 फरवरी से 7 मार्च 2027 के बीच 6 मैच खेलेंगी।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### लोगों को काटने के आरोप में कुत्ते के बच्चे की डंडे से पीटकर हत्या कर दी



**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया इलाके में एक व्यक्ति ने कुत्ते के बच्चे की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पीपुल्स फॉर एनिमल्स की इंदौर की अध्यक्ष ने शनिवार रात थाने जाकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, पीपुल्स फॉर एनिमल्स की इंदौर अध्यक्ष प्रियांशु जैन की शिकायत पर शनिवार को मुकेश कुमावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, प्रियांशु ने एक वीडियो पुलिस को सौंपा था, जिसमें पेराडाइज कॉलोनी में मुकेश अपने साथी के साथ डंडे से एक कुत्ते के बच्चे को मार रहा है। मुकेश ने इलाके में यह आरोप लगाते हुए डॉगी पर हमला किया कि वह लोगों को काट रहा था। पुलिस के मुताबिक, घटना 19 मार्च की रात की है। हालांकि, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकेश के खिलाफ सीसीटीवी के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है और उसकी तलाश की जा रही है।

### युवती से छेड़छाड़, घर पहुंचकर मारपीट अन्नपूर्णा क्षेत्र में आरोपी पर एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर के अन्नपूर्णा क्षेत्र में एक शोरूम कर्मचारी युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय युवती की शिकायत पर ईशान पुत्र उमेश चौहान, निवासी गोपुर चौराहा क्षेत्र, के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी से पहले उसकी दोस्ती थी, लेकिन शादी के बाद उसने बातचीत बंद कर दी। इसके बावजूद आरोपी लगातार बात करने के लिए दबाव बनाता और आने-जाने के दौरान पीछा करता था। युवती के अनुसार आरोपी ने जरूरत के नाम पर उसकी सोने की अंगूठी और टॉप्स ले लिए थे, जिन्हें वह अब तक वापस नहीं कर रहा है। शनिवार रात आरोपी कार से युवती के घर पहुंचा और बाहर खड़े होकर अपशब्द कहने लगा। विरोध करने पर उसने युवती के साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर युवती की मां और भाई बाहर आए और बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता अपने परिवार के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### 4 साल की बच्ची की हादसे में मौत सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की भी मौत

**इंदौर।** इंदौर के तिलक नगर में एक सड़क हादसे में 4 साल की बच्ची की मौत हो गई। वह अपने घर से मामा और नानी के साथ ईद मनाने रिश्तेदार के घर जा रही थी। तभी रास्ते में बाइक स्लीप हो गई। बच्ची उसके मामा और नानी को घायल अवस्था में एमवाय लाया गया। लेकिन यहां बच्ची की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतिका 4 वर्षीय इकरा पुत्री इरफान शाह निवासी माणिकबाग है। वह अपने मामा सुफियान और नानी शबाना के साथ बाइक से शनिवार शाम खजराना की तरफ जा रही थी। तिलक नगर इलाके में उनकी बाइक स्लिप हो गई। हादसे के इकरा बाइक पर आगे बैठी थी। उसके सिर में चोट आई। सभी को एंबुलेंस से एमवाय भेजा गया। यहां पर इकरा की मौत हो गई। हादसे में घायल मामा सुफियान और नानी को बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिश्तेदारों ने बताया कि इकरा अपने मामा और नानी के पास ही रहती थी। उसके पिता और मां करीब 2 साल पहले अलग हो गए। इकरा के मामा फर्नीचर बनाने का काम करते है। वहीं नानी खाना बनाने का काम करती है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

इंदौर के लसूडिया में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस इस मामले मे जांच कर रही है। लसूडिया पुलिस के मुताबिक घटना लसूडिया के एबी रोड़ की है। पप्पू (58) पुत्र आशाराम मालवीय निवासी लसूडिया मोरी को सड़क पर घायल होने के चलते एमवाय में भर्ती कराया गया। यहां उनकी मौत हो गई। बेटे राजकुमार ने बताया कि वह विदिशा के रहने वाले हैं। पिता गांव में खेती देखने जाते रहते हैं। शनिवार को वह बस से इंदौर आ रहे थे। 6 बजे तक उन्होंने पहुंचने की बात कही थी। लेकिन देर शाम उनके मोबाइल पर कॉल किया तो पुलिस ने हादसे की जानकारी दी। राजकुमार लाड़ी का काम करते हैं। उनका एक भाई और है जो निजी कंपनी में काम करता है। पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है।

2606 लोकेशन पर 200% तक बढ़ोतरी पर सवाल, आमजन-वकीलों ने जताई आपत्ति

# इंदौर में नई कलेक्टर गाइडलाइन पर आई 500 आपत्तियां

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में प्रस्तावित नई कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर आमजन, वकीलों और रियल एस्टेट से जुड़े लोगों ने व्यापक आपत्तियां दर्ज कराई हैं। शनिवार को आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि तक करीब 500 आपत्तियां प्राप्त हो चुकी थीं।

इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित सड़क मार्गों के आसपास गाइडलाइन दरों में की गई बढ़ोतरी का विरोध प्रमुख रहा, जबकि शहरी क्षेत्र में पुरानी मल्टी (अपार्टमेंट) की दरें कम करने की मांग भी उठाई गई। आपत्तिकर्ताओं का कहना है कि समय के साथ अपार्टमेंट की स्थिति और सुविधाएं कम होती जाती हैं, इसलिए उनकी दरों में कटौती होनी चाहिए।

### 2606 लोकेशन पर 10 से 200 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में जिले की 2606 लोकेशन पर गाइडलाइन दरों में 10 से 200 प्रतिशत तक वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद से ही पंजीयन विशेषज्ञ, रियल एस्टेट कारोबारी और आम नागरिक अपनी-अपनी आपत्तियां दर्ज करा रहे थे। आपत्तियां पंजीयन कार्यालयों के अलावा ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से भी स्वीकार की गईं। वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजूला पटेल ने बताया कि प्राप्त सभी आपत्तियों का संकलन कर जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष रखा जाएगा। समिति की मंजूरी के बाद प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेजा जाएगा। संभावना है कि 24 मार्च को प्रस्ताव भोपाल भेज दिया जाएगा। शहर में सड़क आधारित गाइडलाइन दर वृद्धि को लेकर भी आपत्तियां सामने आई हैं। आपत्तिकर्ताओं का कहना है कि सभी सड़कों को एक समान मानकर दरें बढ़ाना उचित नहीं है। विशेष रूप से बायपास और रिंग रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग मानते हुए 100 प्रतिशत तक वृद्धि को अनुचित बताया गया है। लोगों ने मांग की है कि दरें सड़क की वास्तविक उपयोगिता और लोकेशन के आधार पर तय की जाएं।

## सांवेर रोड पर स्क्रैप गोदाम में आग लगी

### नरवल क्षेत्र में दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के सांवेर रोड स्थित नरवल क्षेत्र में रविवार सुबह एक स्क्रैप गोदाम में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

फायर ब्रिगेड अधिकारियों के अनुसार रविवार सुबह करीब 11 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद तत्काल दमकल दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

**प्लास्टिक स्क्रैप से फैला घना काला धुआं-** गोदाम में रखे प्लास्टिक स्क्रैप के कारण आग के साथ काफी धुआं फैल गया। आसपास के इलाके में काला धुआं फैलने से लोगों को परेशानी हुई। घटनास्थल के पास बने मजदूरों के क्वार्टर तक आग फैलने का खतरा बना रहा। एहतियात के तौर पर मजदूरों ने अपने घरों से सामान बाहर निकाल लिया। दमकल टीम ने आग को फैलने से रोकने के लिए क्वार्टर की ओर से भी पानी डाला। आग बुझाने का काम लगातार जारी रहा।

#### आग पर काबू पा लिया

बीजेपी नेता मासूम जयसवाल ने बताया कि साढ़े दस बजे सूचना मिली थी कि प्लास्टिक स्क्रैप गोदाम में आग लगी है। फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच गई थी और आग पर काबू पा लिया गया। रहवासी शंकर परमार के घर तक धुआं फैल गया था, जिसके कारण वे बाहर आ गए और घर का सामान खाली कर दिया। घर में धुआं भरने से दो-तीन महिलाओं को घबराहट हुई, लेकिन अब उनकी स्थिति सामान्य है। फायर ब्रिगेड के एसआई शिवनारायण शर्मा ने बताया कि नरवल में मोहम्मद इरफान के गोदाम में आग लगी थी। वहां कुछ कर्मचारी रहते हैं, जिन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया गया। आग पर काबू पा लिया गया है। गोदाम बंद था और आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। अब तक करीब 10 टैंकर पानी डाला जा चुका है।

सैकड़ों मरीजों की जान खतरे में

## सरकारी पीसी सेठी सहित 12 बड़े अस्पतालों में फायर सेफ्टी के बेसिक इंतजाम तक नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के 12 बड़े अस्पतालों में भर्ती मरीजों की जान खतरे में है, क्योंकि इनके पास आग बुझाने के बेसिक इंतजाम तक नहीं हैं। इनमें सरकारी पीसी सेठी अस्पताल भी शामिल है। इसका खुलासा एक आरटीआई से हुआ है।

बता दें कि हाल ही में इंदौर में एक भीषण अग्निकांड में 8 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो चुकी है। इसके बाद भी शहर के जिम्मेदार नहीं जाग रहे।

दरअसल, चर्चित शास्त्री नाम के एक एडवोकेट ने 100 बेड से ज्यादा क्षमता वाले अस्पतालों की फायर एनओसी की जानकारी मांगी थी। इसके जवाब में पता चला है कि कुछ अस्पतालों ने तो फायर सेफ्टी सिस्टम ही पूरा नहीं किया, जबकि कुछ ने सालों से एनओसी का नवीनीकरण नहीं कराया।

इंदौर में फायर सुरक्षा को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने औचक बैठक बुलाई, सभी अधिकारियों को तलब किया गया है। जी+3 श्रेणी की सभी मल्टी बिल्डिंग्स में फायर सेफ्टी की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

आरटीआई में हुए खुलासे को लेकर मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने इस पूरे मामले की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और सीएमएचओ पर डाल दी। उनका कहना है कि अस्पतालों की निगरानी और कार्रवाई की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है। वहीं सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी का कहना है कि पीसी सेठी अस्पताल को तब तक फायर एनओसी नहीं मिलेगी, जब तक वहां का अतिक्रमण नहीं हटाया जाता। सरकार अभी तक अतिक्रमण हटाने का मामला सुलझा नहीं पाई है। अतिक्रमण के कारण पीसी सेठी अस्पताल में वर्ष 2018 से फायर एनओसी की समस्या बनी हुई है। विभागीय स्तर पर इस संबंध में सभी जगह पत्राचार किया जा चुका है।

# अग्निकांड में कांग्रेस की जांच की मांग

### बिजली कंपनी-फायर ब्रिगेड की कार्यप्रणाली पर सवाल, कहा- अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का केस हो

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर





इंदौर में हुए भीषड़ अग्निकांड को लेकर अब कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने इस पूरे मामले में अब बिजली कंपनी के अधिकारियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कलेक्टर से हाईकमेटी गठित कर जांच की मांग की है। दरअसल, बिजली कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि घर में आग लगने की शुरूआत ईवी कार के चार्जिंग में शॉर्ट सर्किट से हुई है।

वहीं परिवार का दावा है कि उन्होंने उस रात कार को चार्जिंग पर ही नहीं लगाया था। ऐसे में कांग्रेस का कहना है कि बिजली कंपनी अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए ईवी कार पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

मप्र कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने के पीछे बिजली व्यवस्था की खामियां एक बड़ा कारण बनकर सामने आ रही हैं। क्षेत्र में बिजली के खंभों पर बेतरतीब तरीके से फैले इलेक्ट्रिक केबल के जाल, लगातार वोल्टेज फ्लक्चुएशन और अत्यधिक वोल्टेज के कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है।

यह स्थिति सीधे-सीधे बिजली विभाग की लापरवाही को दर्शाती है। हमने प्रदेश सरकार और इंदौर कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## हिंदू संगठनों ने युवक की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

### युवती के साथ मिला था, मोबाइल में आपत्तिजनक फोटो-वीडियो मिलने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के आजाद नगर में हिंदू संगठनों ने शनिवार रात हंगामा कर दिया। यहां एक युवती के साथ शिप्रा के एक युवक को पकड़ा गया। संगठन के लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की, बाद में उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

आजाद नगर पुलिस ने धन्ना सेठ उर्फ रूहाब शाह, निवासी शिप्रा, पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक इलाके में हिंदूवादी संगठन और कुछ वकीलों ने युवती के साथ इलाके में धन्ना को पकड़ा था।

रहवासियों ने यहां काफी देर तक हंगामा किया। बाद में हिंदूवादियों ने धन्ना को पुलिस के हवाले कर दिया। उनका आरोप था कि धन्ना के मोबाइल में आपत्तिजनक सामग्री मिली है और वह हिंदू युवतियों को अपना शिकार बनाता है। यहां लोगों ने युवती के साथ भी मारपीट की।

थाने में युवती को भी पूछताछ के लिए लाया गया। पुलिस अधिकारियों ने उससे एफआईआर को लेकर बात की, लेकिन उसने शिकायत करने से इनकार कर दिया। उसने बताया कि वह धन्ना को कई सालों से जानती है। रात में हंगामे को देखते हुए पुलिस ने धन्ना को थाने में ही रखा। वहीं शिप्रा पुलिस से भी उसकी जानकारी मंगाई जा रही है।

**थाने के घेराव की चेतावनी-** इस मामले में हिंदूवादी युवकों और वकीलों ने आजाद नगर थाने का घेराव करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि धन्ना लंबे समय से इलाके में आता-जाता रहा है और उसके साथ कुछ अन्य युवक भी रहते हैं। उस पर पहले से शादीशुदा होने का आरोप भी लगाया गया है। हालांकि युवती द्वारा शिकायत नहीं करने के चलते पुलिस ने केवल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

बीच शहर में ट्रक कटिंग

## कंजर गिरोह ने तिरपाल काट 18 लाख के मोबाइल चुराए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

हाईवे पर चलते ट्रकों से कटिंग कर माल उड़ाने वाले गिरोह ने पहली बार शहर में वारदात को अंजाम दिया। ट्रक कटिंग गिरोह के सदस्यों ने सरेराह मालवा मिल से राजकुमार ब्रिज पर चलते लोडिंग वाहन की तिरपाल काटकर 18 लाख रुपए से ज्यादा के मोबाइल चुरा लिए।

आरोपियों ने तिरपाल काट मोबाइल के बॉक्स सड़क पर फेंक दिए। फिर पीछे चल रहे गिरोह के अन्य लोग मोबाइल के बॉक्स उठाकर बाइक से भाग गए। घटना सीसीटीवी में दर्ज हुई। मामले में फरियादी 9 दिनों से थाने व पुलिस चौकी के चक्कर काटता रहा। वारदात के फुटेज भी वह खुद निकालकर लाया। इसके बाद भी थाने व चौकी से सुनवाई नहीं हुई तो वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। तब जाकर शनिवार को तुकोगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई। एडिशनल डीसीपी जोन-3 रामस्नेही मिश्रा ने बताया कि लोडिंग वाहन से तिरपाल काटकर 18 लाख के मोबाइल चोरी की घटना चितरंजन शर्मा, कुरियर सर्विस मालवा मिल के साथ हुई। शर्मा ने बताया 11 मार्च को उन्होंने श्री भवानी कार्गो के माध्यम से ड्राइवर पंकज गोस्वामी के जरिए वीवो कंपनी के मोबाइल का एक कंसाइनमेंट लोडिंग वाहन से ओरिडन एक्सप्रेस स्कीम 114 सुल्तानपुर, भोपाल के लिए रवाना किया था।

घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर प्रशासन सख्त

## 3.63 लाख सिलेंडरों की होम डिलीवरी, 300 सिलेंडर जब्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशों के बाद पिछले 10 दिनों में खाद्य और आपूर्ति विभाग ने 92 प्रकरण दर्ज कर 300 से अधिक सिलेंडर जब्त किए हैं। वहीं आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करते हुए रिकॉर्ड 3.63 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी कराई गई है।

गैस की कृत्रिम कमी बताकर की जा रही कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन लगातार छापामार कार्रवाई कर रहा है। इसके लिए स्पेशल टीम लगाकर फुटकर व्यापारियों और अवैध रूप से सिलेंडर बेचने वालों पर नजर रखी जा रही है। रेसीडेंसी कोठी में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं के हक पर डाका डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने तेल कंपनियों इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों को आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। सामान्यतः 10 दिनों में जिले में करीब 2.60 लाख घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी होती थी, लेकिन इस बार रिकॉर्ड 3.63 लाख सिलेंडर वितरित किए गए।

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

E-WASTE
REDUCE REUSE RECYCLE
E-WASTE MANAGEMENT
VIRAD IMPEX
105, DR. AMBEDKAR MNAGAR, NEAR ESIC HOSPITAL, INDORE
MOBLE 9752444400

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com